वर्ष 73 अंक 291 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 19 जुलाई, 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत् 2083
नगर ▪▪ मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com

# दैनिक जागरण रविवारीय

24X7 ताजी खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें






## जापान ओपनः विमन्स फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनीं सिंधु

**ओलंपिक चैंपियन युफेई को हराकर पहुंची खिताबी मुकाबले में**

**टोक्यो, जेएनएन।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु का जापान ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी है। शनिवार को विमेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में सिंधु ने चीन की चेन युफेई को 21-19, 15-10 से हराया। पीवी सिंधु इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी भी बन गई हैं। इससे पहले रमेश कृष्णन, लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना जापान ओपन के पुरुष सिंगल्स ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# अनशन के 21वें दिन वांगचुक को उठा कर अस्पताल ले गई पुलिस

## स्वास्थ्य पर विवादः पोटैशियम लेवल व इलाज पर अस्पताल और निजी डॉक्टरों की राय जुदा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर बीते 21 दिनों से भूख हड़ताल कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षा सुधार के पक्षधर सोनम वांगचुक को शनिवार सुबह दिल्ली पुलिस सफदरजंग अस्पताल ले गई। अस्पताल प्रशासन ने दावा किया कि वांगचुक डिहाइड्रेशन और मेटाबॉलिक गड़बड़ी से जूझ रहे हैं तथा उनके शरीर में पोटैशियम का स्तर काफी कम हो गया है। हालांकि वांगचुक ने दवाएं, ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) और आईवी फ्लूइड लेने से इनकार कर दिया। दूसरी ओर, उनके निजी डॉक्टर और परिवार ने अस्पताल की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए पारदर्शिता की मांग की है। सोनम वांगचुक को अस्पताल ले जाए जाने के बाद कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने भी भूख हड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने घोषणा की कि जब तक वांगचुक वापस धरना स्थल पर नहीं लौटते, तब तक वे अनशन जारी रखेंगे। सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे आंग्मो ने भी अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### अस्पताल का दावाः डिहाइड्रेशन और पोटैशियम की कमी

सफदरजंग अस्पताल की ओर से जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 7.40 बजे दिल्ली पुलिस सोनम वांगचुक को अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने जांच में पाया कि लंबे समय तक उपवास के कारण उनके शरीर में डिहाइड्रेशन के लक्षण हैं और यूरिन कीटोन का स्तर बढ़कर 3+ हो गया है। साथ ही, उनके शरीर में पोटैशियम का स्तर सामान्य से काफी कम पाया गया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि भर्ती के समय वांगचुक पूरी तरह होश में थे। उनका रक्तचाप, नाड़ी और ऑक्सीजन सैचुरेशन सामान्य था, लेकिन शरीर में इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन को देखते हुए उन्हें तत्काल चिकित्सकीय देखभाल की जरूरत थी। डॉक्टरों ने उन्हें दवा, तरल पदार्थ और आईवी फ्लूइड देने की सलाह दी, लेकिन उन्होंने इलाज लेने से इनकार कर दिया। अस्पताल के अनुसार, उनकी लगातार निगरानी की जा रही है।




*वांगचुक को अस्पताल ले जाने की कार्रवाई के दौरान एक महिला ने अभिजीत दीपके पर स्याही फेंक दी। घटना के बाद वहां कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई।*

### अन्ना हजारे और मनु भाकर ने जताया समर्थन

सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा कि सरकार को किसी अप्रिय घटना का इंतजार करने के बजाय आंदोलनकारियों से बातचीत करनी चाहिए। उनके अनुसार लोकतंत्र में संवाद ही सबसे प्रभावी रास्ता होता है। ओलिंपियन मनु भाकर ने भी सोशल मीडिया पर छात्रों के भविष्य की चिंता जताते हुए कहा कि शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। उन्होंने लिखा कि जिन छात्रों ने अपनी जान गंवाई, उनके सपनों और भविष्य की रक्षा की जानी चाहिए थी।

### भूख हड़ताल अपराध नहीं, विरोध लोकतंत्र की पहचानः हाईकोर्ट

**इस बीच,** मद्रास हाईकोर्ट ने शांतिपूर्ण भूख हड़ताल करने वाले एक किसान के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला रद्द करते हुए कहा कि विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र की पहचान है और यह संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का हिस्सा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल नारे लगाने या शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने से किसी व्यक्ति को अपराधी नहीं ठहराया जा सकता। मामला तिरुपुर जिले के किसान कृष्णमूर्ति से जुड़ा था, जिन्होंने तमिलनाडु किसान संरक्षण संघ के संस्थापक एम. ईसन के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग को लेकर भूख हड़ताल की थी।




फीफा 2026 के फाइनल्स में स्पेन का मुकाबला अर्जेंटीना से!

**टीएमसी और शिवसेना (उद्धव गुट) में टूट का मामला**

## लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला ने बागी सांसदों को दी मान्यता


**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के बागी सांसदों को अलग समूह के रूप में मान्यता दे दी। स्पीकर के फैसले के तहत तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों और उद्धव गुट के 6 सांसदों को आधिकारिक मान्यता मिल गई है, जिससे संसद में दोनों दलों की राजनीतिक स्थिति में बड़ा बदलाव आया है। तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसदों ने 15 जून को पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी का साथ छोड़कर नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय का ऐलान किया था। वहीं, 22 जून को शिवसेना (उद्धव गुट) के छह सांसद ■ शेष पृष्ठ 7 पर



# बिना टेक्नीशियन कबाड़ हो रही 30 लाख की एक्सरे मशीन

## बीएमओ ने सीएमएचओ को लिखा पत्र मगर अब तक नही हुई कार्यवाही





कार्यालय मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर बाघेलान जिला सतना (म०प्र०)

विषय : एक्स-रे टेक्नीशियन पदस्थ किये जाने बाबत्।

मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामु० स्वा० केन्द्र रामपुर बाघेलान
जिला सतना (म०प्र०)

**जागरण, सतना।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाए बेहतर तरीके से मोहैया कराने के लिए सरकार ने बहुत सारे प्रयास किये है मगर ऐसा लगता है जैसे विभाग में बैठे अधिकारी यह नही चाहते कि ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजो को बेहतर सुविधाए मिल सके। यदि वे बेहतर सेवाए देने का प्रयास करते तो फिर बीएमओ के पत्र के बाद भी टेक्नीशियन उपलब्ध कराने में विलम्ब नही करते। जी हॉ यह पूरा मामला रामपुर बाघेलान सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र का बताया जा रहा है। यहां पर सैकड़ो गांव के लोग उपचार के लिए आते है। मगर एक्सरे जैसी सुविधा से वंचित हो रहे है। ज्ञात हो कि रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह द्वारा रामपुर अस्पताल को 30 लाख रूपये लागत की एक्सरे मशीन उपलब्ध कराकर चालू कराई गई थी मगर डेढ महीने से बगैर टैक्नीशियन एक्सरे मशीन न सिर्फ कबाड हो रही बल्कि क्षेत्र के लोगो को एक्स-रे के लिए सतना रीवा की तरफ रूख करना पड़ता है। गरीब जनता किसी तरह किराए का इंतजाम करके रामपुर बाघेलान पहुंचती है जहां पहुंचने के बाद उन्हें सतना रीवा का रास्ता दिखा दिया जाता है इस विषय में खंड चिकित्सा अधिकारी राघवेंद्र गुर्जर से बात करने के बाद पता चला कि उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना को एक्स.रे टेक्नीशियन की पदस्थापना के लिए 19 जून को पत्र से अवगत कराया था साथ ही यह भी स्मरण कराया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचेहरा में दो एक्सरे टेक्नीशियन पदस्थ हैं जिसमें रामपुर बाघेलान के लिए बालमीक आदिवासी टेक्नीशियन की मांग की गई थी मगर आज दिनांक तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कोई भी गंभीर कदम नहीं उठाया गया और ना ही टेक्नीशियन की व्यवस्था कराई गई जिससे आए दिन मारपीट हो या एक्सीडेंट दोनों ही स्थितियों में एक्स-रे की भरपूर आवश्यकता होती है मगर एक्सरे मशीन संचालित ना होने के कारण डॉक्टर सही निर्णय पर नहीं पहुंच पाते और मरीजों को सतना रीवा रेफर कर देते हैं जिस कारण क्षेत्र के लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है अगर दो टेक्नीशियन उचेहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ है तो उन्हें रामपुर बघेलान के लिए एक टेक्नीशियन क्यों उपलब्ध नहीं कराया जा रहा यह बात समझ से परे है।

### इनका कहना है



रामपुर अस्पताल में पदस्थ टेक्नीशियन का स्थानांतरण डेढ़ माह पूर्व हो गया है। हमने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सतना से टेक्नीशियन की मांग की है उनके कथन अनुसार जल्द ही टेक्नीशियन उपलब्ध कराया जाएगा और एक्सरे मशीन का सही तरीके से संचालन हो सकेगा।

**राघवेंद्र सिंह गुर्जर**
**खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर बघेलान**

# डीजल की बढ़ती कीमतों पर सरकार लगाए अंकुश : मनोज शर्मा

**सतना।** सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद देश में डीजल की कीमतों में कमी नहीं होना अत्यंत चिंताजनक है। इसका सीधा प्रभाव ट्रांसपोर्ट उद्योग, किसानों एवं आम जनता पर पड़ रहा है। एसोसिएशन के महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि डीजल,टायर,स्पेयर पार्ट्स, इंजन ऑयल, बीमा एवं टोल टैक्स की लगातार बढ़ती लागत से छोटे एवं मध्यम ट्रांसपोर्टर गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। मालभाड़े में अपेक्षित वृद्धि न होने तथा संचालन लागत बढ़ने से वाहन मालिकों को बैंक ऋण की किस्तें चुकाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री को प्रेषित पत्र के माध्यम से मांग की है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार के अनुरूप डीजल के दामों में शीघ्र कमी की जाए कमर्शियल वाहन मालिकों के लिए विशेष आर्थिक राहत पैकेज घोषित किया जाए वाहन ऋणों का पुनर्गठन किया जाएए टोल टैक्स में कम से कम तीन माह की राहत दी जाए तथा ई.चालान के दुरुपयोग एवं मनमानी वसूली पर प्रभावी रोक लगाई जाए।

# विश्व न्याय दिवस पर एकेएस में न्यायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**जागरण, सतना।** विश्व न्याय दिवस के अवसर पर एकेएस विश्वविद्यालय सतना के विधि संकाय द्वारा एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन मूट कोर्ट में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में न्यायए विधि के शासन तथा संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छतरपुर के विशेष न्यायाधीश श्री आशीष श्रीवास्तव रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि न्याय केवल न्यायालयों तक सीमित नहीं हैए बल्कि यह समाज में समानताए निष्पक्षता और मानवाधिकारों की रक्षा का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से कानून की गहन समझ विकसित कर समाज में न्याय की स्थापना हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉण् हर्षवर्धन जी ने की। उन्होंने कहा कि विश्व न्याय दिवस हमें न्यायए नैतिकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। वहीं विधि संकाय के डीन डॉण् सुधीर जैन ने विधि शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट विधिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ विधि संभरकर ने किया। अंत में डॉण् उदयभान ने सभी अतिथियों शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# झिरिया कोपरीहान को मिली विकास की दोहरी सौगात




**सतना।** जिले के जनपद पंचायत अमरपाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत झिरिया कोपरीहान में शनिवार को विकास कार्यों की नई सौगात ग्रामीणों को मिली। यहां नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन एवं सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण सतना सांसद गणेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। समारोह की अध्यक्षता रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह ने की जबकि पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता पंकज सिंह तथा जिला पंचायत सदस्य तारा विजय पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। लोकार्पण के अवसर पर सांसद गणेश सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार केंद्र एवं प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। आंगनबाड़ी भवन के निर्माण से बच्चों गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगीए वहीं सामुदायिक भवन गांव के सामाजिक सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा। अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि आज पूरे देश में विकास की चर्चा हो रही है।

# उपयंत्री की सरपरस्ती हो रहे घटिया निर्माण

## उपसरपंच सहित ग्रामीणो ने जिला पंचायत सीईओ से की शिकायत

**जागरण, सतना।** ग्राम पंचायतों में अब उपयंत्रियों की देख रेख में घटिया निर्माण किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला मैहर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेलदरा का सामने आया है। समस्या से परेशान होकर ग्रामीणो ने एक बार फिर जिला पंचायत सीईओ से शिकायत करते हुये उपयंत्री राजा भईया सिंह पर घटिया निर्माण का आरोप लगाया है ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी ग्रामीणो द्वारा उक्त उपयंत्री के विरूद्ध शिकायत की जा चुकी है मगर अब तक किसी तरह की कार्यवाही नही हुई।

### इन कामो में गुणवत्ता की अनदेखी

वार्ड क्रमांक 05 में नाली का निर्माण जेसीबी एवं फ्लोरी मशीन से तथा प्राकलन के विपरीत गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कराया गया जिसकी शिकायत 17 फरवरी को प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा भोपाल कलेक्टर जिला मैहर 20 फरवरी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैहर 17फरवरी को अधीक्षक यंत्री रीवा संभाग रीवा 18फरवरी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैहर कलेक्टर मैहर सहायक यंत्री जनपद पंचायत मैहर कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सतनाए अधीक्षक यंत्री रीवा संभाग रीवा दिनांक 16 जून 2026 को कलेक्टर मैहर दिनांक 30 जून 2026 को कमिश्नर रीवा को लिखित शिकायते की गई परन्तु कार्यवाही किसी प्रकार से दोषियो के विरुद्ध नही की गई। गणेश कोरी के घर से चिंतामणि पटेल के घर तक सीसी रोड का निर्माण रात्रि में गुणवत्ता विहीन फ्लोरी मशीन से कार्यस्थल में लाइट लगाकर बनाई गई है जो बहुत ही घटिया किस्म की है। वार्ड क 13.14 एवं 08 में पी.सी.सी रोड का निर्माण फ्लोरी मशीन से प्राकलन के विपरीत गुणवत्ता विहीन रोड का निर्माण कराया गया है जो बहुत ही घटिया किस्म की है। माध्यमिक शाला बेल्दरा के पास से हरिजन आदिवासी मोहल्ले की ओर नाली का निर्माण जेसीबी एवं फ्लोरी मशीन से कराया गया है जो बहुत ही निम्न स्तर का कराया गया है। शान्तिधाम पंहुच मार्ग में पीसीसी रोड का निर्माण जेसीबी एवं फ्लोरी से कराया गया जिसकी जांच कराकर कार्यवाही की जाये।

# सफलता के लिए अध्ययन में निरंतरता आवश्यक :.जिला पंचायत उपाध्यक्ष




**जागरण, सतना।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष सतना द्वारा पिछले लगातार चार वर्षो से किए जा रहे मेधावी छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2025.26 के विकासखंड स्तरीय मेधावी छात्र सम्मान समारोह के तृतीय दिवस सतना जिले के विकास खण्ड नागौद के शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागौद में संपन्न हुआ इस गर्म में कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार द्वारा कक्षा आठवींएदसवीं और बारहवीं में नागौद विकासखंड के अंतर्गत प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र सम्मान समारोह के गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत की उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह ने उपस्थित छात्र.छात्राओं से आह्वाहन करते हुए आग्रह किया कि किसी भी क्षेत्र में सफ्ल होने के लिए अभ्यास के निरंतरता की आवश्यकता होती है इसीलिए प्रत्येक जीवन में सफ्ल होने के लिए छात्र.छात्राओं को साल के 365 दिन लगातार अध्ययन करने की आवश्यकता है और अपने अध्ययन में निरंतरता बनाए रखने वाला छात्र.छात्रा ही प्रवीणय सूची में स्थान अर्जित कर सकता हैएइस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों से भी आग्रह करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि वह अपने बच्चों को करियर के क्षेत्र चुका अवसर प्रदान करें जिससे कि छात्र.छात्राएं अपने अनुकूल विषयों में क्षेत्र में अपना कैरियर निर्माण कर सके । इस अवसर तृतीय दिवस के विकासखंड स्तरीय मेधावी छात्र सम्मान समारोह मे जिला पंचायत सतना की उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता डॉ पंकज सिंह परिहार ने सतना जिले की सत्र 2025-2026 की कक्षा आठवीं 10 वीं हाई स्कूल एवं कक्षा 12 वीं हाई सेकेंडरी की बोर्ड परीक्षाओं में विकासखंड स्तर पर प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं और उनके माता.पिता को सम्मानित किया। 18 जुलाई को सतना जिले के नागौद विकासखंड के शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागौद में कक्षा 8ए कक्षा 10ए और कक्षा 12 के प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों को एक समारोह पूर्वक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की सूत्रधार जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता डॉ पंकज सिंह परिहार की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस गरिमामय कार्यक्रम में कक्षा आठवीं हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षाओं में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले विकासखंड नागौद के छात्र छात्राओं को सम्मान पट्टिका और उनके अभिभावकों को शाल श्रीफ्ल से सम्मानित किया गया।

# सोहावल फ्लाईओवर विवाद : ग्रामीणों ने राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सतना।** सोहावल मोड़ पर निर्माणाधीन राम पथ गमन राष्ट्रीय राजमार्ग फ्लाईओवर के कारण ग्राम सोहावल बाबूपुर और सोहौला का सैकड़ों वर्ष पुराना सार्वजनिक मार्ग बंद कर दिया गया है। इससे नाराज समस्त ग्रामवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय विधायक और 'माननीय राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याओं का एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि रास्ता बंद होने से लगभग 15,000 की आबादी प्रभावित हुई है। वर्तमान में लोगों को पन्नादूसतना मुख्य मार्ग हाईवे से गुजरने के लिए मजबूर किया जा रहा हैए जहां भारी वाहनों के दबाव के कारण स्कूली बच्चोंए महिलाओं और किसानों पर हर वक्त बड़ी दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है। बिना जनसुनवाई के ऐतिहासिक मार्ग को बंद किए जाने से पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश है।

**ये है मांगे :** पुराने सार्वजनिक मार्ग को तकनीकी व्यवहार्यता के आधार पर पुनः चालू कराया जाए। यदि पुराना मार्ग संभव न हो तो तत्काल सुरक्षित चौड़ा और स्थायी वैकल्पिक मार्ग बनाया जाए। हाईवे पर किए गए डायवर्जन की सुरक्षा जांच हो और जब तक स्थायी व्यवस्था न हो तब तक उचित संकेतक स्पीड ब्रेकर और स्ट्रीट लाइट लगाई जाएं। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने ज्ञापन पर तुरंत संज्ञान लेते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों के साथ जनसुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जब तक स्थायी वैकल्पिक मार्ग तैयार नहीं होता तब तक मौके पर यातायात सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। ज्ञापन के साथ ग्रामीणों ने प्रभावित स्थल के छायाचित्र और सैकड़ों लोगों की हस्ताक्षर सूची भी सौंपी है।

# प्रिज्म स्कूल मे आयोजित किया गया 7 दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्म कालीन शिविर



**जागरण, सतना।** प्रिज्म सीमेंट कॉलोनी के भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल मे 7 दिवसीय ग्रीष्म कालीन भारतीय भाषा शिविर आयोजित किया गया थाए इस शिविर मे स्कूल के कक्षा 6 से 8 तक के 45 बच्चों को मराठी भाषा सिखाई गई, इस शिविर का उद्देश्य अपने पड़ोसी राज्य के बारे मे जानकारी हासिल करना, स्कूल में कई भाषाओं को सीखने को बढ़ावा देना , भारत की भाषाई विविधता के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना, बातचीत और सुनने के कौशल को बेहतर बनाना अनुभव.आधारित सीखने की सीबीएसई की पहलों में मदद करना भारतीय सांकेतिक भाषा आईएसएल के बारे में जागरूकता बढ़ाना अलग.अलग भाषा भाषी छात्रों के बीच सांस्कृतिक आदान.प्रदान को बढ़ावा देना भाषिक संप्रेषण का प्रचार.प्रसार करना कला एकीकरण को बढ़ावा देना। स्कूल के शिक्षक प्रताप देशमुख और अभिजीत देशमुख ने बच्चो को मराठी वर्ण माला मराठी बोलचाल मराठी गीत, मराठी व्यंजन, महाराष्ट्र का इतिहास,महाराष्ट्र के प्रसिद्ध, मंदिरों ,नदियों,पर्यटन स्थलों स्मारकों जिलेए प्रसिद्ध व्यक्ति, मराठी तुकबंदी शब्द अंत्याक्षरी से अवगत कराया। अंतिम दिन नावन्या वर्मा कक्षा 6 और गौरी सिंह कक्षा 8 द्वारा मराठी गीत सुनाया गया। समापन की घड़ी में स्कूल प्राचार्य डॉ आर गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को मराठी भाषा सीखने और बोलने के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर को उत्साह से संचालित करने के लिए स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ मनीष कुमार सिन्हा ने प्राचार्य, शिक्षकद्वय एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान की। प्रिज्म परिवार में सभी विद्वतजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की। उपरोक्त विषय की जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम सीएसआर एंड पीआर देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

# नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम हुआ आयोजित




**जागरण, रामपुर बाघेलान।** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत रामपुर बघेलान के सज्जनपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में शासन के निर्देशानुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन विकासखंड युवा समन्वयक ज्योति तिवारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया। जिसमें पुलिश विभाग से अंजन सिंह राजपूत द्वारा नशे से दूरी है जरूरी उद्बोधन में सभी बहनों से इस बार के रक्षाबंधन में गिफ्ट लेने की जगह सभी भाइयों से नशा छोड़ने की कसम लेने की बात कही गई उन्होंने कहा की बहनों का सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि उनका भाई नशे से दूर रहे और स्वस्थ रहे सुरक्षित रहे अपने जीवन में आगे बढ़े। इसी क्रम में ऋषि द्विवेदी अधिकारी द्वारा भी सभी छात्र.छात्राओं को नशे से दूर रहने की बात कही गई। इसी के साथ विकासखंड युवा समन्वयक द्वारा नशे से दूरी है जरूरी की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान एवं सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रविंद्र श्रीवास्तव रामकृष्ण गुप्ता संतोष नागर राकेश मिश्रा सुरेंद्र द्विवेदी नरेंद्र द्विवेदी सत्यम पांडेय राकेश तिवारी पूजा सिंह युवराज सिंह ज्योति सोनी सूरजा उईके राजकुमारी सिंह राजकुमार द्विवेदी राम पाल रेखा दुबे पदमा तिवारी हेमंत भक्तानी सूरज सिंह अजीत कुमार यादव समय लाल कोल सुखलाल साकेत पंकज सोनी किरण द्विवेदी सुशील कुमार सोनी मां बहर प्रजापति लक्ष्मी प्रजापति गिरी वाला पांडेय राकेश तिवारी इत्यादि सभी शिक्षक एवं शिक्षकों सहित लगभग 300 से अधिक लोग उपस्थित रहे।

# रामपुर में कांग्रेसजनों ने फूका पुतला



**जागरण, सतना।** किसानों के मूलभूत समस्याओं को लेकर प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के निर्देशों का पालन करते हुए किसानों की विभिन्न समस्याओं के विरोध में कांग्रेस पार्टी एवं किसान कांग्रेस द्वारा रामपुर बघेलान के मुख्य बाजार मोड पर सरकार का पुतला दहन किया कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानो की मूलभूत मांगे हैं कि खाद की ई टोकन प्रणाली को तत्काल बंद किया जाए किसानों को प्रतिदिन तीन फेस बिजली 24 घंटे उपलब्ध कराई जाय मूँग की फसल समर्थन मूल्य एसएसपी पर खरीदी जाए इन मांगों को लेकर कांग्रेसियों ने पुतला दहन करते हुए विरुद्ध व्यक्त किया जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सिंह परिहार कमलेंद्र सिंह कमलू किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नीलेन्द्र द्विवेदी अध्यक्ष किसान कांग्रेस चोरहटा धर्मेंद्र सिंह सज्जन सिंह तिवारी रोहित कांत सिंह के के कुशवाहा शिवशंकर गौटिया गणपत सिंह परिहार नवदुर्गा प्रसाद गुप्ता नितिन कुमार सिंह रामानंद द्विवेदी जयकरण सिंह शिव मोहन द्विवेदी लालू द्विवेदी धीरेंद्र शर्मा सोमनाथ सिंह सतीश तिवारी तुलसी केवट रामकृष्ण पांडेय राजभान सिंह अरविंद सिंह अहिरवार राजेंद्र सिंह बघेल रत्नेश सिंह गजेंद्र सिंह धर्मेंद्र तिवारी ओम प्रकाश विश्वकर्मा रेखा सिंह कुलदीप द्विवेदी श्रीकांत सिंह अभिषेक पांडेय अजय कुमार मिश्रा संतोष कुमार रवि सहित दर्जनों को लोग उपस्थित रहे।

# किसान कांग्रेस ने जिले भर में फूका पुतला



**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के आव्हान पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पाण्डेय द्वारा ई टोकन खाद व्यवस्था तत्काल समाप्त किये जाने किसानों को 12 घंटे तीन फेस बिजली उपलब्ध कराने एवं मूग की फसल को समर्थन मूल्य मे सौ प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करने व किसानों से जुड़े सभी लंबित व ज्वलंत मुद्दो का शीघ्र समाधान किए जाने को लेकर एवं किसानों के साथ हो रहे आन्याय के बिरोध मे जिला कीसान कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय के नेतृत्व में पुतला दहन कर जिले के सभी ब्लाक व तहसील मे बिरोध प्रदर्शन किया गया किसान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण प्रदेश का अन्नदाता गंभीर संकट से जूझ रहा है न तो समय से खाद मिल पा रही और न ही धान रोपाई के लिए पर्याप्त बिजली मिल पा रही संतोष पाण्डेय ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ़प्रदेश के मुख्यमंत्री किसान कल्याण की बात करते हैं लेकिन दूसरी तरफ़ किसानों की मूग की फसल तक समर्थन मूल्य मे नही ख़रीदी जा रही। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह गुण्डू उर्मिला त्रिपाठी राममनोहर सोनी बिजय सिंह परिहार प्रभा जित्तू बागरी रामकुमार बिस्वकर्मा नरेश शर्मा शिवम सिंह जित्तू बागरी स्वतंत्र मिश्रा सुमित सिंह ध्रुव त्रिपाठी आर वी पाण्डेय धर्मेंद्र सिंह नारेद रैकवार सोनू अतुल शुकला हर्ष सिंह सोमश मिश्रा अनूप सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नवोदय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन 31 तक

**रीवा।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2027-28 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 7 जुलाई से शुरू हो गई है। आवेदन 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शंकर सिंह पिता श्री रघुराज सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम पो. जनार्दनपुर तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. का निवासी होकर शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उक्त पते का निवासी हूँ मेरी पुत्री हँशिका सिंह (Hanshika Singh) आधार नं. 833245234101 में दर्ज है। जिसे मैं बदलकर अंशिका सिंह (Anshika Singh) करना चाहता हूँ मेरी पुत्री के शैक्षणिक अभिलेख पांचवीं की अंकसूची व जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम अंशिका सिंह (Anshika Singh) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। ये दोनो नाम मेरी पुत्री के ही है अतः आज दिनांक से मेरी पुत्री को अंशिका सिंह (Anshika Singh) के नाम से जाना पहचाना व सम्बोधित किया जाये।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग रघुराजनगर (शहरी) जिला सतना म0प्र0**
प्रकरण क्रमांक 0060/ अपील/2026.2027
सतना दिनांक 15.07.2026
लवकेश सिंह पिता स्व0 श्री भगत सिंह एवं अन्य निवासी ग्राम रामस्थान तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0 हाल मुकाम दादर पोस्ट रहठ तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र0...................... अपीलार्थी
बनाम
1. विष्णु प्रताप सिंह पिता स्व0 श्री भगत सिंह।
2. दिलीप सिंह पिता स्व0 श्री भगत सिंह।
दोनों निवासी ग्राम रामस्थान तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0
- उत्तरवादीगण
// सार्वजनिक सूचना / इश्तहार //
अपीलार्थी लवकेश सिंह पिता स्व. श्री भगत सिंह एवं अन्य निवासी ग्राम रामस्थान तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र. हाल मुकाम दादर पोस्ट रहठ तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. ने जरिये अधिवक्ता न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त रामस्थान तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0 के न्यायालयीन राजस्व प्रकरण क्रमांक 0062/अ.27/2025-2026 आदेश दिनांक 22.06.2026 के विरुद्ध अपील प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में उत्तरवादीगण की तलबी समाचार पत्र के माध्यम से कराये जाने का अनुरोध किया गया है।
अतः संबंधित उभयपक्षों को इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से नियत पेशी दिनांक 17.08.2026 के अंदर लिखित रूप में अपने साक्ष्य सहित न्यायालय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा और आगे की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी। यह आदेश आज दिनांक 15.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया जा रहा है।
अनुविभागीय अधिकारी
रघुराजनगर शहरी जिला सतना म.प्र.

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग रघुराजनगर (शहरी) जिला सतना म0प्र0**
प्रकरण क्रमांक 0061/ अपील/2026.2027
सतना दिनांक 15.07.2026
लवकेश सिंह पिता स्व0 श्री भगत सिंह एवं अन्य निवासी ग्राम रामस्थान तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0 हाल मुकाम दादर पोस्ट रहठ तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र0...................... अपीलार्थी
बनाम
1. विष्णु प्रताप सिंह पिता स्व0 श्री भगत सिंह।
2. दिलीप सिंह पिता स्व0 श्री भगत सिंह।
दोनों निवासी ग्राम रामस्थान तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0
- उत्तरवादीगण
// सार्वजनिक सूचना / इश्तहार //
अपीलार्थी लवकेश सिंह पिता स्व. श्री भगत सिंह एवं अन्य निवासी ग्राम रामस्थान तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र. हाल मुकाम दादर पोस्ट रहठ तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. ने जरिये अधिवक्ता न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त रामस्थान तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0 के न्यायालयीन राजस्व प्रकरण क्रमांक 0062/अ.27/2025-2026 आदेश दिनांक 22.06.2026 के विरुद्ध अपील प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में उत्तरवादीगण की तलबी समाचार पत्र के माध्यम से कराये जाने का अनुरोध किया गया है।
अतः संबंधित उभयपक्षों को इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से नियत पेशी दिनांक 17.08.2026 के अंदर लिखित रूप में अपने साक्ष्य सहित न्यायालय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा और आगे की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी। यह आदेश आज दिनांक 15.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया जा रहा है।
अनुविभागीय अधिकारी
रघुराजनगर शहरी जिला सतना म.प्र.

वर्ष 73 ▸▸ अंक 291 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 19 जुलाई, 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत् 2083
नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com

# रविवारीय दैनिक जागरण



**संपादकीय: 04**
क्या स्क्रीन और एआई से कमजोर हो रही याददाश्त




**सीधी : 05**
कई सरकारी विभागों में चल रहा मानदेय घोटाला



**राजधानी : 07**
सिफारिश पर बने भाजपा जिलाध्यक्ष होंगे बाहर




**मंडला: 08**
मंडला के चित्रकारों की चित्रकला व गोंड चित्रशैली..



फाइनल में मेसी अपने ... पेज-11 पर

## ऑफ बीट

### बिना सिर के फाइट खत्म होने तक लड़ता रहा रोबो



चीन के शेनझेन में दुनिया की पहली फ्री-स्टाइल ह्यूमनॉइड रोबोट फाइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुकाबले के दौरान 1.73 मीटर लंबे इंसानों जैसे दिखने वाले रोबोटों ने एक-दूसरे पर मुक्के, हाई किक और स्पिनिंग किक से हमला किया। सबसे रोमांचक क्षण तब आया, जब एक रोबोट का सिर मुकाबले के दौरान अलग हो गया। इसके बावजूद उसने अपने धड़ में लगे नियंत्रण तंत्र की मदद से लड़ाई जारी रखी और अंत तक मुकाबला पूरा किया। आयोजकों ने इसे रोबोट की मजबूती और उन्नत तकनीक का प्रदर्शन बताया। टी800 नामक इस रोबोट में संतुलन बनाए रखने, तेज फैसले लेने, गिरने के बाद तुरंत उठने और झटकों को सहने की क्षमता विकसित की गई है।
प्रतियोगिता में केवल ताकत ही नहीं, बल्कि सटीक वार, संतुलन, बचाव, फुर्ती और टिकाऊपन के आधार पर भी रोबोटों का मूल्यांकन किया गया। हॉन्गकॉन्ग के प्रसिद्ध अभिनेता डॉनी येन भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

**आठवीं डेस्टिनेशन कैबिनेट आज: ई-बस से जगदीशपुर पहुंचेगी प्रदेश सरकार, सीएम यादव ने विधेयकों को दिया फाइनल टच**

# अब शहरों में दो एकड़ जमीन पर खुल सकेंगे निजी विश्वविद्यालय

**विशेष प्रतिपिधि, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार की आठवीं नवीं डेस्टिनेशन कैबिनेट रविवार को राजधानी के समीप ऐतिहासिक स्थल जगदीशपुर में आयोजित की जाएगी। पुरातात्विक महत्व से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों को विस्तार देने के उद्देश्य से यह पहल मुख्यमंत्री ने की है। पूरी कैबिनेट रविवार को ई-बस में सवार होकर जगदीशपुर पहुंचेगी। बैठक में रखे जाने वाले प्रस्तावों को अंतिम रूप देने मुख्यमंत्री ने शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में 20 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियों की भी समीक्षा कर मुख्यमंत्री ने विधेयकों पर गहन मंथन किया।

मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक प्रस्ताव के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही कैबिनेट में अनुमोदित होने वाले प्रत्येक विधेयक से एक-एक प्रावधानों की बारीकियों को समझते हुए उनमें संशोधन के लिए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

रविवार को होने वाली कैबिनेट की इस बैठक में समान नागरिक संहिता यूसीसी, मप्र निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक, अग्नि सुरक्षा व आपातकालीन सेवा को बढ़ावा देते हुए निजी कोचिंग संस्थाओं के विनियमन सहित करीब नौ विधेयकों से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। शनिवार को समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इसके तहत जहां कोचिंग संचालक अब मनमानी नहीं कर सकेंगे। 16 साल से कम उम्र के छात्र को प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा, कोई छात्र बीच में कोचिंग छोड़ता है तो उसे पूरी फीस लौटाना होगी। पंजीयन अनिवार्य होगा। वहीं प्रायवेट यूनिवर्सिटी खोलना अब आसान होगा। इसके लिए 25 एकड़ जमीन का बंधन हटाया जा रहा है। इसकी जगह नियमों में पर्याप्त जमीन होना शब्द जोड़ा जाएगा। इससे अब बहुमंजिला इमारत और शहरों के समीप दो एकड़ भूमि होने पर भी निजी विवि खोले जा सकेंगे।

उद्योगों की सभी मंजूरियों के लिए अलग सचिवालय के तौर पर मप्र ईज ऑफ डूइंग एक्ट 2026 में के तहत सभी मंजूरी सिंगल विंडो में मिलेंगी। इनके अलावा मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन) विधेयक, मप्र उपकर (संशोधन) विधेयक, स्टेट हाईवे पर अवैध कट और अतिक्रमण रोकने के लिए मप्र राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, 15 मीटर से ऊंची हर बिल्डिंग के लिए फायर एनओसी अनिवार्य करने मप्र अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विधेयक भी कैबिनेट में प्रस्तुत किए जाएंगे।



**सुबह ई-बस से रवाना होगी सरकार**

कैबिनेट बैठक में शामिल होने के लिए मंत्रिमंडल के सभी सदस्य और अधिकारी रविवार सुबह ई-बस से जगदीशपुर रवाना होंगे। यह बैठक जगदीशपुर के ऐतिहासिक महल में होगी। ऐतिहासिक प्राचीन धरोहरों से आमजन को जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राच्य मंत्रालय के बाहर कैबिनेट बैठकों के आयोजन का शुरू किया है। इससे पर्यटन स्थलों को बढ़ावा भी मिला है। बाबा महाकाल के आंगन उज्जैन में भी कैबिनेट बैठक प्रस्तावित है। वहीं कृषि कैबिनेट भी राजधानी के बाहर आयोजित की जाना है।

**यहां हो चुकी हैं सात कैबिनेट बैठकें**

- **3 जनवरी 2024 :** जबलपुर के शक्ति भवन में।
- **5 अक्टूबर 2024 :** दमोह जिले के सिंग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के सम्मान में।
- **24 जनवरी 2025 :** लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर (जिला खरगोन)।
- **20 मई 2025 :** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वें जयंती वर्ष पर इंदौर के राजवाड़ा।
- **3 जून 2025 :** पचमढ़ी के राजभवन में राजा भभूत सिंह के शौर्य को समर्पित की गई बैठक।
- **9 दिसम्बर 2025 :** खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर।
- **2 मार्च 2026 :** बड़वानी जिले के जनजातीय बहुल क्षेत्र भीलट बाबा देवस्थल नागलवाड़ी।

# अहमदाबाद में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 9 की मौत, 15 घायल

## लाइसेंस रद्द फिर भी चल रही थी फैक्ट्री, 5 किमी दूर तक सुनाई दी धमाके की आवाज

**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात के अहमदाबाद में वस्त्राल इलाके में शनिवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट और उसके बाद लगी आग में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब फैक्ट्री में करीब 25 कर्मचारी पटाखे बनाने का काम कर रहे थे। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी आवाज करीब पांच किलोमीटर दूर तक सुनाई दी और फैक्ट्री का पूरा शेड मलबे में तब्दील हो गया।

घटना रामोल से गटराड जाने वाले मार्ग पर महमूदपुरा टैलेंट के पास हुई। राहत की बात यह रही कि घटनास्थल के निकट ही रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) का कैंप मौजूद था। धमाके की आवाज सुनते ही आरएएफ के जवान मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू किया। कई घायलों को खटिया पर लिटाकर एंबुलेंस तक पहुंचाया। इसके बाद सभी घायलों को एलजी अस्पताल और असरवा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर जयपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि जिस फैक्ट्री में विस्फोट हुआ, उसका संचालन मेहुल डोडिया नामक व्यक्ति कर रहा था। जांच में सामने आया है कि इस फैक्ट्री का लाइसेंस पहले ही रद्द किया जा चुका था, लेकिन इसके बावजूद वहां अवैध रूप से पटाखों का निर्माण जारी था।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, खुले मैदान में तिरपाल और अस्थायी शेड बनाकर आतिशबाजी तैयार की जा रही थी। विस्फोट के बाद फैक्ट्री का अधिकांश हिस्सा पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया और शेड के लोहे के पतरे दूर-दूर तक जा गिरे।

इसके अलावा, जिस स्थान पर फैक्ट्री संचालित हो रही थी, उसके पास ही आरएएफ का कैंप स्थित है। गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार सैन्य और अर्धसैनिक बलों के ठिकानों के आसपास विस्फोटक सामग्री से जुड़ी गतिविधियों की अनुमति नहीं होती। इसके बावजूद वहां पटाखा फैक्ट्री का संचालन सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। फिलहाल पुलिस और फॉरेंसिक टीम विस्फोट के कारणों की जांच कर रही है।



धमाके बाद आग बुझाते दमकलकर्मी और स्थानीय लोग।

**प्रशासनिक लापरवाही पर उठे सवाल**

इस हादसे ने प्रशासनिक निगरानी पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नियमों के अनुसार, किसी फैक्ट्री का लाइसेंस रद्द होने के बाद उसे सील किया जाना चाहिए और वहां रखा विस्फोटक सामग्री जब्त कर ली जानी चाहिए। लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं किया गया, जिसके कारण अवैध रूप से पटाखों का निर्माण जारी रहा और अंततः बड़ा हादसा हो गया।

**प्रधानमंत्री ने जताया शोक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

**विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक पर बैठक टली**

# परिसीमन पर सहमति के लिए केंद्र ने टाले दो बिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार के प्रस्तावित 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक' पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) की सोमवार को होने वाली बैठक रद्द कर दी गई है। इस बैठक में समिति की रिपोर्ट को अंतिम रूप देकर उसे मंजूरी दिए जाने की संभावना थी, लेकिन अंतिम समय में इसे स्थगित कर दिया गया।

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब एक दिन पहले ही 130वें संविधान संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त समिति ने भी अपनी रिपोर्ट को अपनाने का फैसला टाल दिया था। इस विधेयक में गंभीर आपराधिक मामलों में गिरफ्तार होकर लगातार 30 दिन तक जेल में रहने वाले मंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने दोनों विवादित विधेयकों पर आगे बढ़ने की प्रक्रिया फिलहाल रोक दी है। माना जा रहा है कि सरकार पहले अपने बड़े राजनीतिक एजेंडे महिला आरक्षण कानून के क्रियान्वयन और परिसीमन विधेयक पर व्यापक राजनीतिक सहमति सुनिश्चित करना चाहती है। सरकार को इन महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद से पारित कराने के लिए क्षेत्रीय दलों और छोटे राजनीतिक दलों का समर्थन आवश्यक है। ऐसे में ऐसे विवादास्पद विधेयकों को आगे बढ़ाने से बचा जा रहा है, जिन पर सहयोगी दलों के बीच मतभेद उभर सकते हैं।

सरकार की प्राथमिकता अब महिला आरक्षण कानून को लागू करने और परिसीमन संबंधी विधेयक को आगे बढ़ाने की है। इन दोनों मुद्दों पर क्षेत्रीय दलों का समर्थन बेहद अहम माना जा रहा है। ऐसे में सरकार किसी भी ऐसे विवाद से बचना चाहती है।

**राजनीतिक समीकरण साधने की कोशिश में केंद्र सरकार**

संसदीय सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार फिलहाल अपने सहयोगी दलों के साथ टकराव की स्थिति नहीं चाहती। इसलिए जिन विधेयकों पर व्यापक बहस और असहमति की संभावना है, उन्हें कुछ समय के लिए टालने का निर्णय लिया गया है। विशेष रूप से विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े संगठनों की ओर से कई सवाल उठाए गए हैं। वहीं, मंत्रियों की अयोग्यता से जुड़े संविधान संशोधन प्रस्ताव पर भी अलग-अलग दलों के मत भिन्न हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीएसई: 10वीं सेकंड बोर्ड का रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई ने कक्षा 10 की सेकंड बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा में शामिल छात्र अब अपना रिजल्ट डिजिलॉकर रिजल्ट्स पोर्टल पर जाकर देख सकते हैं। बोर्ड के अनुसार, मुख्य बोर्ड परीक्षा और सेकंड बोर्ड परीक्षा दोनों के परिणामों को मिलाकर इस वर्ष कक्षा 10 का कुल पास प्रतिशत 96.78 प्रतिशत रहा है। कंपार्टमेंट श्रेणी का पास प्रतिशत भी पिछले वर्ष के 48.68 प्रतिशत से बढ़कर इस बार 52.40 प्रतिशत हो गया है। बोर्ड ने कहा है कि सत्यापन, पुनर्मूल्यांकन और अन्य पोस्ट-रिजल्ट सेवाओं से संबंधित जानकारी अलग से जारी की जाएगी। इस परीक्षा में कुल 6,63,777 विद्यार्थी शामिल हुए थे।

### अब शहीद कैप्टन के नाम पर कठुआ रेलवे स्टेशन

**श्रीनगर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ रेलवे स्टेशन का नाम बदल दिया गया है। कठुआ रेलवे स्टेशन को अब शहीद कैप्टन सुनील कुमार चौधरी रेलवे स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि लोगों की भारी मांग पर, कठुआ रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर शहीद कैप्टन सुनील कुमार चौधरी रेलवे स्टेशन कठुआ कर दिया गया है। स्थानीय लोग और शहीद के परिजन लंबे समय से कठुआ स्टेशन का नाम बदलने की मांग कर रहे थे। कैप्टन सुनील कुमार चौधरी भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट के अधिकारी थे और 7/11 गोरखा राइफल्स से जुड़े थे। उन्हें कीर्ति चक्र मरणोपरांत और सेना मेडल से सम्मानित किया गया था।

# तीसरी शादी के बाद आमिर को मिली जान से मारने की धमकी

**मुंबई, जेएनएन।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान को उनकी तीसरी शादी के बाद जान से मारने की धमकी मिलने का दावा किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लॉरेंस गैंग के नाम से एक कथित लेटर और ऑडियो नोट जारी किया गया है, जिसमें आमिर खान की हाल ही में हुई शादी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं।

हालांकि, इस मामले में अभी तक मुंबई पुलिस या आमिर खान की टीम की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। वायरल लेटर में आमिर खान की 5 जुलाई को गौरी स्प्रैट से हुई शादी को 'लव जिहाद' बताते हुए उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। पत्र में दावा किया गया है कि इस तरह की शादियों को बढ़ावा देने वालों को 'सबक सिखाया जाएगा'। सोशल मीडिया पर यह कथित लेटर और ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



**लॉरेंस गैंग के नाम से लेटर और ऑडियो वायरल**

# सुप्रीम कोर्ट की नजर में हर गाली अश्लील नहीं

### कहा- अभद्र भाषा और अश्लीलता में अंतर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति द्वारा गाली-गलौज या अभद्र भाषा का इस्तेमाल हर स्थिति में कानूनी रूप से अश्लीलता नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि अभद्र भाषा और अश्लीलता दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं और किसी शब्द को तभी अश्लील माना जाएगा, जब उसका उद्देश्य कामुकता को बढ़ावा देना हो या उसका प्रभाव समाज को नैतिक रूप से भ्रष्ट करने वाला हो।

जस्टिस संजय करोल और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह टिप्पणी तमिलनाडु के एक मामले की सुनवाई के दौरान की। शिकायतकर्ता का आरोप था कि आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज की, जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और बाद में घर से हथियार लाकर हमला कर दिया। इस हमले में शिकायतकर्ता की नाक की हड्डी टूट गई थी। निचली अदालत ने आरोपी को अश्लीलता, गंभीर चोट पहुंचाने और आपराधिक धमकी का दोषी ठहराया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि केवल गाली देने या अभद्र भाषा का प्रयोग करने से वह स्वतः अश्लीलता की श्रेणी में नहीं आ जाता।

**9 साल से जेल में बंद हत्या के आरोपी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत**



सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में पिछले नौ वर्षों से जेल में बंद आरोपी लियाकत अली को जमानत दे दी है। अदालत ने कहा कि मुकदमे की सुनवाई में हुई असाधारण देरी न्यायिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है और बिना ट्रायल में पर्याप्त प्रगति के किसी व्यक्ति को अनिश्चितकाल तक जेल में रखना उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने कहा कि घटना के समय आरोपी किशोर था और अब तक नौ वर्ष बीत चुके हैं। मौजूदा गति को देखते हुए ट्रायल पूरा होने में अभी लंबा समय लग सकता है। ऐसे में उसे लगातार जेल में रखना उचित नहीं है। अदालत ने कहा कि त्वरित सुनवाई (स्पीडी ट्रायल) का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का हिस्सा है। विशेष रूप से लंबे समय से हिरासत में बंद आरोपियों के मामलों में इस अधिकार की रक्षा करना अदालतों की संवैधानिक जिम्मेदारी है।

**72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** 'आर्टिकल 370' सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म, राव की 'श्रीकांत' सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म

# कार्तिक और ममूटी बेस्ट एक्टर, यामी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में शामिल 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (वर्ष 2024 के लिए) की घोषणा शनिवार को कर दी गई। इस बार हिंदी फिल्म 'आर्टिकल 370' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला, जबकि राजकुमार राव की 'श्रीकांत' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म चुना गया। अभिनय श्रेणी में कार्तिक आर्यन (चंदू चैंपियन) और ममूटी (ब्रमायुगम) को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला, जबकि यामी गौतम को 'आर्टिकल 370' में दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान दिया गया।

पुरस्कारों की घोषणा के साथ ही विभिन्न भारतीय भाषाओं की फिल्मों और तकनीकी क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कलाकारों और फिल्मकारों को भी सम्मानित किया गया।

आदित्य सुहास जांभले के निर्देशन में बनी 'आर्टिकल 370' को इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म पुरस्कार मिला। फिल्म में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने की पृष्ठभूमि को राजनीतिक और सुरक्षा दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में यामी गौतम ने एनआईए अधिकारी जूनी हक्सर की भूमिका निभाई, जिसे व्यापक सराहना मिली। वहीं, दृष्टिबाधित उद्योगपति श्रीकांत बोला के जीवन पर आधारित फिल्म 'श्रीकांत' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार मिला।

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की श्रेणी में इस बार दो कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्तिक आर्यन को फिल्म 'चंदू चैंपियन' में पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की प्रेरणादायक भूमिका निभाने के लिए यह सम्मान मिला। वहीं, मलयालम फिल्म 'ब्रमायुगम' में शानदार अभिनय के लिए दिग्गज अभिनेता ममूटी को भी संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता चुना गया।



**'वीर सावरकर' के लिए रणदीप हुड्डा को भी किया सम्मानित**

राजकुमार पेरियासामी को 'अमरन' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया। वहीं रणदीप हुड्डा को बेस्ट डेब्यू डॉयरेक्टर के लिए उनकी फिल्म 'वीर सावरकर' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। मनोरंजन से भरपूर सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का सम्मान 'कल्कि 2898 एडी' को मिला। संजय मिश्रा को 'भक्षक' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता और रोहिणी वाकरडी (मिथ्या) और सजाना नमीदास (महाराजा) को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।

**'महाराजा' फिल्म को मिला सर्वश्रेष्ठ एडिटिंग का पुरस्कार**

तकनीकी पुरस्कारों में भी कई फिल्मों ने अपनी छाप छोड़ी। 'ब्रमायुगम' के लिए रेहानाद जलाल को सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी, 'पुष्पा-2' के लिए सुकुमार को सर्वश्रेष्ठ पटकथा तथा दीपाली नूर और शीतल शर्मा को सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिजाइन का पुरस्कार मिला। 'कल्कि 2898 एडी' ने सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन का सम्मान जीता, जबकि 'महाराजा' के लिए अनल अर्श को सर्वश्रेष्ठ एडिटिंग का पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ गीत का पुरस्कार 'आर्टिकल 370' के गीत 'शाश्वत सत्यदेव' को मिला।

**क्षेत्रीय सिनेमा को भी मिला सम्मान**

क्षेत्रीय फिल्मों में 'रायन' को सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म, 'कमेटी कुर्रोल्लू' को सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फिल्म, 'लाहरी' को सर्वश्रेष्ठ ओड़िया फिल्म, 'मुक्काम पोस्ट बाम्बिलवाड़ी' को सर्वश्रेष्ठ मराठी फिल्म और 'सुनीता' को सर्वश्रेष्ठ मणिपुरी फिल्म चुना गया। इसके अलावा 'कैप्टन मिलर' और 'मेय्याझगन' को स्पेशल मेंशन से सम्मानित किया गया।

# बंगाल में अभिषेक बनर्जी के कार्यालय पर चला बुलडोजर

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के अमतला में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी के पार्टी कार्यालय के एक हिस्से को शनिवार को जिला प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। प्रशासन का कहना है कि भवन बिना स्वीकृत निर्माण योजना के बनाया गया था। वहीं, टीएमसी ने कार्रवाई को राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित बताते हुए इसे अदालत में चुनौती देने की बात कही है।

अभिषेक बनर्जी ने कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी कार्यालय उनके लिए मंदिर के समान है। उन्होंने दावा किया कि जमीन विधिवत खरीदी गई थी और भवन स्वीकृत नक्शे के अनुसार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी दस्तावेज कलकत्ता हाईकोर्ट में पेश किए जाएंगे और जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया जाएगा। अभिषेक ने कहा, 'हर कार्रवाई की बराबर और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। अगर मैं 2031 तक जीवित रहा, तो विधानसभा चुनाव के बाद इसी कानून के जरिए ब्याज सहित इसका जवाब दूंगा।'



**बागी नेताओं को चुनौती, वापस लौटें, एक घंटे में दे दूंगा इस्तीफा**

अभिषेक बनर्जी ने पार्टी छोड़ने वाले नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें खुली चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि जो नेता आज उन पर आरोप लगा रहे हैं, यदि वे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में दोबारा पार्टी में लौट आते हैं, तो वह एक घंटे के भीतर पद से इस्तीफा दे देंगे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# परमाणु संयंत्र के डेटा चोरी से उठ रहे गंभीर सवाल

*तमिलनाडु के कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र से कथित डेटा लीक के बाद भारत की साइबर सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठे हैं। कुडनकुलम परमाणु संयंत्र से जुड़े कथित डेटा लीक ने साइबर सुरक्षा को गंभीर सवालों के कटघरे में खड़ा कर दिया है। इसमें कोई दोराय नहीं कि समय के साथ बदलती तकनीक ने सभी क्षेत्रों में अपनी अनिवार्य जगह बनाई है। डिजिटल संरचना से लैस करना किसी भी संयंत्र की उपयोगिता बनाए रखने का सबसे अहम जरिया बन गया है।*

*मगर यह भी तथ्य है कि जैसे-जैसे हर स्तर पर डिजिटल दायरे का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे साइबर फर्जीवाड़े से लेकर हमलों तक का संजाल भी फैलता जा रहा है। मामला केवल पैसों की ठगी या धोखाधड़ी तक सीमित नहीं है, बल्कि अलग-अलग बड़े महत्व के संस्थानों से लेकर बेहद संवेदनशील इकाइयों में भी जिस तरह साइबर सेंधमारी की घटनाएं सामने आ रही हैं, वह अब समूची दुनिया में एक व्यापक चिंता का कारण बन रही है।*

*हैरानी की बात यह है कि एक ओर लगभग सभी क्षेत्रों में छोटे से लेकर बड़े काम तक का डिजिटलीकरण किया जा रहा है और साइबर सुरक्षा के सवाल को सबसे महत्त्वपूर्ण बताया जा रहा है, दूसरी ओर आए दिन साइबर हमलों या फर्जीवाड़े की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी की खबरें आ रही हैं।*

*गौरतलब है कि तमिलनाडु के कुडनकुलम स्थित देश की सबसे बड़ी परमाणु ऊर्जा परियोजना से जुड़े हजारों संवेदनशील और गोपनीय प्रकृति के दस्तावेज सार्वजनिक होने की खबर के बाद साइबर सुरक्षा के मसले पर व्यापक चिंता उभरी है। दरअसल, 'वर्ल्ड लीक्स' नाम से कुख्यात एक साइबर अपराधी गिरोह ने दावा किया कि उसने संयंत्र से संबंधित उन्नीस हजार से ज्यादा संवेदनशील फाइलें 'डार्क वेब' पर जारी कर दी हैं।*

*ज्यादा चिंता की बात यह है कि जारी दस्तावेजों को चोरी हुए डेटा की आठ लाख अट्ठावन हजार फाइलों का महज एक हिस्सा बताया गया है। जाहिर है, यह घटना देश की परमाणु ऊर्जा से संबंधित एक महत्त्वपूर्ण अवसंरचना के साइबर सुरक्षा तंत्र के मजबूत होने के दावों पर एक सवालिया निशान है। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से बेहद गंभीर घटना माना जा रहा है। हालांकि खबरों के मुताबिक, चोरी हुए डेटा में परमाणु संयंत्र के मुख्य तंत्र की रूपरेखा शामिल नहीं है, लेकिन जो ब्योरे उड़ाए गए, उनकी वजह से गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।*

*अब भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल और भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम इस मामले की जांच कर रहे हैं, लेकिन यह सवाल उठा है कि जब सबसे संवेदनशील माने जाने वाले संयंत्र की साइबर सुरक्षा में सेंध लगाकर कोई गिरोह इतनी आसानी से डेटा चोरी करके बाकायदा जारी कर दे रहा है, तो किस जगह और हिस्से को सुरक्षित माना जाए।*

*साइबर हमलों के लिहाज से भारत फिलहाल दुनिया के सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में से एक है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले वर्ष भारत में 2.89 करोड़ खाते किसी न किसी रूप में साइबर फर्जीवाड़े की जद में आए। विडंबना यह है कि कई बार संस्थानों को अपने तंत्र में हुए साइबर हमलों के बारे में पता भी नहीं चल पाता। ऐसे में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र में हुए साइबर हमले की गंभीरता समझी जा सकती है। पिछले कुछ समय से देश की महत्त्वपूर्ण अवसंरचनाओं पर साइबर हमलों में जैसी तेजी दर्ज की गई है, उससे साफ है कि जिस रफ्तार से हर स्तर पर डिजिटलीकरण हो रहा है, उसी अनुपात में सुरक्षा इंतजामों का जाल तैयार नहीं किया जा रहा है। खासतौर पर साइबर अपराधों में जब से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल बढ़ा है, तब ऐसे हमलों से निपटना भी जटिल हुआ है।*

## प्रसंगवश

# फॉर्मूला आधारित पढ़ाई से शिक्षा में बढ़ीं समस्याएं

**अनुराग बेहर**

*पिछले हफ्ते एक स्कूल में गया था, जहां एक शिक्षक करीब 20 छात्रों से 'भिन्न' का सवाल हल करा रहे थे। बच्चों ने कागज को आधे और चौथाई हिस्सों में मोड़ रखा था। वहां हलचल, रंग और चहल-पहल थी। कक्षा समाप्त होने पर जब कुछ बच्चों से पूछा कि भिन्न क्या होता है, तो वे अवाक रह गए। उन्होंने अपने हाथों में मुड़े हुए कागज को देखा और फिर मुझे देखा। उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं था। शिक्षक ने कक्षा में अभ्यास तो करा दिया, लेकिन कोई बच्चा सीख नहीं पाया था। इसमें शिक्षक की कोई गलती नहीं थी। वह पूरी ईमानदारी से वही करा रहे थे, जिसे अच्छी पढ़ाई मानी जाती है। गलती एक ऐसी बौद्धिक चूक में थी, जिसने दो दशकों से स्कूली शिक्षा का बेड़ा गर्क कर रखा है। हम अभी भी इसके नतीजे भुगत रहे हैं।*

*यह गलती 'रचनावाद' (कंस्ट्रक्टिविज्म) से जुड़ी है। इंसान को सीखने के लिए आंशिक रूप से 'रचनावाद' महत्वपूर्ण है। यह कहता है कि किसी निष्क्रिय दिमाग में ज्ञान डाला नहीं जा सकता। इसके लिए सीखने वाला स्वयं सक्रिय रूप से समझ बनाता है और नई चीजों को उन चीजों से जोड़ता है, जिनको वह पहले से जानता है। साल 2005 के 'नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क', यानी राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा में इस सिद्धांत को शिक्षा की सोच के केंद्र में रखा गया और रटंत विद्या, पाठ्य-पुस्तकों के दबदबे और बच्चे को खाली बर्तन समझने जैसी मूल समस्याओं को हल करने के लिए कुछ नहीं किया गया।*

*सीखना निर्माण की एक सक्रिय व सतत प्रक्रिया है, लेकिन इस विचार को हमने छोड़ दिया और इसकी जगह 'पढ़ाने में निर्देश कम से कम होने चाहिए' को अपना लिया। इसमें 'शिक्षक को समझाने की जहमत नहीं उठानी है, निर्देश देना तानाशाही है, बच्चों को गतिविधि के जरिये खुद विचार खोजने चाहिए, अभ्यास व याद करना समझ के दुश्मन हैं' जैसी बातें होने लगीं। रचनावाद सोचने-समझने का एक फॉर्मूला न रहकर, पालन करने वाला एक सिद्धांत बन गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में इन्हें नारों की तरह सिखाया गया, जैसे 'गतिविधियां अच्छी हैं, लेकिन समझाना बुरा है; खोज अच्छी है, बताना बुरा है; समझना अच्छा है, याद रखना बुरा है।' पाठ्य-पुस्तक में अध्यायों की शुरुआत ऐसी गतिविधियों से की जाती हैं, जिनको कराने के लिए शिक्षक के पास न तो समय होता है और न तैयारी। कक्षा की निगरानी करते वक्त यह देखा जाता है कि कितनी गतिविधियां हुईं, न कि यह कि किसने क्या सीखा?*



*इंसानी मामलों में यह एक पुराना पैटर्न है, जो सिर्फ शिक्षा तक सीमित नहीं है। अल्फ्रेड नॉर्थ व्हाइटहेड ने इसे 'फैलेसी ऑफ मिसप्लेस्ड कंक्रिटनेस' कहा था, यानी किसी अमूर्त विचार को ही वास्तविकता मान लेना। प्रत्येक अमूर्त अवधारणा कुछ चीजों को छोड़कर किसी न किसी मुख्य बात को उजागर करती है। रचनावाद कक्षा, बच्चों की संपूर्णता, विषय, शिक्षक, संसाधन आदि को छोड़ देता है। जब इस अमूर्त विचार को ही सर्वोपरि मान लिया जाता है, तो बाकी चीजों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है, जैसे वे हैं ही नहीं। इस गलती में ही क्रूरता निहित है। इसके असर हरेक पर समान रूप से नहीं होते हैं। इसमें शिक्षित माता-पिता के बच्चे घर में मिलने वाली शिक्षा के कारण शिक्षा संबंधी कमियों से बच जाते हैं, लेकिन ऐसे परिवारों के छात्रों को कोई सहारा नहीं मिलता, जिनके परिवार की पहली पीढ़ी शिक्षा के क्षेत्र में जा रही होती है।*

*बच्चे की गरिमा और ज्ञान को जीवन से जोड़ना आज भी महत्वपूर्ण विचार हैं। अच्छा शिक्षण कर्म किसी फॉर्मूले का पिछलग्गू नहीं हो सकता। यह पूरी तरह से विवेक का मामला है। शिक्षक के लिए यह जानना जरूरी है कि कब समझाना है और कब बच्चों को संघर्ष करने देना है, कब कोई गतिविधि समझ को गहरा करती है या केवल समय बिताने का साधन भर है और किन चीजों को अभ्यास के माध्यम से आत्मसात कराना है, ताकि मन सोचने के लिए स्वतंत्र रहे। कुल मिलाकर, सबसे अहम सबक यह है कि फॉर्मूला आधारित शिक्षा विवेक का शत्रु है। इसलिए, मूल बात यह देखना है कि बच्चा सीखता है या नहीं?*

***( लेखक अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ हैं )***

---

एआई नवाचार

# क्या स्क्रीन और एआई से कमजोर हो रही याददाश्त

**● मोहम्मद जुबैर ●**

आज डिजिटल दौर में सूचनाओं तक पहुंच बेहद आसान हो गई है। दुनिया भर की जानकारी पल भर में हमारी स्क्रीन पर उपलब्ध हो जाती है। मगर इसके दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं। आज डेटा जितना समृद्ध हो रहा है, हमारी अपनी याददाश्त उतनी ही कमजोर होती जा रही है। 'गूगल' के असर की वजह से हम सूचनाओं को याद रखने के बजाय केवल यह याद रखने लगे हैं कि वे कहां उपलब्ध हैं। नतीजतन 'डिजिटल डिमेंशिया' यानी स्मृतिलोप जैसी प्रवृत्ति जन्म ले रही है, जिसमें डिजिटल उपकरणों पर अति-निर्भरता के कारण सूचनाओं को स्वयं याद रखने की आदत कमजोर होने लगी है। इसका अतिरेक याददाश्त, एकाग्रता और सीखने की क्षमता को प्रभावित कर रहा है।

'डिजिटल डिमेंशिया' शब्द का पहली बार 2012 में प्रयोग जर्मन मनोचिकित्सक डॉ. मैनफ्रेड स्पिट्जर ने किया था। तब दुनिया को लगा कि यह महज एक वैज्ञानिक चेतावनी है, लेकिन आज यह हकीकत में बदलती दिखाई दे रही है। स्मृतिलोप को आमतौर पर बुढ़ापे की बीमारी माना जाता है, जिसमें मस्तिष्क की सोचने, याद रखने और निर्णय लेने की क्षमता उम्र के साथ घटने लगती है। विडंबना यह है कि आज के डिजिटल दौर में युवाओं और यहां तक कि बच्चों की भी मानसिक स्थिति बुजुर्गों जैसी होने लगी है।

दरअसल, हम स्मरण, चिंतन और



निर्णय लेने जैसे मानसिक कार्यों के लिए 'क्लिक' और 'सर्च' पर निर्भर होते जा रहे हैं और सोचने का काम कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई को देने लगे हैं। वहीं दिमाग अब इंटरनेट को अपनी बाहरी स्मृति मानने लगा है। पहले याद रखने के अधिकांश कार्य मानवीय स्मृति और मानसिक क्षमता के बल पर ही संपन्न होते थे। आज इनके लिए बाहरी स्रोतों का सहारा लिया जा रहा है।

> **डिजिटल उपकरणों पर बढ़ती निर्भरता याददाश्त और एकाग्रता जैसी मानसिक क्षमताओं के लिए नई चुनौती बनती जा रही है। स्क्रीन और एआई पर बड़ी निर्भरता डिजिटल डिमेंशिया का खतरा बढ़ा रही है।**

हाल में हुए शोधों में इस आदत के कारण स्मृति के निर्माण, भंडारण और किसी पुरानी बात को याद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दिमाग के 'हिप्पोकैम्पस' के सिकुड़ने के संकेत मिले हैं। चिकित्सा विज्ञान का नियम है कि जिस अंग का उपयोग कम किया जाता है, वह समय से पहले कमजोर होने लगता है। मानव मस्तिष्क में 'न्यूरोप्लास्टिसिटी' की क्षमता होती है, जिसके तहत दिमाग नए अनुभवों के आधार पर खुद को बदलता रहता है। जब हम लगातार स्क्रीन को आगे बढ़ाते रहते हैं और दिमाग पर याद रखने का कोई दबाव नहीं डालते, तो 'न्यूरोप्लास्टिसिटी' सकारात्मक दिशा में काम करने लगती है। मस्तिष्क खुद को 'कम मेहनत' करने के लिए ढाल लेता है।

बचपन और किशोरावस्था में इसका प्रभाव सबसे अधिक दिखाई दे रहा है, क्योंकि इसी अवधि में मस्तिष्क का विकास सर्वाधिक तीव्र होता है। रील, संक्षिप्त वीडियो और त्वरित सूचना-उपभोग की संस्कृति ने एकाग्रता या ध्यान को कुछ सेकंड तक सीमित कर दिया है, जिससे गहन अध्ययन और लंबे समय तक एकाग्र रहने की क्षमता कमजोर पड़ रही है। इसके साथ ही समस्या-समाधान, तार्किक विश्लेषण और स्वतंत्र चिंतन जैसी संज्ञानात्मक क्षमताओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। व्यावहारिक स्तर पर दूसरों की भावनाओं को समझने और उनसे जुड़ने की क्षमता घट रही है, जिस कारण चिड़चिड़ापन, सामाजिक अलगाव और अवसाद बढ़ रहे हैं।

मस्तिष्क के छवि-निर्माण के अध्ययनों से भी संकेत मिलता है कि अत्यधिक डिजिटल निर्भरता मस्तिष्क की संरचना और कार्यप्रणाली को प्रभावित कर रही है। हाल में हुए शोधों में मस्तिष्क के 'ग्रे मैटर' में कमी देखी जा रही है, जो सीखने, स्मृति और भावनात्मक नियंत्रण जैसी महत्त्वपूर्ण संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं से जुड़ा होता है। एक शोध के मुताबिक, इंटरनेट की लत से 'ग्रे मैटर' का घनत्व घटता है। साथ ही, 'व्हाइट मैटर' की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है, जिससे मस्तिष्क के विभिन्न भागों के बीच सूचना के आदान-प्रदान, भाषा क्षमता और समन्वित कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

डिजिटल स्मृतिलोप के बढ़ते खतरे के बीच अब 'माइंडफुल टेक यूज' यानी तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग आज समय की आवश्यकता बन गया है। इसके लिए आवश्यक है कि डिजिटल तकनीकों का उपयोग आवश्यकता तक सीमित रखा जाए, न कि उसे हर मानसिक कार्य का विकल्प बना दिया जाए। छोटी-छोटी सूचनाएं याद रखने का अभ्यास मस्तिष्क को सक्रिय बनाए रखता है। साथ ही नियमित 'डिजिटल डिटॉक्स' यानी परिष्कार अपनाकर कुछ समय के लिए स्क्रीन से दूरी बनाना, पहेलियां हल करना, पुस्तकें पढ़ना, नई भाषाएं या कौशल सीखना जैसे संज्ञानात्मक अभ्यास मस्तिष्क की कार्यक्षमता को सुदृढ़ करते हैं। वास्तविक सामाजिक संबंध, मैदानी खेल, योग, संगीत और प्रकृति के साथ समय बिताना भी मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। विशेष रूप से अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की स्क्रीन-अवधि पर संतुलित नियंत्रण रखें और उन्हें रचनात्मक तथा अनुभवात्मक गतिविधियों से जोड़ें।

गौरतलब है कि मानव सभ्यता का विकास स्मृति, जिज्ञासा और चिंतन की शक्ति पर आधारित रहा है। इन्हीं क्षमताओं ने मनुष्य को नवाचारकर्ता बनाया है। मगर आज तीव्र इंटरनेट और एआई संचालित युग में 'डिजिटल डिमेंशिया' जैसी उभरती चुनौतियां चिंतित कर रही हैं। इसके दुष्प्रभाव दिखाई देने लगे हैं। ऐसे में अगर यह प्रवृत्ति दशकों और पीढ़ियों तक जारी रहती है, तो इसके परिणाम कहीं अधिक भयावह होंगे। भविष्य इस बात पर निर्भर नहीं करेगा कि तकनीक कितनी 'स्मार्ट' हुई, बल्कि इस पर कि हम अपनी मानवीय चेतना, विवेक और दिमागी क्षमता को कितना जीवंत बनाए रख पाए। ऐसे में आज 'माइंडफुल टेक यूज' यानी सजगता के साथ तकनीक का उपयोग समय की अनिवार्य आवश्यकता बन गई है।

---

लग्जरी गैजेट्स

**सिर्फ 19 लोग ही बन सकेंगे इसके मालिक**

# 24 कैरेट गोल्ड में सजे रोनाल्डो मेसी एडिशन स्मार्टफोन लॉन्च

**फुटबॉल और लग्जरी गैजेट्स के शौकीनों के लिए एक बेहद अनोखी खबर है। लग्जरी स्मार्टफोन बनाने वाली एक कंपनी ने फुटबॉल के सुपरस्टार लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो को समर्पित दो बेहद खास लिमिटेड एडिशन स्मार्टफोन पेश किए हैं। जिनके दुनिया भर में सिर्फ 19-19 पीस ही बेचे जाएंगे। आइए जानते हैं कि इस रॉयल गैजेट की डिटेल...**

दो बड़े सितारों लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सम्मान में कैवियार ने बेहद खास लिमिटेड एडिशन स्मार्टफोन लॉन्च किए हैं। कंपनी ने सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा और एपल आईफोन 17 प्रो को 24 कैरेट गोल्ड, प्रीमियम हैंडक्राफ्टेड डिजाइन और खास कलेक्टर एलिमेंट्स के साथ पेश किया है। आपको इस लिमिटेड एडिशन की सिर्फ 19-19 यूनिट ही बनाई गई है, जिससे यह स्मार्टफोन और भी एक्सक्लूसिव बन गए हैं।

### मेसी एडिशन में क्या है खास?

कैवियार का मेसी एडिशन आने वाले सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा पर आधारित है। इसके बैक पैनल पर अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी की तस्वीर, उनकी जर्सी नंबर 10 और अर्जेंटीना के राष्ट्रीय प्रतीकों को काफी खूबसूरती से उकेरा गया है। बताया जा रहा है कि इस एडिशन की जटिल इंजीनियरिंग और फोल्डिंग डिजाइन मेसी के खेल से प्रेरित है।

वहीं, जो हल्के नीले और सफेद इनेमल रंगो को 24 कैरेट गोल्ड-प्लेटेड आउटलाइन के साथ सजाया गया है, जो अर्जेंटीना के राष्ट्रीय नायक के रूप में मेसी के सम्मान को दर्शाता है। प्रीमियम एनामेल फिनिश और गोल्ड प्लेटिंग इसे सिर्फ एक स्मार्टफोन नहीं, बल्कि एक कलेक्टर्स पीस बनाती है।

### रोनाल्डो एडिशन भी कुछ कम नहीं

रोनाल्डो एडिशन को एपल आईफोन 17 प्रो पर तैयार किया गया है। इसके बैक पैनल पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तस्वीर, उनकी मशहूर जर्सी नंबर 7 और पुर्तगाल के राष्ट्रीय प्रतीकों को शामिल किया गया है। इसमें भी 24कैरेट गोल्ड प्लेटिंग और खास ज्योमेट्रिक डिजाइन दिया गया है, जो इसे सामान्य आईफोन से बिल्कुल अलग पहचान देता है।

### सिर्फ खास 19 लोग ही बन सकेंगे इसके मालिक

कैवियार ने इसकी विशिष्टता यानी एक्सक्लूसिविटी का ध्यान रखा है। इसलिए दुनिया भर में इन दोनों ही मॉडल्स के सिर्फ 19-19 यूनिट्स ही तैयार किए गए हैं। इसका मतलब है कि पूरी दुनिया में मेसी एडिशन के सिर्फ 19 और रोनाल्डो एडिशन के सिर्फ 19 ही मालिक होंगे। इतना ही नहीं, जो कोई भी इन चमचमाते फोन्स को खरीदेगा, उन्हें कंपनी की तरफ से एक बेहद खास कलेक्टर प्रीमियम बॉक्स भी दिया जाएगा। इस वीआईपी बॉक्स के अंदर फोन के साथ एक बेहद खूबसूरत गोल्ड-प्लेटेड चाबी और एक मेमोरियल ब्रांडेड स्मारक सिक्का भी तोहफे के रूप में मिलेगा।



### कितनी कीमत में मिलेंगे यह फोन?



चूंकि इन फोन्स को बनाने में असली सोने और अनगिनत घंटों की बारीक कारीगरी का इस्तेमाल किया गया है, इसलिए इनकी कीमत भी आसमान छूती रखी गई है-

- प्रो रोनाल्डो एडीशन (256 जीबी बेस वेरिएंट)- इसकी शुरुआती कीमत 11,410 डॉलर (लगभग 10,99,999 रुपये) रखी गई है।
- रोनाल्डो एडीशन (टॉप स्टोरेज वेरिएंट)- इसका सबसे महंगा वेरिएंट 13,130 डॉलर (करीब 12,63,000 रुपये) तक जाता है।
- अल्ट्रा मेसी एडीशन- मेसी के इस फोल्डेबल सोने के फोन की कीमत को भी इसी अति-प्रीमियम बजट कैटेगरी (लगभग 11 से 13 लाख रुपये के बीच) में रखा गया है।

---

सिल्वर स्क्रीन


# रियल हो रही है रील की दुनिया

**बॉलीवुड अब वास्तविक जिंदगियों के करीब हो रहा है। पिछले कुछ सालों में रियल घटनाओं और चुनिंदा लोगों की वास्तविक जिंदगियों पर बनी फिल्में और सीरीज इस बात का प्रमाण हैं। इस समय भी कई बायोपिक प्रदर्शन के लिए तैयार हैं और कई की घोषणा की जा चुकी है।**

**हाल ही में एक्टर राजकुमार राव का पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली के रूप में पहला लुक चर्चा में है, वहीं मशहूर वकील उज्जवल निकम के रूप में भी राजकुमार राव जल्द ही सिल्वर स्क्रीन पर नजर आने वाले हैं। इसी तरह आर माधवन, श्रद्धा कपूर, धनुष अन्य बायोपिक्स की नई लहर में हैं। क्रिकेटर युवराज सिंह और एक्टर मधुबाला, परवीन बाबी और मीना कुमारी की बायोपिक की भी घोषणा की गई है, और आगे की कास्टिंग और प्रोडक्शन डिटेल्स का इंतज़ार है। यहां जानिए कुछ रियल कहानियों पर आने वाली फिल्मों के बारे में...।**

### ईथा

**किस पर बेस्ड** - मशहूर मराठी तमाशा और लावणी आर्टिस्ट विथाबाई नारायणगांवकर
**कौन उनका रोल कर रही हैं**- श्रद्धा कपूर
**रिलीज कब** - 28 अगस्त
**खास बात**- उनकी हिम्मत की एक खास कहानी यह है कि वह बच्चे को जन्म देने के तुरंत बाद स्टेज पर परफॉर्म करने के लिए लौट आईं। लक्ष्मण उटेकर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म से श्रद्धा दो साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं।



### व्हाइट

**किस रपर बेस्ड**- स्पिरिचुअल लीडर और ह्यूमैनिटेरियन गुरुदेव श्री श्री रविशंकर
**रोल कौन कर रहा है**- विक्रांत मैसी
**रिलीज कब**- 2026 में आने की उम्मीद
**खास बात**- एक कन्वेंशनल शुरुआत से लेकर आज तक की बायोपिक के उलट, यह इंटरनेशनल पॉलिटिकल थ्रिलर कोलंबिया के 52 साल के सिविल कॉन्फ्लिक्ट के दौरान श्री श्री रविशंकर की शांति बनाने की कोशिशों पर फोकस करती है। मोंटू बस्सी के डायरेक्शन और सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन के सपोर्ट में, यह फिल्म ग्लोबल पीस प्रोसेस का एक कम जाना-पहचाना चैप्टर दिखाती है।



### जीडी नायडू


**किस पर बेस्ड**- इन्वेंटर और इंडस्ट्रियलिस्ट गोपालस्वामी दोराईस्वामी नायडू, जिन्हें 'इंडिया के एडिसन' के नाम से जाना जाता है।
**रोल कौन कर रहा है**- आर माधवन।
**रिलीज कब**- 17 जुलाई।
**खास बात**- इंडिया के टेक्नोलॉजी पावरहाउस बनने से बहुत पहले, जीडी नायडू मोटर, मशीन और देसी इनोवेशन बना रहे थे। कृष्णकुमार रामकुमार के डायरेक्शन में बनी यह



फिल्म उस इन्वेंटर की कम जानी-पहचानी कहानी को दिखाती है, जिसके काम ने इंडिया के इंडस्ट्रियल सफर को बनाने में मदद की। माधवन ने फिल्म को सह लेखन और प्रोड्यूस भी किया है।

### प्रहार

**किस पर बेस्ड**- जाने-माने स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्ज्वल निकम की कहानी
**रोल कौन कर रहा है**- राजकुमार राव
**रिलीज कब** - 7 अगस्त
**खास बात**- 1993 के मुंबई ब्लास्ट केस से लेकर 26/11 के आतंकवादी अजमल कसाब के केस तक,
निकम भारत के कुछ सबसे ज़्यादा देखे जाने वाले ट्रायल्स से जुड़े रहे हैं। अविनाश अरुण के डायरेक्शन में बनी इस कोर्टरूम ड्रामा में वामिका गब्बी, जयदीप अहलावत और सिकंदर खेर भी हैं।




### वी शांताराम

**किस पर बेस्ड**- कालजयी फिल्ममेकर शांताराम राजाराम वंकुद्रे, जिन्हें वी शांताराम के नाम से बेहतर जाना जाता है
**रोल कौन कर रहा है**- सिद्धांत चतुर्वेदी
**रिलीज कब**- अभी कोई डेट तय नहीं
**खास बात**- यह फिल्म इंडियन सिनेमा के कई खास दौर से गुज़रेगी, साइलेंट फिल्मों से लेकर साउंड और कलर के आने तक। अभिजीत शिरीष देशपांडे की लिखी और डायरेक्ट की हुई यह फिल्म, दो आँखें बारह हाथ (1957) और नवरंग (1959) जैसी क्लासिक फिल्मों के पीछे के जाने-माने फिल्ममेकर की जिंदगी को दिखाती है। तमन्ना भाटिया ने एक्टर जयश्री का रोल किया है, जो शांताराम की दूसरी पत्नी हैं।



### राकेश मारिया



**किस पर बेस्ड**- मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर राकेश मारिया।
**रोल कौन कर रहा है**- जॉन अब्राहम।
**रिलीज कब**- 2026 में आने की उम्मीद है।
**खास बात**- मारिया की यादों की किताब, 'लेट मी से इट नाउ' से इंस्पायर्ड, रोहित शेट्टी की यह फिल्म पुलिस ऑफिसर के करियर और 1993 के मुंबई ब्लास्ट और 26/11 के आतंकी हमलों जैसी इन्वेस्टिगेशन में उनके शामिल होने को दिखाती है। इसका अभी तक टाइटल नहीं रखा गया। प्रोजेक्ट में तमन्ना भाटिया भी हैं।

### इन पर भी काम चल रहा है...

**मां वंदे** : उन्नी मुकुंदन एक फिल्म में प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी का रोल कर रहे हैं, जो उनके शुरुआती सालों और पॉलिटिकल सफर को दिखाती है। इसे क्रांति कुमार सीएच ने डायरेक्ट किया है।

**कलाम -द मिसाइल मैन ऑफ इंडिया** : साउथ के एक्टर धनुष ओम राउत की इस फिल्म में पूर्व प्रेसिडेंट और एयरोस्पेस साइंटिस्ट डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का रोल करेंगे, जो कलाम की लाइफ और मेमॉयर विंग्स ऑफ फायर से इंस्पायर्ड है।

**इलायराजा** : धनुष मशहूर कंपोज़र इलायराजा का रोल भी करेंगे, जिसमें तमिलनाडु के गांव से भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर म्यूज़िकल आवाज़ों में से एक बनने तक के उनके सफ़र को दिखाया जाएगा।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 19 जुलाई 2026 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.52 अस्त : आज
05.24 उदय : कल

शहर का तापमान
28.0 ⁰ अधिकत
25.0 ⁰ न्यूनतम



# कई सरकारी विभागों में चल रहा मानदेय घोटाला

जागरण घोटाला

## एनआरएलएम और जिपं के सोशल ऑडिट विभाग में चल रहा फर्जीवाड़ा

### शिकायत के बाद जांच शुरू होते ही मचा हड़कंप



जागरण, सीधी

जिले के कई सरकारी विभाग मानदेय घोटाले को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। कलेक्टर की जन सुनवाई में शिकायती आवेदन अभी पहुंचते ही जिला पंचायत सीईओ ने इसे काफी गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू करा दी है। जांच शुरू होते ही फर्जीवाड़ा में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। दरअसल शिकायतकर्ता संदीप सिंह गहरवार निवासी अंधियारखोह सीधी द्वारा मानदेय घोटाले की जांच कराने को लेकर फरवरी 2026 से आवेदन दिया जा रहा था। किंतु मामले की जांच अभी जन सुनवाई कर रहे जिला पंचायत सीईओ को शिकायती आवेदन मिलने के बाद शुरू हुई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एक दर्जन से ज्यादा ऐसे कर्मचारी हैं जो एनआरएलएम एवं जिला पंचायत सीधी की ऑडिट शाखा में कार्य कर मानदेय दोनो जगह से लिया जा रहा है। दरअसल जिला पंचायत में सोशल ऑडिट एवं एनआरएलएम में सीआरपी, मास्टर ट्रेनर के पद में कार्य करने का समय एक ही है। दोनो पदों पर एक ही व्यक्ति द्वारा कार्य संपादन की कार्रवाई की जा रही है। एक कर्मचारी द्वारा तो महीने में 32 दिन का कार्य दिवस पूर्ण करते हुए मानदेय भी ले लिया गया। जो काफी हैरत करने वाला है। एनआरएलएम विभाग में सीआरपी और सीआरपी मास्टर एक माह में 20 दिवस एक बगिया मां के नाम, 10 दिवस कृषि सखी, 2 दिवस किसान पाठशाला का मानदेय प्राप्त किया था। साथ ही शिक्षा विभाग ने वहीं व्यक्ति अतिथि शिक्षक के रूप में, प्रदान संस्था में और जिला पंचायत ऑडिट शाखा में बीएसए के पद पर पदस्थ होकर शासन का मानदेय प्राप्त कर रहे हैं। इस पूरे मामले की शिकायत भोपाल तक भी पहुंची है। अब जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ धनंजय मिश्रा द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। बताया गया है कि दो जगहों में शासकीय मानदेय लेने वालों में भाजपा की दो महिला पदाधिकारियों का नाम भी शामिल है। इनके द्वारा एनआरएलएम एवं सोशल ऑडिट शाखा से बराबर मानदेय प्राप्त किया जा रहा है। मानदेय घोटाला सामने आने के बाद यह चर्चा होने लगी है कि जिले में उच्च शिक्षित बेरोजगारों की कमी नहीं है। फिर भी खास लोगों को दो-दो जगहों से मानदेय दिलाने में कुछ लोगों की प्रभावी भूमिका है। जिस पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

### घोटालेबाजों की लंबी फेहरिश्त

शिकायतकर्ता संदीप सिंह गहरवार का कहना है कि दो विभागों से लगातार मानदेय प्राप्त करने वाले एक दर्जन लोगों का नाम उनके पास मौजूद है। जिसकी जानकारी शिकायती आवेदन में दी गई है। जबकि मानदेय घोटालेबाजों की लंबी फेहरिश्त है। डबल मानदेय प्राप्त करने वालों की वास्तविक संख्या करीब 30 तक हो सकती है। उक्त विभागों की स्थिति यह है कि फर्जी मानदेय प्राप्त करने वालों की जानकारी छिपाई जा रही है। फर्जी मानदेय प्राप्त करने वालों में कई नियमित कर्मचारियों के सगे-संबंधी एवं रिश्तेदार भी शामिल हैं। जिनको हर महीने हजारों का मानदेय कागजी खानापूर्ति कर उपलब्ध कराने का खेल लंबे समय से चल रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि सीधी जिले में हजारों की संख्या में बेरोजगार ऊंची डिग्री लेकर 5-6 हजार महीने की नौकरी करने के लिए अपनी ताकत झोंक रहे हैं और कुछ विभागों में बिना काम किए ही कागजी खानापूर्ति का मानदेय एक ही व्यक्ति द्वारा दो-दो विभागों से उठाने का खेल पर्दे के पीछे से चल रहा है। इस घोटाले की निष्पक्ष जांच होने के साथ ही इसमें लिप्त लोगों पर आपराधिक मामला पंजीबद्ध किया जाए।

> शिकायती आवेदन हमें मिलते ही जांच के लिए एडिशनल सीईओ को सौंप दिया गया है।
> **शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, सीईओ जिला पंचायत सीधी**

> पूरे मामले की जांच जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ द्वारा की जा रही है।
> **पुष्पेन्द्र सिंह, डीएम एनआरएलएम सीधी**

## शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

### छः माह में फिर तीसरी बार हुई चोरी



**जागरण, सीधी।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम रजडिहा में एक व्यक्ति के घर में छः माह में तीसरी मर्तबा चोरी की वारदात अज्ञात चोरों द्वारा की गई है। पीड़ित की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने इस बार भी अपराध क्रमांक 0616, दिनांक 17 जुलाई 2026 को अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। घटना के संबंध में पीड़ित भगवानदीन सेन पिता रामनिहोर सेन उम्र 72 वर्ष ने बताया कि 16 जुलाई 2026 की रात करीब 12:30 बजे घर के सभी सदस्य भोजन के बाद अपने कमरों में सोने चले गए थे। उनका लड़का विनोद अपने परिवार के साथ सिंगरौली में रहता है। उसके कमरे में ताला बंद था। 17 जुलाई 2026 की सुबह करीब 6 बजे जब मेरी पत्नी सोकर उठी तो घर के पीछे तरफ छोटे लड़के के कमरे में पीछे तरफ से दीवाल खिड़की की तरफ सेंध लगी हुई थी। कमरे के अंदर सामान बिखरा हुआ था। घटना की जानकारी पाकर घर के सभी लोग कमरे में पहुंचे और देखा कि आलमारी व छोटे पेटी का ताला तोड़कर सोने के जेवरातों की चोरी की गई है। चोरी गए सोने के जेवरातों में बड़ा मंगलसूत्र एक नग, कान का झुमका एक नग, बाली एक नग, बिजली एक नग, सोने की अंगूठी एक नग, मनचली माला 14 नग, मनचली लॉकेट 5 नग, मराठी एक नग, चैन दो नग एवं चांदी के सामानों में कमर बंद एक नग, पायजेब एक नग, पायल 7 नग, बिछिया 6 नग, चांदी की थाली एक नग, चांदी का नारियल 1 नग, चांदी की सुपारी 1 नग, चांदी का पान एक नग कोई अज्ञात व्यक्ति रात में घर में सेंध लगाकर चोरी कर ले गया। पीड़ित ने बताया कि इससे पूर्व भी दो बार घर में चोरी की घटना हो चुकी है। पीड़ित का कहना था कि कोतवाली पुलिस केवल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के नाम पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

### दस वर्ष से संकुल केंद्र में संलग्न है शिक्षक

**जागरण, सीधी।** आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा बार-बार संलग्नीकरण समाप्त करने के आदेश देने के बावजूद जिले में संलग्नीकरण का खेल बदस्तूर जारी है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहां 10 वर्षों से संकुल प्राचार्य द्वारा एक माध्यमिक शिक्षक को स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों को धता बताते हुए अनधिकृत एवं अवैध रूप से संलग्न करते हुए वेतन भुगतान कराया जा रहा है। मामला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 सीधी का है जहां प्राचार्य द्वारा शासकीय हाईस्कूल डेम्हा के माध्यमिक शिक्षक योगेश कुमार तिवारी को विगत 10 वर्षों से कंप्यूटर चलाने के नाम पर संलग्न किया गया है, जबकि संकुल केंद्र क्रमांक 2 में दो कंप्यूटर ऑपरेटर के अतिरिक्त दो लिपिक एवं एक लेखापाल पदस्थ हैं। उल्लेखनीय है कि शासकीय हाई स्कूल डेम्हा एक परिसर एक शाला अंतर्गत एकीकृत शाला के रूप में कक्षा एक से दस तक का सम्मिलित विद्यालय है। विद्यालय में अतिथि शिक्षक सहित कुल आठ शिक्षक पदस्थ हैं। यहां कक्षावार तथा विषयवार शिक्षकों की कमी होने की वजह से अध्यापन कार्य में समस्या उत्पन्न हो रही है। इनका संलग्नीकारण समाप्त कर मूल पदस्थापना शासकीय हाई स्कूल डेम्हा में वापस किए जाने हेतु प्राचार्य द्वारा विगत तीन वर्ष से संकुल प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर, आयुक्त रीवा संभाग रीवा, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग रीवा तथा आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल को कई बार लिखा जा चुका है लेकिन कहीं से भी कोई सार्थक कार्यवाही नहीं हो सकी है।

### सुयश ने नीट परीक्षा पास कर परिवार का नाम किया रोशन



**जागरण, सीधी।** जिले के उत्तर करौदिया निवासी सुयश द्विवेदी ने नीट 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। सुयश ने 720 अंकों में से 586 अंक प्राप्त किए हैं। सुयश डॉ. आरबी द्विवेदी के पौत्र एवं वीरेंद्र द्विवेदी व श्रीमती अरुणा द्विवेदी के पुत्र हैं। प्रारंभ से ही मेधावी और शांत स्वभाव के सुयश ने परीक्षा की तैयारी के लिए एक वर्ष कोटा में रहकर कठोर परिश्रम किया। इस दौरान पेपर लीक की घटना से उन्हें निराशा हुई, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। पुनः आयोजित परीक्षा में पूरी तैयारी के साथ शामिल होकर उन्होंने यह सफलता अर्जित की। सुयश की इस उपलब्धि पर परिवारजनों के साथ-साथ जिले भर के लोगों ने बधाई दी है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अल्ट्राटेक द्वारा छिरहाई में आयोजित हुआ नेत्र परीक्षण शिविर



**जागरण, सीधी।** अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट सीधी द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व अंतर्गत ग्राम पंचायत छिरहाई में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 160 ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय रीवा के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों की आंखों की जांच की। इसके साथ ही सभी लाभार्थियों का रक्तचाप बीपी एवं वजन भी जांचा गया। आवश्यकता अनुसार मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा पात्र हितग्राहियों को चश्मे भी उपलब्ध कराए जाएंगे। यह जनकल्याणकारी शिविर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट सीधी के इकाई प्रमुख विनीत भटनागर, मानव संसाधन विभाग प्रमुख अभिषेक शर्मा एवं प्रशासनिक विभाग प्रमुख दिनेश शर्मा के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सीएसआर मैनेजर पार्थ सारथी मंडल एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर को सफल बनाने में ग्राम पंचायत छिरहाई के सरपंच दीपू सिंह तथा ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

### विवि स्थापना हेतु छात्रों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन





**जागरण, सीधी।** जिले में विश्वविद्यालय की मांग पिछले पांच-छः वर्षों से लगातार चली आ रही है। इसी कड़ी में जिले के सीधी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्रीमती रीति पाठक को छात्र-छात्राओं ने उनके सीधी आवास पर पहुंच कर सीधी जिले में विश्वविद्यालय स्थापना हेतु विधानसभा सत्र शुरू होने से ठीक पूर्व ज्ञापन सौंपा गया है। विधायक ने ज्ञापन लेने के दौरान छात्रों से संवाद किया और कहा कि मांग जायज है इसकी पहल करूंगी। छात्र प्रतिनिधि इंद्रलाल पटेल ने बताया कि जिले के लगभग सभी विधायकों एवं प्रतिनिधियों से इस बात को लेकर मिल चुका हूं। साथ ही उन्होंने जिले के सभी विधायकों से विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने के लिए जिले के छात्रों की ओर से अनुरोध किया। ज्ञापन सौंपने वालों में इंद्रलाल, ज्योति पटेल, हर्षित तिवारी, आकाश विश्वकर्मा, आंचल पटेल, निलेश विश्वकर्मा, महेंद्र कुमार जोगी, राकेश यादव, दिव्यांश पटेल, शैलेंद्र यादव, मीनू पनिका, प्रियंका सिंह, दीपिका अरेलिया, अंकित पटेल, ओमकालेश्वर पटेल, रिया तिवारी, कंचन पटेल, शिवेंद्र पटेल, शीतल साकेत, अंकित चौरसिया एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## चेक बाउंस के 5 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**जागरण, सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला न्यायालय परिसर सीधी में धारा-138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) के अंतर्गत चेक अनादरण (चेक बाउंस) से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के तत्वावधान में किया गया। इसके लिए अपीलीय न्यायालय की खंडपीठ में तृतीय जिला न्यायाधीश रवीन्द्र कुमार शर्मा तथा विचारणीय न्यायालय की खंडपीठ में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनू जैन की पीठों का गठन किया गया। विशेष लोक अदालत में कुल 35 प्रकरण संदर्भित किए गए, जिनमें से 5 प्रकरणों का पक्षकारों की आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। निराकृत प्रकरणों में कुल 1,88,000 रूपये की राशि का अवार्ड पारित किया गया।

# जंगल में मिले अज्ञात मानव कंकाल हत्याकांड का हुआ पर्दाफाश

## प्रेम प्रसंग में शादी के दबाव के बाद प्रेमी ने की युवती की पत्थर मारकर हत्या



जागरण, सीधी

पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी के मार्गदर्शन में थाना चुरहट पुलिस ने ग्राम कोष्टा पवाई के जंगल में मिले अज्ञात मानव कंकाल की हत्या का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 30 जून 2026 को ग्राम कोष्टा पवाई के जंगल में अज्ञात मानव कंकाल मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना चुरहट में मर्ग क्रमांक 36/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। घटनास्थल का निरीक्षण, शव पंचनामा एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही की जाकर पोस्टमार्टम कराया गया। पीएम रिपोर्ट एवं जांच में आये तथ्यों से हत्या का अपराध घटित होना पाए जाने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना चुरहट में धारा 103(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। तथा डीएनए परीक्षण की रिपोर्ट एवं मृतका के माता-पिता द्वारा पहचान किए जाने के उपरांत मृतिका की पहचान 19 वर्षीय युवती प्रियंका साकेत पिता राजराखन साकेत निवासी ग्राम मवई थाना चुरहट के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया। विश्वसनीय मुखबिर तंत्र सक्रिय करने के साथ ही मृतिका के नंबर का तकनीकी विश्लेषण किया गया। मृतिका के संपर्क में रहे व्यक्तियों से पूछताछ एवं साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर संदेही पवन कारपेन्टर पिता कुंजबिहारी कारपेन्टर उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम चिलरी कला, थाना कमर्जी, जिला सीधी को पूछताछ हेतु लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने प्रारंभ में पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन तकनीकी साक्ष्यों एवं कड़ी पूछताछ के आधार पर आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी एवं मृतिका की वर्ष 2024 से कॉलेज में जान-पहचान थी तथा वर्ष 2025 से दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। मृतिका द्वारा शादी की बात करने पर आरोपी द्वारा अलग-अलग जाति होने के कारण इंकार किया जा रहा था। घटना दिनांक 24 जून 2026 को आरोपी ने मृतिका को चुरहट बुलाया। जहा दोनों ग्राम कोष्टा पवाई के जंगल में पहुंचे, पुनः शादी को लेकर आपसी विवाद हुआ। इसी दौरान मृतिका द्वारा धमकी देते हुये स्वयं का नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। इसी बीच आरोपी ने मौके पर पड़े पत्थर से मृतिका के सिर के पीछे एवं कान के पास वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने मृतिका का मोबाइल बंद कर व्हाट्सप्प से उसकी बहन को भ्रामक संदेश भेजा। बाद में मृतिका का मोबाइल तोड़कर नरकुई नदी में फेंक दिया। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य अतिरिक्त साक्ष्य एकत्र किए जा रहे है। प्रकरण में साक्ष्य छिपाने एवं अन्य संबंधित धाराओं का समावेश किया गया है। साथ ही एससी/एसटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत भी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक रीता त्रिपाठी, विवेचक थाना चुरहट एवं थाना चुरहट पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने मामले का खुलासा करने वाली पुलिस टीम की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है।

## कुसमी में स्वास्थ्य सेवाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा



**जागरण, सीधी।** जिले के दूरस्थ एवं वनांचल विकासखंड कुसमी में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनकेंद्रित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कुसमी जैसे वनांचल एवं भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। यहां आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर उपचार, आवश्यक दवाएं तथा मानवीय संवेदनाओं के अनुरूप स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ओपीडी, वार्ड, प्रसूति कक्ष, औषधि भंडार, प्रयोगशाला तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर उपचार, दवाओं की उपलब्धता एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में उनका फीडबैक भी लिया। कलेक्टर ने कहा कि वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ही स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अमला पूरी संवेदनशीलता, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। किसी भी मरीज को उपचार के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े तथा गंभीर मरीजों को तत्काल प्राथमिकता के आधार पर उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, आवश्यक जांच सुविधाएं, नियमित स्वास्थ्य सेवाएं तथा मरीजों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम यह सुनिश्चित करे कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति उपचार से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार खरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ज्ञानेंद्र मिश्रा, तहसीलदार नारायण सिंह तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने कलेक्टर का मैदानी निरीक्षण

## प्राचार्यों एवं अधीक्षकों की बैठक लेकर दिए गुणवत्ता सुधार के निर्देश



जागरण, सीधी

जिले में गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुख शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा ने शनिवार को कुसमी विकासखंड का व्यापक भ्रमण कर विद्यालयों, छात्रावासों तथा निर्माणाधीन शैक्षणिक अधोसंरचनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सांदीपनि विद्यालय कुसमी में प्राचार्यों एवं छात्रावास अधीक्षकों की बैठक लेकर शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों के अधिगम स्तर, छात्रावास संचालन तथा आधारभूत सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय भवन, सांदीपनि विद्यालय कुसमी, कुरूचु स्कूल भूइमाड़ तथा हाईस्कूल केशलार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में नियमित एवं प्रभावी शिक्षण कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक विद्यार्थी की शैक्षणिक प्रगति का सतत मूल्यांकन किया जाए। कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराया जाए और पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाओं, खेल गतिविधियों तथा अन्य उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षकों को निर्देश दिए कि छात्रावासों में स्वच्छता, सुरक्षा, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य परीक्षण तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएं। कलेक्टर ने सांदीपनि विद्यालय कुसमी का निरीक्षण कर कक्षाओं, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं एवं अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, भविष्य की योजनाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में जानकारी ली तथा उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने के निर्देश दिए।




# नीलाम नहीं हुआ ट्रैक्टर भी कर दिया सुपुर्द, कसा शिकंजा

## राजसात वाहन की जगह दूसरा ट्रैक्टर दे दिया

### बिना सुपुर्दगी पावती के हुआ रफा-दफा, खुला मामला




जागरण, सीधी

वन मंडल सीधी में जप्त एवं राजसात वाहनों की नीलामी प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता और विभागीय लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि अप्रैल 2025 में शासन स्तर पर हुई नीलामी के दौरान जिस सोनालिका ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 53 एए 2009 को नीलामी सूची में शामिल ही नहीं किया गया था, उसे भी कथित रूप से नीलाम वाहन बताकर बाहर कर दिया गया। इतना ही नहीं, यह पूरा घटनाक्रम बिना विधिवत सुपुर्दगी पावती और आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया के होने का आरोप है। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रैक्टर सीधी रेंज द्वारा जप्त किया गया था और बाद में उसे जमोड़ी काष्ठागार डिपो में खड़ा कराया गया था। अप्रैल 2025 में हुई नीलामी में सोनालिका कंपनी के दो ट्रैक्टरों की नीलामी हुई थी, जिन्हें सतना जिले के एक खरीदार ने खरीदा था। आरोप है कि ट्रैक्टरों की सुपुर्दगी के दौरान संबंधित वाहन का पंजीयन क्रमांक, चेसिस नंबर और इंजन नंबर का मिलान तक नहीं किया गया और नीलाम ट्रैक्टर के स्थान पर नीलामी में शामिल ही नहीं किया गया ट्रैक्टर खरीदार को सौंप दिया गया। मामले में यह भी आरोप है कि जमोड़ी डिपो में पदस्थ कर्मचारियों ने खरीदार से मिलीभगत कर उक्त ट्रैक्टर स्थानीय निवासी अंकित जायसवाल को बेचवा दिया। इस पूरी प्रक्रिया की न तो विभाग के अन्य कर्मचारियों को जानकारी दी गई और न ही विधिवत सुपुर्दगी पावती तैयार की गई। बताया जा रहा है कि वाहन सौंपे जाने के समय मौके पर सीधी रेंज का कोई जिम्मेदार कर्मचारी भी मौजूद नहीं था। मामले का खुलासा तब हुआ जब जनवरी 2026 में टाइगर रिजर्व और कमर्जी थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यही ट्रैक्टर अवैध रेत परिवहन करते हुए जप्त हुआ। पूछताछ में चालक ने बताया कि सतना के खरीदार ने यह ट्रैक्टर अंकित जायसवाल को बेच दिया था, जिसने बाद में इसे किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। यदि नीलामी और वाहन सुपुर्दगी की प्रक्रिया नियमानुसार कराई जाती तथा प्रत्येक वाहन के पंजीयन, चेसिस और इंजन नंबर का मिलान कराया जाता, तो करोड़ों की सरकारी संपत्ति से जुड़ी ऐसी गंभीर चूक संभव नहीं थी।

### विभाग के जवाब ने किया हैरान

अब विभाग यह तर्क दे रहा है कि ट्रैक्टर पर पंजीयन क्रमांक स्पष्ट नहीं था, इसलिए खरीदार यह समझ नहीं सका कि उसे गलत वाहन सौंपा जा रहा है। हालांकि बड़ा सवाल यह है कि जब नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं थी, तब चेसिस नंबर और इंजन नंबर का मिलान क्यों नहीं किया गया, आखिर बिना सत्यापन के वाहन सुपुर्द करने की अनुमति किसने दी। सूत्रों के अनुसार जिस ट्रैक्टर की नीलामी हुई थी, उसके दस्तावेज खरीदार द्वारा जमोड़ी काष्ठागार कार्यालय में जमा भी कराए गए थे। इसके बावजूद दस्तावेजों का मिलान किए बिना दूसरा ट्रैक्टर सौंप दिया गया। इससे पूरे मामले में विभागीय लापरवाही के साथ-साथ मिलीभगत की आशंका भी गहरा गई है। वर्तमान में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इस उलझे मामले का समाधान खोजने में जुटे हैं कि नीलाम नहीं हुआ राजसात ट्रैक्टर वापस कैसे प्राप्त किया जाए। हालांकि यह सवाल भी उठ रहा है कि जब वाहन का पूरा रिकॉर्ड वन विभाग के पास मौजूद था, तो बिना वैधानिक प्रक्रिया के वह विभाग के कब्जे से बाहर कैसे चला गया।

# जाकिर हुसैन वार्ड में 1 करोड़ 33 लाख के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



**जागरण, कटनी।** वर्षों की जन अपेक्षाओं को साकार करते हुए नगर निगम कटनी द्वारा जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक 38 में लगभग 1 करोड़ 33 लाख की लागत से विभिन्न जनहितैषी विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद रेखा संजय तिवारी सहित जनप्रतिनिधियों ने विधिवत भूमि पूजन कर विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इन विकास कार्यों के शुभारंभ से क्षेत्र में सड़क, नाली, आंगनबाड़ी भवन एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा तथा वर्षों से लंबित विकास कार्य अब धरातल पर आकार लेते दिखाई देंगे।

## अधोसंरचना सहित विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ

भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत अधोसंरचना मद से लगभग 93.85 लाख की लागत से गौरीशंकर मंदिर के समीप सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा 13 लाख की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण, संजय नगर में 5.25 लाख की लागत से रंगमंच निर्माण, संजय नगर मुक्तिधाम में 4.03 लाख की लागत से गेट एवं बाउंड्रीवाल निर्माण, संजय नगर सामुदायिक भवन के पीछे 4.03 लाख की लागत से बाउंड्रीवाल निर्माण, सरस्वती स्कूल के समीप पानी की टंकी के पास 4.03 लाख की लागत से बाउंड्रीवाल निर्माण तथा खंपरिया मोहल्ला में खूब सिंह के घर से नारायण खंपरिया एवं बंटू सोनी से आगे मथुरा तिवारी तक 8.52 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

## स्वच्छता और हरियाली को जन आंदोलन बनाने का आह्वान

महापौर श्रीमती सूरी ने इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय महिलाओं से स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ शहर के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार घर से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग कर नगर निगम की कचरा संग्रहण वाहनों को ही सौंपे जिससे कचरे का वैज्ञानिक एवं बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। महापौर ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने की भी अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों को टॉफी वितरित कर स्वच्छता, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अच्छे संस्कार अपनाने की प्रेरणा दी।

# जिले में भूतपूर्व सैनिकों के लिए ईसीएचएस मोबाइल मेडिकल सेवा शुरू

**कटनी।** जिले के भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों के लिए ईसीएचएस जबलपुर की मोबाइल मेडिकल टीम द्वारा शुक्रवार कों जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में भ्रमण कर स्वास्थ्य जांच एवं निःशुल्क दवा वितरित की गयी। टीम में एक चिकित्सा अधिकारी सहित चार स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहे जिन्होंने हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां निःशुल्क प्रदान कीं। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल डॉ.शास्त्री प्रसाद त्रिपाठी सेवानिवृत्तद्ध ने बताया कि अब ईसीएचएस की मोबाइल मेडिकल टीम प्रत्येक माह कटनी आकर भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं उनके आश्रितों का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी तथा निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराएगी। उन्होंने बताया कि पहले इस सुविधा के लिए भूतपूर्व सैनिकों को जबलपुर जाना पड़ता था जिससे समय और धन दोनों खर्च होते थे।

# कन्या छात्रावास में बिगड़ी छात्राओं की तबीयत, फूड पॉइजनिंग या बिजली गुल रहने से डिहाइड्रेशन की भी आशंका

## पेट दर्द, चक्कर, सीने में दर्द और घबराहट के बाद 7 छात्राएं व एक शिक्षक जिला अस्पताल में भर्ती

**जागरण, कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत सरस्वाही स्थित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में शनिवार को उस समय अफरा तफरी मच गई जब छात्रावास में रहने वाली सात छात्राओं सहित एक शिक्षक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। छात्राओं को पेट दर्द, चक्कर, घबराहट और सीने में दर्द की शिकायत होने लगी जिसके बाद छात्रावास प्रबंधन ने तत्काल सभी को शासकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सभी का उपचार जारी है जबकि एक छात्रा की हालत गंभीर होने पर उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्राओं ने सुबह छात्रावास में नियमित रूप से नाश्ता किया था। इसके बाद दोपहर करीब 1 बजे एक एक कर कई छात्राओं की तबीयत बिगड़ने लगी। स्थिति गंभीर होती देख छात्रावास प्रबंधन ने तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में भर्ती छात्राओं में पुष्पांजलि 16 वर्ष, खुशबू 16 वर्ष, शबनम 11 वर्ष, पायल सिंह 14 वर्ष, खुशबू 15 वर्ष, प्रांजल 14 वर्ष और दिव्या 14 वर्ष शामिल हैं। आधा दर्जन से अधिक अन्य छात्राएं तथा एक शिक्षक भी प्रभावित बताए जा रहे हैं। इनमें से एक छात्रा को सांस लेने में तकलीफ होने पर जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है जबकि अन्य छात्राओं का उपचार चिकित्सकों की निगरानी में जारी है।

शासकीय जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ.राजीव द्विवेदी ने बताया कि छात्राओं को फूड पॉइजनिंग की आशंका के चलते अस्पताल लाया गया है। प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें भर्ती कर निगरानी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि छात्रावास में पिछले तीन दिनों से गंदा पानी आने की जानकारी भी सामने आई है। ऐसे में दूषित पानी के कारण यह स्थिति उत्पन्न होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इधर घटना से जुड़ी एक और महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि छात्रावास में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित थी। लगातार बिजली नहीं रहने के कारण छात्राओं को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा जिससे कई छात्राओं में डिहाइड्रेशन निर्जलीकरण की स्थिति बनने की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि बीमारी का वास्तविक कारण चिकित्सकीय जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना के बाद स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। छात्रावास में भोजन और पेयजल की गुणवत्ता के साथ-साथ बिजली व्यवस्था की भी जांच की जाएगी। यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल सभी छात्राओं का जिला अस्पताल में उपचार जारी है और चिकित्सकों की टीम उनकी लगातार निगरानी कर रही है। प्रशासन ने भी स्थिति पर नजर बनाए रखी है।

**(कामिनी प्रजापति)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर, जिला-रीवा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक RCSA-204/2025
पेशी दिनांक 07.08.2026
प्रोसेस 175/2026

विनोद कुमार पिता घनश्याम निवासी ग्राम-चाकघाट तह. त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.)
विरुद्ध
दीपक केशरवानी पिता जय नारायण निवासी ग्राम चाकघाट तह. त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.)
विषयः प्रतिवादीगण की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में प्रकाशन

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित व्यवहार का प्रकरण क्रमांक RCSA-204/2025 विनोद कुमार पिता घनश्याम निवासी ग्राम-चाकघाट तह. त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.) का प्रकरण आवेदक द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में अनावेदकगण क्रमांक 02 की उपस्थित हेतु सूचना प्रकाशन कराया जा रहा है । आवेदक क्रमांक 1 विनोद कुमार पिता घनश्याम निवासी ग्राम-चाकघाट द्वारा न्यायालय श्रीमती कामिनी प्रजापति व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर जिला रीवा म.प्र. में दावा बावत स्वत्व घोषणा आदेश-7, नियम-1 व्य. प्र.सं. 1908 ई.के अंतर्गत दीपक केशरवानी पिता जयनारायण ग्राम चाकघाट के विरुद्ध व्यवहार वाद पेश किया गया। जिसकी सुनवाई दिनांक 07.08.2026 को नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो तो, न्यायालय में सुबह 11.00 बजे दिन उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई पूर्ण करें। यदि पेशी दिनांक 07.08.2026 को दीपक केशरवानी पिता जयनारायण की ओर से उपस्थिति नहीं होती है तो आवेदकगण की उपस्थिति में ही प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

नोटः- यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 07.08.2026 को शासकीय अवकाश हो जाने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जायेगी।

न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

मुद्रा
(कामिनी प्रजापति)
व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड, त्योंथर,
जिला रीवा म.प्र.
RN- 86704

**उत्तर मध्य रेलवे**

संख्याः T_24-25_Toilet_RT_01
दिनांकः 17.07.2026

**शुद्धिपत्र-1**

निविदा सूचना संख्या T_24-25_Toilet_RT_01 दिनांकः 18.06.2026

सभी संबंधित निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि **निविदा सूचना संख्या** T_24-25_Toilet_RT_01 के निविदा बंद होने की तिथि एवं समय **17.07.2026 15:30 बजे** से बढ़ा कर दिनांक **27.07.2026 15:30 बजे** तक पुनः निर्धारित की गई। अन्य सभी शर्तें पूर्ववत रहेंगी। **1398/26(A)**

North central railways | @CPRONCR

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक /0037/निगरानी/2023-24
रीवा दिनांक 13.07.2026

01. राममणि गर्ग तनय स्व. रामदुलारे गर्ग वगैरह सभी निवासी ग्राम डिहवा तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.)
.......निगरानीकर्तागण
बनाम
01. रामनरेश गर्ग पिता स्व. रामदुलारे गर्ग वगैरह सभी निवासी ग्राम डिहवा तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.)
.........गैर निगरानीकर्तागण

//आम इश्तहार //

निगरानीकर्ता अधिवक्ता श्री मृत्युन्जय प्रसाद द्विवेदी द्वारा प्रकाशन हेतु न्यायालय में निवेदन किया गया है जिसकी सुनवाई तारीख 24.07.2026 को 11:00 बजे दिन होगी, यदि उक्त दिन अवकाश घोषित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस में कार्यवाही होगी। नोटिस के माध्यम से गैर निगरानीकर्ता क्रमांक 01 रामनरेश गर्ग पिता स्व. रामदुलारे गर्ग, गैर निगरानीकर्ता क्रमांक 02 मु. शिवकुमारी पत्नी स्व. लालमणि, गैर निगरानीकर्ता क्रमांक 03 – श्रवण कुमार पिता स्व. लालमणि, गैर निगरानीकर्ता क्रमांक 04 – काशी प्रसाद पिता स्व. सुदर्शन प्रसाद, गैर निगरानीकर्ता क्रमांक 05 चूड़ामणि तनय स्व. सुदर्शन प्रसाद, गैर निगरानीकर्ता क्रमांक 06 – गुरु प्रसाद तनय स्व. सुदर्शन प्रसाद, गैर निगरानीकर्ता क्रमांक 07– शिवकुमार तनय स्व. रामाश्रय एवं गैर निगरानीकर्ता क्रमांक 08– रामायण तनय स्व. रामाश्रय सभी निवासी ग्राम डिहवा तहसील सिरमौर जिला रीवा मध्यप्रदेश को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 24.07.2026 को समय 11:00 बजे दिन स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत न करने की स्थिति में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अपर कलेक्टर
जिला – रीवा (म.प्र.)
RN-87269

# प्रेमिका को महंगा मोबाइल दिलाने के लिए युवक बना ट्रैक्टर चोर



## कुठला पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा आपराधिक गतिविधियों में अंकुश एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश दाहिया के नेतृत्व में कुठला पुलिस को चोरी हुए ट्रेक्टर को आरोपी से जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है। प्रार्थी नवनीत गुप्ता पिता चन्द्रभान गुप्ता उम्र 45 वर्ष निवासी कैलवारा फाटक रामनगर हाल पहरुआ गुप्ता कृषि यंत्र खेरमाई के सामने थाना कुठला की रिपोर्ट पर कि उसकी पहरुआ कृषि यंत्र की मेरी दुकान है जिसका पुराना ट्रेक्टर सोनालिका कम्पनी का क्रमांक एमपी 34 ए 1943 जिसमें हाईड्रा लगा हुआ है कीमत 4 लाख 5 हजार रुपये को दिनांक 14 जुलाई 2026 की रात्रि में पहरुआ कृषियंत्र दुकान के सामने किनारे खड़ा किया था अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना कुठला में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल पुलिस टीम गठित कर तलाश प्रारम्भ की गई। तलाश के दौरान मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा परम्परागत एवं तकनीकी साक्ष्य सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुजेट, सम्भावित मार्गो की गई फलस्वरूप ट्रेक्टर को आरोपी प्रिंस सिंह सोमवंशी पिता दिनेश सिंह सोमवंशी उम्र 20 वर्ष निवासी समोघर थाना रामपुर बघेलान जिला सतना से सघन पूछताछ करने पर उसने अपनी प्रेमिका को 50 हजार रुपये का मोबाइल दिलाने की डिमांड पूरी करने के लिए ट्रैक्टर चोरी किया था उक्त ट्रेक्टर को सोनालिका एजेंसी के पास मैहर से पुलिस टीम द्वारा बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। वाहन की पहचान वाहन स्वामी एवं साक्षियों द्वारा की गई। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है । सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में की गई जिसमें प्रधान आरक्षक रामाश्रय सिंह, अजय यादव, अजीत मिश्रा, आरक्षक विजय प्रजापति, मनोज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# लोक सेवा गारंटी अधिनियम में बड़ा बदलाव, अब अपील होगी स्वतः दर्ज

**कटनी।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को सेवाएं समय सीमा में उपलब्ध कराने की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अपील प्रक्रिया में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है। संशोधित प्रावधान के अनुसार अब सेवा आवेदन निर्धारित समय सीमा में निराकृत नहीं होने पर आवेदक को अलग से अपील दर्ज कराने की आवश्यकता नहीं होगी। नए नियम के तहत यदि किसी सेवा आवेदन का निर्धारित समय सीमा में निराकरण नहीं होता है तो समय सीमा समाप्त होने के 16वें दिन बाद संबंधित आवेदन स्वतः प्रथम अपील में दर्ज हो जाएगा। इसी प्रकार यदि प्रथम अपील का भी समय सीमा में निराकरण नहीं किया जाता है तो 16 दिन बाद वह स्वतः द्वितीय अपील में दर्ज हो जाएगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी प्रथम व द्वितीय अपीलीय अधिकारीयों को इस व्यवस्था को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य नागरिकों को अपील प्रक्रिया में राहत प्रदान करना, सेवाओं के समयबद्ध निराकरण को सुनिश्चित करना तथा जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। इससे नागरिकों को अनावश्यक औपचारिकताओं से मुक्ति मिलेगी और लंबित प्रकरणों की निगरानी भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी।

**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.1 रीवा (म.प्र.)-486001**
**PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA No-1 REWA (M.P.) - 486001**
**(शिक्षामंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय)**
(An Autonomous Body under Ministry of Education, Govt. of India)
Email: rewal@kvsrojabalpur.in website: https://nolrewa.kvs.ac.in Ph. No-: 07662-297023

**Walk-in साक्षात्कार सूचना 2026-27**

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 रीवा में शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु पूर्णत: अंशकालिक अनुबंध आधार पर ATL इंस्ट्रक्टर पद पर नियुक्ति के लिए पैनल बनाने हेतु walk-in साक्षात्कार दिनांक 27–07–2026 (सोमवार) को प्रात: 10:00 बजे आयोजित किया जा रहा है. ATL इंस्ट्रक्टर हेतु कार्य विवरण तथा योग्यता निम्नलिखित है :– Role and Responsibilities of ATL Instructor प्रयोगशाला का संचालन, छात्र गतिविधियों का मार्गदर्शन, हैकाथॉन गतिविधियों में सहयोग प्रदान करना, निगरानी और उपकरणों का रखरखाव।

**Educational Qualification of ATL Instructor-**
- B.E, B.Tech, Electronic & Communication Engineering
- Minimum One Year Experience
- Interview to be conducted as per existing KVS norms.

सम्पूर्ण विवरण हेतु विद्यालय की वेबसाइट https://nolrewa.kvs.ac.in/ का अवलोकन करें.

प्राचार्य

**कार्यालय कलेक्टर, जिला मऊगंज (म0प्र0) एवं पदेन उपसचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग**

**–: अधिसूचना :–**

पत्र क्रमांक 246 /प्रका./भू-अर्जन/2026 मऊगंज, दिनॉक 03/07/2026

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के पद (2) में उल्लिखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतः भू–अर्जन अधिनियम 2013, संशोधन (क्र.–एक, सन् 2013) की धारा 19 के अंतर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:–

**अनुसूची**

(1) भूमि का वर्णनः– (म.प्र. शासन/निजी खाता)
(क) जिला– मऊगंज
(ख) तहसील– हनुमना
(ग) नगर/ग्राम– माजन रामशरण
(घ) क्षेत्रफल–0.499 हे

| स. क्र. | भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकवा (हे.में.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | रमेश कुमार पिता बद्रीप्रसाद विष्णुप्रसाद पिता बद्रीप्रसाद बृजेश कुमार पिता बद्रीप्रसाद इन्द्रवसुआ बेवा बद्रीप्रसाद रजनीश तिवारी पिता चन्द्रमा प्रसाद तिवारी मनीष कुमार तिवारी पिता चन्द्रमा प्रसाद तिवारी जाति ब्राह्मण पता माजन रामशरण हनुमना मऊगंज मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 28/1 | 0.073 |
| 2 | जयप्रकाश पिता केदारराम जाति ब्रा पता माजन रामशरण हनुमना रीवा मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 28/2 | 0.032 |
| 3 | जयप्रकाश पिता केदारनाथ जाति ब्रा पता माजन रामशरण हनुमना रीवा मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 30 | 0.005 |
| 4 | रमेश कुमार पिता बद्रीप्रसाद विष्णुप्रसाद पिता बद्रीप्रसाद बृजेश कुमार पिता बद्रीप्रसाद इन्द्रवसुआ बेवा बद्रीप्रसाद रजनीश तिवारी पिता चन्द्रमा प्रसाद तिवारी मनीष कुमार तिवारी पिता चन्द्रमा प्रसाद तिवारी जाति ब्राह्मण पता माजन रामशरण हनुमना मऊगंज मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 37/2 | 0.004 |
| 5 | सुरेखा पत्नी मुन्तीलाल माजन रामशरण हनुमना मऊगंज मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/8 विकाश पिता मुन्तीलाल माजन रामशरण हनुमना मऊगंज मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/8 श्यामधर पिता रामलखन माजन रामशरण हनुमना मऊगंज मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/4 मु रजमन्ती बेवा रामलखन माजन रामशरण हनुमना मऊगंज मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/4 राजधर पिता रामलखन माजन रामशरण हनुमना मऊगंज मध्य प्रदेश भूमि स्वामी1/4 | 37/3 | 0.002 |
| 6 | विवेक पिता कौशल प्रसाद मु सुखमान बेवा कौशल प्रसाद जाति ब्रा पता माजन रामशरण हनुमना रीवा मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 34 | 0.112 |
| 7 | नंदकिशोर पिता राधिका प्रसाद जीतेन्द्र कुमार पिता राधिका प्रसाद राजकिशोर पिता राधिका प्रसाद जाति ब्राह्मण पता माजन रामशरण हनुमना मऊगंज मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 35/1 | 0.168 |
| 8 | ममता पुत्री रामलाल समरजुआ बेवा रामलाल प्रमिला पुत्री रामलाल जाति ब्राह्मण पता माजन रामशरण हनुमना मऊगंज मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 35/2 | |
| 9 | सूर्यकली बेवा काशीदीन राजेश कुमार पिता काशीदीन बृजेश कुमार पिता काशीदीन जाति ब्राह्मण पता माजन रामशरण हनुमना मऊगंज मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 35/3 | |
| 10 | रामाधार पिता शोभनाथ जाति ब्रा पता माजन रामशरण हनुमना रीवा मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 35/4 | |
| 11 | बृजेश कुमार पिता हीरालाल रानी पुत्री उमेशकुमार मिश्रा समीछा पुत्री उमेशकुमार मिश्रा प्रतिभा उर्फ सोना पुत्री उमेशकुमार मिश्रा रहसरानी बेवा उमेशकुमार मिश्रा शालू पुत्री उमेशकुमार मिश्रा जाति ब्राह्मण पता माजन रामशरण हनुमना मऊगंज मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 35/5 | |
| | योग | | **0.406** |
| 1 | शासकीय | 26/1 | 0.010 |
| 2 | शासकीय म-प्र- शासन शासकीय | 38 | 0.056 |
| 3 | शासकीय म-प्र- शासन शासकीय | 27 | 0.012 |
| 4 | शासकीय म-प्र- शासन शासकीय | 29 | 0.015 |
| | योग | | **0.093** |
| | कुल योग | | **0.499** |

2. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिये आवश्यकता है–"**लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत खटखरी बाईपास लिंक मार्ग के निर्माण कार्य हेतु**" में आने वाली निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित सम्पत्ति के अर्जन हेतु।
3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू–अर्जन अधिकारी मऊगंज एवं कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग क्र–1 रीवा के कार्यालय में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेशानुसार

(संजय जैन)
कलेक्टर
जिला मऊगंज (म0प्र0)
एवं पदेन उप सचिव म.प्र.शासन
राजस्व विभाग

**G-15872/26**

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - **8962086944**

## कटनी में नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा 2027 के लिए आवेदन प्रारंभ

**कटनी।** नवोदय विद्यालय समिति शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा जिला कटनी में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2027 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार आवेदन भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

**आवश्यकता है**

भारतीय आदर्श विद्यालय खुटेही रीवा (म.प्र.) में एक महिला शिक्षिका की आवश्यकता है।
संपर्क करें:- मो.नं.9630290357
RN-87361 (20/7)

**किराये पर देना है**

रीवा स्थित अनन्तपुर में पायोनियर कैम्पस सरज नगर (जनता कॉलेज के पास) फ्लेट 2BHK (3 रूम) किचिन, लेटबाथ, दो बालकनी, चौबीस घण्टे पानी, लिफ्ट की सुविधा किराये पर देना है।
सम्पर्क-9826877767
RN. 87597(21/7)

**मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड**
**(म.प्र. शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग)**
**CIN No. U75110MP2015SGC034139**
**इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, अमरकंटक भवन, एम.पी. नगर, भोपाल-462011**
**फोन : 0755-2763060, 61, 62, E-mail : dpda.mpudc@mpurban.gov.in**
**amitachouhan.udc@mpurban.gov.in, Website : www.mpudc.co.in**

**क्र. 8662/स्था./एमपीयूडीसीएल/2026** **दिनांक : 17.07.2026**

**प्रतिनियुक्ति/संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेण्ट कंपनी लिमिटेड अंतर्गत परियोजना प्रबंधन इकाई, मुख्यालय भोपाल में रिक्त प्रशासक UDCL- (DPD-A) के रिक्त पद पर प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | पदनाम | समकक्ष पद जिससे प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं प्राप्त की जाएंगी | कुल रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | ओबीसी | अजा | अजजा | प्रतिनियुक्ति हेतु वेतनमान | | संविदा हेतु वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | पे-बैन्ड | ग्रेड-पे | |
| 1 | प्रशासक UDCL - (DPD-A) | प्रथम श्रेणी प्रशासनिक अधिकारी | 01 | एकल पद | | | | 15600-39100 | 6600/- | 67,000/- |

**नोट:-** 1. उपरोक्त पद की पूर्ति प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा से की जायेगी। उक्त पद एकल होने से म.प्र. शासन का आरक्षण नियम लागू नहीं होंगे। 2. प्रतिनियुक्ति हेतु इच्छुक आवेदक अर्थात मध्यप्रदेश शासन के विभागों/भारत सरकार के विभागों में कार्यरत अधिकारी अपने आवेदन विभाग प्रमुख के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक समस्त प्रमाण पत्रों सहित, निर्धारित प्रपत्र में प्रेषित कर सकेंगे। 3. संविदा अवधि अधिकतम 03 वर्ष की होगी (प्रथम बार में एक वर्ष के लिए जो मूल्यांकन पश्चात दो बार एक-एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकेगा) अथवा 65 वर्ष की आयु सीमा तक जो भी पहले पूर्ण हो होगी। 4. सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा नियुक्ति हेतु आवेदक की आयु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को 63 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। 5. आवेदन पत्र **दिनांक 17.08.2026 सायं 5.00 बजे तक** कम्पनी कार्यालय में डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किये जा सकते हैं। लिफाफे पर आवेदित पद का नाम, स्पष्ट पता तथा मोबाइल नंबर अंकित करें। 6. समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। 7. न्यूनतम अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र में किस पद पर एवं संपादित कार्यों का स्पष्ट विवरण होना चाहिए। 8. आवेदन का प्रारूप पदों के लिये न्यूनतम/वांछनीय, शैक्षणिक योग्यता तथा अनुभव संबंधी विस्तृत विवरण, कम्पनी की वेबसाइट **www.mpudc.co.in** पर उपलब्ध है। 9. आवेदन के संबंध में प्रबंध संचालक का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

म.प्र. माध्यम/127001/2026 **अतिरिक्त प्रबंध संचालक**

# सिफारिश पर बने भाजपा जिलाध्यक्ष होंगे बाहर

## दतिया उपचुनाव में टिकट वितरण के बाद मचे बवाल के बाद भाजपा हुई चौकन्नी, दिल्ली ने दिए निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** दतिया उपचुनाव में टिकट वितरण के बाद मचे बवाल ने भाजपा नेतृत्व को सचेत कर दिया है। इससे जहां केन्द्रीय नेतृत्व बेहद खफा है, तो वहीं प्रदेश संगठन को फरमान सुना दिया गया है कि विधायकों और मंत्रियों की सिफारिश से बनाए गए जिलाध्यक्ष यदि संगठन के प्रति वफादार नहीं हैं, तो उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया जाए। सूत्रों की मानें तो ऐसे एक दर्जन से ज्यादा जिलाध्यक्षों की सूची तैयार की गई है। गौरतलब है कि प्रदेश भाजपा ने संगठनात्मक चुनाव के जरिए अपने जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की थी, इनमें से एक दर्जन से ज्यादा ऐसे जिलाध्यक्ष हैं, जिन्हें जिले के संगठन का मुखिया बनाने के लिए पार्टी विधायकों या मंत्रियों ने सिफारिश की थी। पार्टी ऐसे जिलाध्यक्षों पर पैनी नजर रखेगी। इसके लिए भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने प्रदेश संगठन को दिशा निर्देश जारी किए हैं। दतिया उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी के चयन के उपरांत जिस तरह से जिला संगठन के पदाधिकारियों व दूसरे नेताओं ने निर्णय का विरोध करते हुए अपने इस्तीफे सौंपे थे, उसे पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व ने गलत ठहराया है। नेतृत्व इसे अनुशासनहीनता के तौर पर देख रहा है। दिल्ली से जुड़े पार्टी सूत्रों की मानें तो दतिया में जिस तरह से संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया था,उससे पार्टी की छवि खराब हुई है। कहा गया है कि इस तरह की कार्यप्रणाली को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता,क्योंकि प्रत्याशी के चयन का निर्णय दिल्ली से किया गया था।




### उपचुनाव के बाद होंगे बड़े निर्णय

बताया गया है कि उपचुनाव के बाद पार्टी अपने संगठनात्मक जिलों के अध्यक्षों व दूसरे पदाधिकारियों के कामकाज का विश्लेषण करेंगे। उनके बारे में यह पता लगाया जाएगा कि वे पार्टी के प्रति वफादार है या उनका झुकाव संगठन से ज्यादा उनकी सिफारिश करने वाले मंत्री, विधायक या दूसरे वरिष्ठ नेताओं के प्रति है। यदि ऐसा मिलता है, तो उन्हें जिलाध्यक्ष के पद से हटा दिया जाएगा और उनके स्थान पर ऐसे कार्यकर्ता को बैठाया जाएगा,जिसकी निष्ठा किसी नेता की बजाए पार्टी संगठन पर हो।

### एक दर्जन से ज्यादा अध्यक्ष सिफारिशी

पार्टी सूत्रों की मानें तो राज्य के एक दर्जन से ज्यादा संगठनात्मक जिलों की कमान सरकार के मंत्रियों, सांसद, विधायकों की सिफारिश पर नेताओं को सौंपी गई है। जिलों के अलावा प्रदेश की टीम मे भी कुछ पदाधिकारी वरिष्ठ नेताओं के कहने पर बनाए गए हैं। ऐसे में यह पदाधिकारी पार्टी संगठन से ज्यादा अपने नेताओं को ज्यादा महत्व देते हैं, जिसकी वजह से भविष्य में दतिया जैसी स्थिति निर्मित होने की आशंका बन सकती है। इससे बचने के लिए पार्टी ऐसे जिलाध्यक्षों की कार्यशैली का परीक्षण कराएगी और फिर उसी आधार पर ठोस निर्णय लेगी। बता दें कि दतिया में नरोत्तम मिश्रा को टिकट नहीं मिलने पर जिला अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा दे दिया था। कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा भी किया था।

### जल्द बनाएं जाएंगे संगठन मंत्री

दतिया घटनाक्रम के बाद पार्टी ने एक बार फिर से जिला या संभागीय स्तर पर संगठन मंत्री बनाए जाने पर विचार शुरु कर दिया है। जिन्हें अपने प्रभार के जिलों में संगठन के कामकाज को व्यवस्थित रखने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करना होगा। वे पार्टी में अनुशासन बनाए रखने की दिशा में भी काम करेंगे और वहां के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की मांगों, सिफारिशों व अन्य तरह की बातों को प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचाएंगे, जिससे जिलों में संगठन स्तर पर किसी भी तरह का असंतोष नहीं पनप सके। जानकारों का कहना है कि संगठन में इस तरह की व्यवस्था से पार्टी में जहां अनुशासन पर कड़ी नजर रखी जाएगी, वहीं कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुरूप निर्णय लिए जाएंगे।

### पार्टी का फोकस निकाय चुनावों पर

दरअसल अगले साल प्रस्तावित निकाय चुनाव होने हैं। जिसमें नगर निगम के मेयर की तरह नगर पालिका और नगर परिषदों के अध्यक्षों को सीधे जनता द्वारा चुना जाएगा। ऐसे में पार्टी बीते चुनाव से बेहतर परिणाम लाने के लिए अभी से मैदानी तैयारी में जुटेंगी। अगले महीने प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के बाद भाजपा पूरी तरह से निकाय चुनावों में लग जाएगी। उससे पहले पार्टी हर जिले में संगठन स्तर पर समीक्षा करेगी और आवश्यक होने पर वहां बदलाव भी कर सकती हैं।

### वरिष्ठ नेता जता चुके हैं नाराजगी

इस संबंध में पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुनंदन शर्मा ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि आज भी कई जिलों में मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के जेबी नेताओं को अध्यक्ष बनाया गया है, जिससे यदि किसी सांसद, मंत्री या विधायक को छेड़ा तो वहां का संगठन ढह जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कार्यशाला में पॉक्सो एक्ट पर हुई चर्चा

**विसं भोपाल।** मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा शुक्रवार को राजधानी में बाल कल्याण समिति की भूमिका विषय पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने पॉक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय पर अपनी बात रखी। कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश की समस्त बाल कल्याण समितियों की कार्यप्रणाली में एकरूपता स्थापित करना, सदस्यों की विधिक एवं प्रक्रियागत दक्षता का संवर्धन करना, विभिन्न जिलों के अनुभवों एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान सुनिश्चित करना तथा राज्य की वाल संरक्षण व्यवस्था को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी एवं बालहित सर्वोपरि के सिद्धांत के अनुरूप सुदृढ़ बनाना था। इस मौके पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी के महासचिव रामेन्द्र सिंह, डॉ. अनिल कोठारी, सुधा विजय सिंह भदौरिया, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, जिला न्यायालय, भोपाल, आयोग की सदस्य श्रीमती सोनम निनामा एवं श्रीमती अर्चना गुप्ता उपस्थित रही। प्रदेश के समस्त जिलों की बाल कल्याण समितियों के अध्यक्षों एवं सदस्यों को लैंगिक अपराधों से चालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 तथा किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### केबिनेट बैठक से पहले कलेक्टर ने लिया जगदीशपुर का जायजा



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जगदीशपुर में रविवार को होने वाली केबिनेट की बैठक से पहले जिला प्रशासन ने शुक्रवार को अपनी तैयारियों की अंतिम समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लेते हुए फुल ड्रेस रिहर्सल करवाई। इस मौके पर कलेक्टर ने आयोजन स्थल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, वीआईपी प्रोटोकॉल, पार्किंग, पेयजल, बिजली और साफ-सफाई सहित तमाम व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली और शनिवार तक सभी काम पूरा करने के निर्देश जारी कर दिए।

### आवारा कुत्तों पर हाई कोर्ट सख्त, टीकाकरण-नसबंदी की प्रगति रिपोर्ट तलब

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाइकोर्ट ने प्रदेश में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या और डाग बाइट की घटनाओं पर सख्त रुख अपनाते हुए नगरीय निकाय एवं गृह विभाग को आवारा कुत्तों के टीकाकरण और नसबंदी अभियान की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश देते हुए मामले की अगली सुनवाई छह अगस्त को तय की है। मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों के अनुपालन में हो रही है, जिनमें डाग बाइट और रेबीज के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आवारा कुत्तों के टीकाकरण अथवा नसबंदी के व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। हाई कोर्ट द्वारा भोपाल में बच्ची की मौत पर संज्ञान लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक खेल परिसर, रेलवे स्टेशन सहित ऐसे संवेदनशील स्थानों की पहचान कर स्थानीय निकाय नियमित निरीक्षण करें, ताकि वहां आवारा कुत्तों का जमावड़ा न हो। साथ ही, रेबीज से संक्रमित अथवा संदिग्ध कुत्तों को शेल्टर होम में रखने के निर्देश भी दिए गए थे।

## सीएम से मिलते ही बागरी को मिली क्लीनचिट, हाईकोर्ट में दूंगा चुनौती

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** राज्य सरकार की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी को जाति प्रमाण पत्र मामले में क्लीन चिट मिलने पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने सवाल उठाए हैं। बागरी के जाति प्रमाण पत्र को लेकर अहिरवार ने ही शिकायत की थी। अहिरवार का आरोप है कि राज्य स्तरीय जाति छानबीन समिति ने राज्य सरकार के दबाव में फैसला लिया है। एक दिन पहले ही छह मंत्रियों के साथ राज्यमंत्री बागरी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी, अगले ही दिन समिति ने बागरी के जाति प्रमाण पत्र को सही ठहरा दिया। मगर मैं अंतिम सांस तक अपना संघर्ष जारी रखूंगा। अब हाईकोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी जाएगी। जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट भी जाऊंगा। शिकायतकर्ता एवं कांग्रेस नेता अहिरवार ने शुक्रवार को पीसीसी में मीडिया से चर्चा करते हुए यह जानकारी दी। अहिरवार का कहना है कि समिति ने ऐतिहासिक तथ्यों और दस्तावेजों को भी नहीं देखा। जबकि 1950 के संविधान अनुसूचित जातियां के आदेश, जनगणना रिकॉर्ड और ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी महत्व नहीं दिया। अहिरवार का कहना है कि मेरी शिकायत पूरी तरह तथ्यों और दस्तावेजों पर आधारित थी। यह फैसला सरकार के दबाव में हुआ है। अहिरवार ने बताया कि 1950 के नियम के अनुसार उस समय बागरी का परिवार जिस क्षेत्र में निवास करता था, वहां बागरी समुदाय अनुसूचित जाति सूची में शामिल नहीं था। 1961 और 1971 की जनगणना में उनके परिवार ने स्वयं को अनुसूचित जाति के रूप में दर्ज नहीं कराया था। 1998-99 की ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट का हवाला देते हुए शिकायतकर्ता ने कहाकि विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र के बागरी समुदाय को राजपूत/ठाकुर की उपजाति बताया गया था। मगर समिति ने रिपोर्ट को देखना भी उचित नहीं समझा।

**कांग्रेस अजा अध्यक्ष अहिरवार का दावा, समिति ने दस्तावेजी तथ्य भी नहीं देखे**

## प्रदेश के 13 पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन

### प्रधानमंत्री ने किया शुभारंभ, सीएम-राज्यपाल कार्यक्रम में जुड़े वर्चुअल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पंजाब के जालंधर छावनी रेलवे स्टेशन से देश के 20 राज्यों में विकसित किए गए 75 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का शुभारंभ किया। इनमें मध्यप्रदेश के 13 रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव टीकमगढ़ में और राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सांची रेलवे स्टेशन से कार्यक्रम में वचुर्अल जुड़े। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने मप्र के पुनर्विकसित टीकमगढ़, छतरपुर, खजुराहो के प्रवेश द्वार तरिचर, हरपालपुर, सांची, अशोकनगर, बालाघाट, ब्यौहारी, छिंदवाड़ा, जुन्नारदेव, नैनपुर जंक्शन, विदिशा, शिवपुरी एवं भिंड सहित कुल 13 अमृत भारत रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया। डॉ. यादव ने कहा कि बुंदेलखंड की धरती आध्यात्मिकता और बहुमूल्य खनिज संपदा से संपन्न है।



#### अमृत भारत स्टेशन से मिलेगी प्रदेश को नई पहचानः सीएम

सीएम डॉ. यादव ने टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन से अमृत भारत स्टेशनों के लोकार्पण कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। 75 अमृत भारत स्टेशनों का एक साथ शुभारंभ भारतीय रेल के आधुनिकीकरण और विकसित भारत के संकल्प की ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि नए अमृत भारत स्टेशन मध्यप्रदेश को नई पहचान, नया सम्मान और विकास की नई दिशा देंगे। हमारे लिए ये स्टेशन समृद्ध और गौरवशाली विरासत का प्रतिबिंब हैं।

यहां रामराजा सरकार और बुंदेली संस्कृति के कई प्रतिमान जुड़े हैं। बुंदेलखंड की भूमि अपना विकास करने में सक्षम है लेकिन प्राकृतिक कारणों से इतिहास में यहां से पलायन होता रहा है। केन-बेतबा नदी जोड़ो अभियान के तहत बुन्देलखंड में समृद्धि के नवीन द्वार खुलेंगे और यहां विकास की गंगा बहेगी। एक लाख करोड़ रुपए की योजना से बुन्देलखंड पूरा बदल जाएगा। पेयजल की उपलब्धता होगी। कृषि, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में विकास होगा। इसलिए यहा रेल यातायात को तेजी से बढावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरियाणा के जींद में आयोजित अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए गए रेलवे स्टेशनों के वर्चुअल लोकार्पण के सांची में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में गुरूवार को शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि सांची रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास में विश्वविख्यात बौद्ध स्तूप सहित क्षेत्र की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं स्थापत्य विरासत को आकर्षक रूप से प्रदर्शित किया जाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सांची रेलवे स्टेशन को आगामी 40 से 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आधुनिक स्टेशन विकसित भारत के आत्मविश्वास, प्रगति और नई संभावनाओं के प्रतीक बन रहे हैं।

#### अमृत भारत स्टेशन योजना महत्वपूर्ण पहलः राज्यपाल

राज्यपाल पटेल ने कहा है कि अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अमृत भारत स्टेशन योजना केवल अवसंरचना निर्माण तक सीमित नहीं है। यह रेलवे स्टेशनों को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध, तकनीकी रूप से उन्नत और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने का दूरदर्शी प्रयास है। योजना के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, स्वच्छ, यात्री-अनुकूल और सांस्कृतिक पहचान के साथ विकसित किया जा रहा है।

## नए साल में महंगे कलैंडर -डायरी नहीं छपवा पाएंगे सरकारी विभाग

### वित्त विभाग ने जारी किए दिशा निर्देश

**विशेष संवाददाता भोपाल।** प्रदेश में सरकारी विभाग,निगम मंडल सहित सरकार से जुड़ी अन्य संस्थाओं द्वारा नए वर्ष में या अन्य उत्सवों पर छपने वाले महंगे सरकारी कैलेंडर, डायरी के मुद्रण नहीं कराया जाएगा। इसी तरह विदेशी यात्राओं और वीआईपी उपहारों व स्वागत समारोहों के खर्च को भी पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। सरकार ने यह निर्णय फिजलूखर्ची रोकने के लिए बनाई कॉस्ट कटिंग नीति के आधार पर लिया है। इस संबंध में वित्त विभाग ने शुक्रवार को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसमें सरकार ने सभी विभागों ,निगम मंडलों ,सार्वजनिक उपक्रमों और विश्वविद्यालयों को दायरे में लिया गया है। विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 और आगामी वर्ष 2027-28 के बजट आवंटन को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है। आदेशानुसार बेहद अनिवार्य मामलों को छोड़कर राज्य सरकार या उसके उपक्रमों के खर्च पर होने वाली सभी विदेश यात्राओं पर आगामी आदेश तक रोक रहेगी। साथ ही नए अधिकारियों के हवाई सफर को लेकर भी कड़ा रुख अपनाया गया है। इसके तहत सरकारी कार्यों के लिए इकोनॉमी क्लास के अलावा किसी भी अन्य श्रेणी में यात्रा करने पर पाबंदी लगा दी गई है। इसी तरह शासकीय बैठकों और कार्यालयों के रखरखाव में भी बड़े बदलाव किये गये हैं। अब होटलों या व्यावसायिक केंद्रों में होने वाली महंगी कार्यशालाओं, बैठकों और ट्रेनिंग प्रोग्राम्स पर रोक लगा दी गई है और इनके स्थान पर शासकीय भवनों के उपयोग या वर्चुअल माध्यम व वेबिनार को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा कार्यालयों में होने वाले आंतरिक साज-सज्जा के गैर-जरूरी खर्चों को भी रोक दिया गया है। इसी तरह परिवहन व्यवस्था को लेकर सरकार ने व्हीकल पूलिंग नीति को अनिवार्य किया है। इसके तहत यदि किसी अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है, तो उस पद के वाहन को किसी अन्य पात्र अधिकारी को स्थानांतरित किया जाएगा ताकि किराए के वाहनों का खर्च कम हो सके।




## परियोजना का निर्माण कर रही कंपनी से भाजपा को मिला 60 करोड़ का चंदाः सिंघार

### केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** केन-बेतवा लिंक परियोजना के प्रभावित परिवारों से मिलकर लौटे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मुआवजा, जमीन आवंटन और पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सरकारी दस्तावेज दिखाते हुए आरोप लगाया कि आदिवासियों के नाम का मुआवजा एक ऐसे मुस्लिम परिवार को दे दिया गया जो सालों पहले गांव छोड़ चुका है। जमीन को लेकर राजस्व रिकॉर्ड में भी काफी गड़बड़ी की गई हैं। मगर सरकार इन प्रभावित परिवारों को विरोध भी नहीं करने दे रही। दमनकारी कदम उठाकर आदिवासियों की आवाज दबाई जा रही है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने शुक्रवार को राजधानी में मीडिया से चर्चा करते हुए 44000 करोड़ की केन-बेतवा लिंक परियोजना में अनियमितता के आरोप लगाए। बड़ा आरोप लगाते हुए सिंघार ने दावा किया कि परियोजना का निर्माण कर रही नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी से भाजपा को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए 60 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। इसीलिए सरकार कंपनी के हित में काम कर रही है। कंपनी के हितों का ध्यान रखते हुए प्रभावित आदिवासियों व



किसानों की शिकायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने पूरे मामले की स्वतंत्र जांच और सोशल ऑडिट की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि परियोजना के प्रभावित परिवारों की समस्या को कांग्रेस विधानसभा में भी पुरजोर तरीके से उठाएगी। पन्ना और छतरपुर के प्रभावित गांवों का दौरा कर लौटे सिंघार ने बताया कि कूपी गांव में आंदोलन कर रहे आदिवासियों और किसानों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। 80 साल तक की बुजुर्ग महिलाओं के साथ मारपीट की गई। कंपनी के लिए आदिवासियों और किसानों पर सरकार इतनी सख्ती क्यों कर रही है? जिन गांवों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है, वहां कानून के अनुसार ग्राम सभाओं की अनुमति नहीं ली गई।

### ये लगाए आरोप

- खरिहानी गांव में 11 करोड़ रुपए का मुआवजा स्वीकृत हुआ। इसमें से आठ करोड़ रुपए ऐसे व्यक्तियों को दे दिए गए जिन्होंने 1980-1990 में गांव छोड़ दिया। इस आदिवासी गांव में कोई मुस्लिम परिवार नहीं रहता फिर उनके खाते में मुआवजा राशि कैसे डाली गई। छतरपुर कलेक्टर क्यों जांच दबाना चाहते हैं?
- सुखवा गांव की एक बुजुर्ग आदिवासी महिला की जमीन राजस्व रिकॉर्ड में दूसरे व्यक्ति के नाम दर्ज कर दी गई। मामला अदालत में लंबित होने के बावजूद मुआवजा दूसरे व्यक्ति को दे दिया गया।
- आंदोलन में शामिल लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस ने 20 से 30 हजार प्रति व्यक्ति तक वसूले। लोगों के मोबाइल फोन, निजी वाहन और जमीन से जुड़े दस्तावेज भी जब्त कर लिए गए। उन्हें कानूनी लड़ाई लड़ने से रोका जा रहा है।
- प्रशासन जल सत्याग्रह और चिता आंदोलन कर रहे आदिवासियों की मांगों पर प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। आंदोलन के नेताओं को गिरफ्तार कर प्रताड़ित किया जा रहा है। कंपनी के हित में मूल निवासियों को प्रताड़ित कर बेघर किया जा रहा है।

**सिंधिया रियासत की 400 साल पुरानी तोप चोरी के मामले में नया मोड़**

## हथियारबंद बदमाशों वाली कहानी गलत, चोरी का निकला मामला

**जागरण, शिवपुरी।** प्रदेश के शिवपुरी के ऐतिहासिक नरवर किले से सिंधिया रियासत की 400 साल पुरानी तोप चोरी होने का मामला सामने आया है। शुरुआती जांच में सामने आई कहानी बाद में पूरी तरह बदल गई। पहले दावा किया था कि 25 से 30 हथियारबंद बदमाश चौकीदार को धमकाकर तोप लूटकर ले गए, लेकिन पुलिस जांच में यह दावा सही नहीं निकला। भगवान राम के पुत्र कुश की राजधानी और राजा नल-दमयंती की पावन स्थली माने जाने वाले नरवर किले की ओपन कचहरी में सिंधिया राजवंश काल की 14 ऐतिहासिक तोपें रखी थीं। इनमें से एक तोप चोरी हो गई, जबकि बाकी 13 तोपें सुरक्षित हैं। मामले में बड़ा मोड़ तब आया जब चौकीदार बाल किशन ने अपना बयान बदल दिया, उसने पुलिस और पुरातत्व विभाग को बताया कि पांच जुलाई को कुछ अज्ञात लोगों ने तोप को उसके स्थान से नीचे गिरा दिया था।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### जापान ओपनः विमन्स...

और डबल्स के फाइनल में पहुंचे थे। लेकिन कोई महिला खिलाड़ी फाइनल में नहीं पहुंच सकी थी। ओलंपिक चैम्पियन युफेई हैमस्ट्रिंग चोट के कारण यह मुकाबला पूरा नहीं कर सकीं और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। इस जीत के साथ सिंधु ने चेन युफेई के खिलाफ लगातार पांच हार का सिलसिला भी खत्म कर दिया। अब फाइनल में उनका सामना जापान की अकाने यामागुची से होगा। पीवी सिंधु का पिछला टूर फाइनल 2024 के सैयद मोदी इंटरनेशनल में था, जहां उन्होंने खिताब अपने नाम किया था। मुकाबले की शुरुआत सिंधु के लिए आसान नहीं रही।

### अनशन के 21वें...

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि अस्पताल की रिपोर्ट में पोटैशियम का स्तर 2.9 बताया गया है, जबकि एक दिन पहले की जांच में यह सामान्य था। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें न तो किसी दूसरी लैब में जांच कराने की अनुमति दी जा रही है और न ही उनके सामने नया ब्लड सैंपल लिया जा रहा है। शनिवार सुबह करीब सात बजे दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान सिविल ड्रेस में जंतर-मंतर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिसकर्मियों ने वांगचुक को मंच से सफेद चादर में उठाया और एंबुलेंस के जरिए सफदरजंग अस्पताल पहुंचाया। वांगचुक के साथ ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन के तीन छात्र-छात्राएं नेहा, आमीन और मनीष भी पिछले 21 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। नेहा गंभीर हाइपोग्लाइसीमिया से पीड़ित हैं और उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गई है।

**निजी डॉक्टर बोले: पोटैशियम स्तर सामान्य सीमा के भीतर :** सोनम वांगचुक के निजी चिकित्सक डॉ. नितिन दीघे ने अस्पताल के दावों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम लगभग तीन बजे वांगचुक का ब्लड सैंपल लिया गया था, जिसमें पोटैशियम का स्तर 4.8 दर्ज किया गया था, जो सामान्य सीमा के भीतर है। डॉ. दीघे का कहना है कि अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद सरकारी डॉक्टरों ने बताया कि पोटैशियम का स्तर घटकर 2.8 रह गया है, लेकिन उन्हें इसकी कोई आधिकारिक रिपोर्ट नहीं दिखाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि गृह मंत्रालय के अधिकारियों की मौजूदगी के कारण उनकी मेडिकल टीम को वांगचुक से मिलने की अनुमति नहीं दी गई।

### लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला...

एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट में शामिल हो गए थे। स्पीकर की मान्यता के बाद इन सांसदों की नई राजनीतिक पहचान को संसद में आधिकारिक दर्जा मिल गया है। इससे लोकसभा में दलों की संख्या और संसदीय समीकरण भी प्रभावित होंगे।

**अब दो तिहाई बहुमत के करीब एनडीए :** बागी सांसदों को मंजूरी मिलने से मोदी सरकार को फायदा मिलेगा। मोदी सरकार संसद में दो तिहाई बहुमत के और करीब आ जाएगी, जो संविधान संशोधन विधेयक पास करने के लिए अहम है। सरकार महिला आरक्षण कानून लागू करने और परिसीमन विधेयक के जरिए संसद और राज्य विधानसभाओं की संख्या बढ़ाने वाले संविधान संशोधन विधेयक पास कराने के लिए जरूरी संख्या जुटानी की कोशिश कर रही है। अप्रैल में राज्यसभा के विशेष सत्र में सरकार की यह कोशिशें नाकाम हो गई थीं। इसके बाद से विपक्ष की चार पार्टियों के 37 लोकसभा और राज्यसभा सांसद सत्ता पक्ष में शामिल हो चुके हैं।

**ओबीसी आरक्षण पर हाई कोर्ट में तीसरे दिन भी हुई मैराथन सुनवाई**

## दलीलः महाजन आयोग ने ओबीसी के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण की अनुशंसा की थी

**जागरण, जबलपुर।** हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस विनय सराफ की विशेष युगलपीठ के समक्ष शुक्रवार को भी ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामलों पर लगातार तीसरे दिन मैराथन सुनवाई हुई। अब मामले की नियमित सुनवाई 20 जुलाई को दोपहर 2:30 बजे से होगी। सुनवाई के दौरान यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीमिंग पिछले दो दिनों से बंद रहने पर ओबीसी पक्ष के अधिवक्ताओं ने कड़ी आपत्ति जताई। इसके बाद कोर्ट ने गुरुवार की कार्यवाही का सीधा प्रसारण फिर शुरू करा दिया। सुनवाई में सामान्य वर्ग के याचिकाकर्ताओं और यूथ फार इक्वेलिटी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी और गोपाल शंकर नारायण ने अपनी दलीलें पूरी कीं। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप संचेती की बहस सोमवार को जारी रहेगी। बहस के दौरान 1983 के महाजन



आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि आयोग ने ओबीसी के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण की अनुशंसा की थी। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि 2019 में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने से पहले राज्य सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 338-बी के तहत राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से राय नहीं ली, इसलिए संशोधन कानून वैधानिक कसौटी पर खरा नहीं उतरता। हाई कोर्ट ने यह भी पूछा कि 2014 में एकलपीठ द्वारा याचिका निरस्त करने के बाद राज्य सरकार ने आदेश के विरुद्ध अपील क्यों नहीं की। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी पहले से लंबित है। याचिकाकर्ताओं ने इंद्रा साहनी बनाम भारत संघ के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने से पहले अध्ययन नहीं किया गया। कोर्ट ने सवाल उठाया कि सर्वोच्च न्यायालय ने मंडल आयोग के आधार पर ओबीसी आरक्षण को मान्यता दी है तो मध्यप्रदेश में इसे लागू करने में क्या बाधा रही। याचिकाकर्ताओं का जवाब था कि 50 प्रतिशत की सीमा तथा बदलती परिस्थितियों का समुचित परीक्षण किए बिना कानून बनाया गया।

### सड़क विकास प्राधिकरण पर पांच हजार का जुर्माना

**जागरण, जबलपुर।** हाई कोर्ट के जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने जबलपुर-मंडला-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नागा घाटी में लगातार हो रहे भूस्खलन और यात्रियों की सुरक्षा के गंभीर मुद्दे पर शुक्रवार को कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने जनहित याचिका में जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर मध्य प्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरडीसी) पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जुर्माने की राशि के साथ अपना स्पष्टीकरण भी अगली सुनवाई में प्रस्तुत किया जाए। जनहित याचिका जबलपुर निवासी डा. पीजी नाजपांडे व रजत भार्गव की ओर से दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। याचिका में कहा गया है कि बरेला के आगे 2.6 किमी लंबी नागा घाटी में बरसात में भूस्खलन होता है। पहाड़ियों से भारी चट्टानें और पत्थर सीधे हाईवे पर गिरते हैं, जिससे हर समय बड़े सड़क हादसे की आशंका बनी रहती है।

### राज्य पुलिस सेवा के 7 अफसर बने आईपीएस




**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राज्य पुलिस सेवा के सात अफसरों को केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने आईपीएस के पद पर प्रमोट किया है। शुक्रवार शाम गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। नोटिफिकेशन के अनुसार 1998 कैडर के एसपीएस निमिषा पांडे, मलॉय जैन, अमित सक्सेना, मनीषा सोनी, सुमन गुर्जर, सब्यसाची सर्राफ और समर वर्मा को आईपीएस अवार्ड कर दिया गया है। राज्य सरकार ने डीपीसी के बाद जिन 9 नामों का पैनल केंद्र को भेजा था उनमें राजेश मिश्रा के खिलाफ विभागीय जांच लंबित होने और अमृत मीणा का जाति प्रमाण पत्र संबंधी मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के कारण उनके नामों पर केंद्र ने सहमति नहीं दी।

# मंडला के चित्रकारों की चित्रकला व गोंड चित्रशैली प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ





## चित्रकला कार्यशाला, माटी पर रंग, छाते पर रंग का शुभारंभ आज

**जागरण मंडला।** पद्मश्री, पद्मभूषण व पद्मविभूषण से सम्मानित भारत के सर्वकालीन महान चित्रकार मरहूम सैयद हैदर रज़ा की पुण्य स्मृति में रज़ा फाउंडेशन द्वारा रज़ा स्मृति 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस 6 दिवसीय रज़ा स्मृति में साहित्य के साथ - साथ कला के विभिन्न रंग बिखरते नज़र आएंगे। शनिवार की शाम सैयद हैदर रज़ा मार्ग स्थित रज़ा कला वीथिका, मण्डला में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा व कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने मंडला जिले के चित्रकारों की चित्रकला व गोंड चित्रशैली प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। चित्रकला प्रदर्शनी में जिले वरिष्ठ चिकित्सक व् कलाकार डॉ.अरविंद अग्निहोत्री के चित्र प्रदर्शित होंगे। इनके अलावा वरिष्ठ चित्रकार पी एल डोंगरे, केंद्रीय विद्यालय के कला शिक्षक गजेंद्र सोनी, बॉटल आर्टिस्ट त्रिलोक सिंधिया, एस. राम जी, आशीष कछवाहा, अशोक सोनवानी, गरिमा ताम्रकार, कपिल लखेरा, अनिरुद्ध मिश्र, आदित्य वर्मा. शुभ साहू, आदित्य साहू, शुभम रैकवार, नीलांशु मण्डल के कार्य प्रदर्शित किये गए है। गोंड चित्रशैली प्रदर्शनी में सुमन बंदेवार, शशि भलावी, रचना भांवरे, प्रीति भांवरे, सोनिका रागनी, माधुरी मांवरे, मुस्कान रघुवंशी, हेमलता सिंगौर, पूनम रघुवंशी, भाग्यवती, ज्योति उईके, काजल बरया के चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा व कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे प्रदर्शनी का शुभारंभ करने के उपरांत सभी कलाकारों को रोज स्टिक देकर उनका स्वागत किया। प्रदर्शनी का भ्रमण कर सभी कलाकारों के कार्यों को समझा और उसकी काफी सराहना की।

### कला प्रेमी करेंगे चित्रकारी

रविवार को चित्रकला कार्यशाला, माटी पर रंग, छाते पर रंग कार्यशाला के अंतर्गत कला प्रेमी रज़ा कला वीथिका पहुंचकर पेंटिंग कर सकेंगे। रज़ा फाउंडेशन द्वारा पेंटिंग के लिए ड्राइंग शीट, गमले, गुल्लक, छाते उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके साथ ही पारम्परिक मिटटी के चके पर मिटटी की चीज़े बनाना भी सिखाई जाएगी। इसमें कलाकार आशीष कछवाहा, अशोक सोनवानी, गरिमा ताम्रकार, भीसम प्रजापति, सुमन बंदेवर रचना भांवरे कलाकारों का मार्गदर्शन करेंगे।

### लकड़ी पर नक्काशी कार्यशाला

लकड़ी पर नक्काशी कार्यशाला का आयोजन नर्मदा तट स्थित माहिष्मती घाट में किया गया है। इसमें उज्ज्वल ओझा, आकाश बर्मन, मानस चक्रवर्ती, किशन यादव, रूपाली गुप्त, हरिओम अहिरवार, चन्दराम जयसवाल, धर्मेश पराशर, शत्रुन, चन्द्रेश कुमार माण्डवी, बलबती नेताम, मनोज द्विवेदी लकड़ी पर नक्काशी कर अपनी कलाकृति तैयार करेंगे।

### सांस्कतिक संध्या का आयोजन

रज़ा स्मृति में आयोजित सांस्कतिक संध्या का आयोजन भी माहिष्मती घाट मण्डला 7:30 बजे किया जायेगा। इसमें 19 जुलाई 2026 नृत्य एवं गायन, 20 जुलाई 2026 ऋतु वर्मा की पण्डवानी, 21 जुलाई 2026 को अमरदीप सिंह अमर, शहबाज रिजवी, चराग शर्मा, आशू मिश्र उर्दू काव्य प्रस्तुत करेंगे। 22 जुलाई 2026 को प्रसिद्ध नृत्यांगना कंकना सिंह मणिपूरी नृत्य प्रस्तुत करेंगी। रज़ा स्मृति 2026 की अंतिम सांस्कतिक प्रस्तुति 23 जुलाई 2026 को रंग संगीत से पूनम तिवारी करेंगी।

### किंगफिशर में होगा संगोष्ठी (साहित्य और प्रकृति) का आयोजन

20, 21, 22 जलाई 2026 को संगोष्ठी (साहित्य और प्रकृति) का आयोजन हॉटल ग्रैंड किंगफ़िशर में होगा। साहित्य और संसार तथा साहित्य और कलाए शीर्षक से आयोजित इस संगोष्ठी में अष्ट भुजा शुक्ल, अरुण कमल, सदानन्द शाही, सुमन केशरी, गीताश्री, अ संगघोष, विवेक निराला, सूर्यनारायण, असिलेश, उदयन वाबपेयी, धुव शुक्ल, विमल कुमार, मुकेश कुमार, प्रियंका दुबे अपनी रचना प्रस्तुत करेंगी। 23 जुलाई 2026, गुरुवार की सूबह:10:00 बजे बिंझिया कब्रिस्तान में सैयद हैदर रज़ा और उनके पिता की कब्र पर रज़ा स्मृति के कलाकार व उनके चाहने वाले पुष्पांजली देंगे। रज़ा फाउंडेशन के सदस्य सचिव संजीव चौबे ने समस्त कला प्रेमियों से अपील की है कि वे सभी आयोजनों में शामिल होकर रज़ा स्मृति को सफल व यादगार बनाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करने की कृपा करें।

# प्रधानमंत्री ने वर्चुअली किया नैनपुर स्टेशन का लोकार्पण

## अमृत भारत योजना से मिला नया आधुनिक स्वरूप



**जागरण मंडला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देशभर के 103 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण का वर्चुअली उद्घाटन किया। इसी कड़ी में मण्डला जिले के नैनपुर रेलवे स्टेशन के नए स्वरूप का लोकार्पण भी किया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नैनपुर स्टेशन पर किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों और आमजन ने भाग लिया। उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय नेताओं ने प्रधानमंत्री के विजन की सराहना करते हुए कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना से छोटे शहरों के रेलवे स्टेशनों को भी विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल रही हैं।

### स्टेशन को मिलीं ये नई सुविधाएं : जायसवाल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि यह स्टेशन अब यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक और सुंदर बन गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेलवे के आधुनिकीकरण से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। भारत सरकार ने नैनपुर स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शामिल किया। इसके बाद इसे पुनर्विकसित किया गया है। इसमें यात्रियों के लिए बेहतर प्रतीक्षालय, आधुनिक शौचालय, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, डिजिटल मय सूचना प्रणाली, सुमन आयोजन, सोल्यूशन की नई समुचित व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

स्टेशन परिसर को आकर्षक रूप दिया गया है। क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि नैनपुर रेलवे की दृष्टि से मंडला का प्रमुख स्टेशन है, यहाँ से रोजाना 18 गाड़ियाँ गुजरती हैं। भारत सरकार ने इसे योजना में शामिल किया जिससे सुविधाओं का विस्तार हुआ है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रदेश के अन्य स्टेशनों का भी आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति :** लोकार्पण कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, नगर पालिका अध्यक्ष नैनपुर श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जनपद पंचायत अध्यक्ष नैनपुर श्रीमती ओमवती उईके, मंडल रेलवे प्रबंधक श्री दीपक गुप्ता, प्रधान वाणिज्य प्रबंधक श्री विजय कुमार सहित अन्य रेल अधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले स्कूली बच्चों को मंच से सम्मानित किया।

## बीच सड़क महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा, युवक को खदेड़ते हुए वीडियो वायरल

**छतरपुर।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित संकट मोचन तिराहे पर देर शाम एक महिला द्वारा बीच सड़क पर युवक को खदेड़ने का मामला सामने आया है। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो किसी ने अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला और युवक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर महिला गुस्से में युवक के पीछे दौड़ती हुई दिखाई दी। काफी देर तक सड़क पर चले इस घटनाक्रम के कारण यातायात भी प्रभावित रहा और लोगों में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। वायरल वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। सिटी कोतवाली पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। फिलहाल विवाद की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति सामने आएगी।


# जिला जेल का औचक सुरक्षा ऑडिट, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व सुरक्षा व्यवस्था की हुई गहन जांच



**छतरपुर।** महानिदेशक (डीजी) जेल के निर्देश पर प्रदेशभर में चल रहे सुरक्षा ऑडिट अभियान के तहत छतरपुर जिला जेल का सतना जेल अधीक्षक लीना कोष्टा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम तथा अन्य सुरक्षा संसाधनों की गहन जांच की गई और उनके सुचारू संचालन का परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि 1 जुलाई से 7 जुलाई तक प्रदेश की सभी जेलों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत यह निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों के पालन और व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। वहीं, जेल में वीआईपी सुविधाओं को लेकर पूछे गए सवालों पर अधिकारियों ने स्पष्ट जवाब देने से बचते हुए टालमटोल भरा रवैया अपनाया। सुरक्षा ऑडिट का उद्देश्य जेलों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाना बताया गया।

# हादसे को न्यौता दे रहा जर्जर स्कूल भवन

## एक ही कमरे में पढ़ने को मजबूर 65 नौनिहाल मूरता गांव में शिक्षा व्यवस्था बदहालछत से टपकता पानीजान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को विवश कक्षा 1 से 8 तक के छात्र



**जागरण मंडला।** विकासखंड मवई के ग्राम मूरता में शिक्षा व्यवस्था और नौनिहालों की सुरक्षा रामभरोसे है। यहाँ स्थित एकीकृत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। खस्ताहाल इमारत के कारण यहाँ कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन इसके बावजूद कक्षा 1 से 8 तक के 65 बच्चों की पढ़ाई इसी असुरक्षित भवन में कराई जा रही है।

**भवन की वर्तमान स्थिति और जान का जोखिम :** विद्यालय भवन की हालत इतनी खराब है कि इसकी छत और दीवारों से लगातार प्लास्टर टूटकर गिर रहा है। ज़ बारिश के दिनों में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। छत से लगातार पानी टपकता है और दीवारों में रिसाव होता है। ज़ इस स्थिति के कारण कक्षाओं में पढ़ाई कराना लगभग असंभव हो जाता है और विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों में भी हमेशा किसी अनहोनी का डर बना रहता है।

**बारिश में एक ही कमरे में लगती हैं 8 कक्षाएं :** मौसम खराब होने या तेज बारिश होने पर बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर शिक्षकों को मजबूरी में एक बड़ा कदम उठाना पड़ता है। ऐसे समय में कक्षा 1 से लेकर 8 तक के सभी 65 बच्चों को एक ही छोटे से कमरे में बैठाकर पढ़ाई करानी पड़ती है। एक ही जगह इतनी कक्षाओं के बच्चों के बैठने से न केवल अव्यवस्था फैलती है, बल्कि शिक्षण कार्य भी बुरी तरह से प्रभावित होता है।

### प्रशासनिक अनदेखी और ग्रामीणों की मांग

विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों का कहना है कि उन्होंने इस गंभीर समस्या और भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी कई बार लिखित रूप से संबंधित अधिकारियों को दी है। दुर्भाग्यवश, अब तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।ग्रामीणों और शिक्षकों ने शासन, प्रशासन और शिक्षा विभाग को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि समय रहते भवन की मरम्मत या नए भवन का निर्माण नहीं कराया गया, तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने मांग की है कि तत्काल विद्यालय भवन की जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि बच्चों को एक सुरक्षित माहौल मिल सके और उनकी पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके।

# महाआरती में उमड़ा आस्था का सैलाब, झूलेलाल चालीसा महोत्सव में जुट रहे श्रद्धालु



**जागरण मंडला।** अंबेडकर वार्ड स्थित भगवानी बाई केवलराम श्री झूलेलाल मंदिर में चल रहे चालीस दिवसीय श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव में शुक्रवार शाम आयोजित भव्य महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पुरुष,महिलाएं और बच्चों ने भगवान झूलेलाल की आराधना कर सभी परिवारों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।13 जुलाई से प्रारंभ हुए इस धार्मिक महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम आरती, पूजा-अर्चना,कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव के प्रत्येक शुक्रवार को विशेष महाआरती का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें श्रद्धालुओं की लगातार सहभागिता देखने को मिल रही है।परंपरागत रूप से महाआरती के दौरान पल्लव पूजा का विशेष महत्व है। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने पल्लव पूजा कर भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सभी ने इष्टदेव को ध्यान करते हुए सभी परिवारों के निरोगी जीवन एवं खुशहाली के लिए कामना की। पंडित रानूनाथ शर्मा एवं भाईसाहब हरनाम उदासी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। चालीसा आयोजन में भक्ति गीतों पर नाच गायन के साथ खुशियां मनाई गईं। समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी झूलेलाल चालीसा महोत्सव पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। धर्म आस्था प्रेमी आयोजन में बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया गया।

# जिला अस्पताल से स्प्लेंडर बाइक चोरी, पीड़ित ने एसपी से लगाई बरामदगी की गुहार



**छतरपुर ।** जिला अस्पताल परिसर से एक बार फिर मोटरसाइकिल चोरी की घटना सामने आई है। सरवई थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर निवासी डब्बू उर्फ हरचरन अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर चोरी हुई बाइक की बरामदगी की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि घटना की शिकायत सिटी कोतवाली में करने के बावजूद अब तक पुलिस उसकी मोटरसाइकिल का पता नहीं लगा सकी है। जानकारी के अनुसार, डब्बू अहिरवार 27 जून 2026 की शाम अपने भाई गोविंद अहिरवार का इलाज कराने जिला अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 16 एमडी 0825) अस्पताल परिसर में मंदिर के सामने खड़ी कर दी और भाई के इलाज के लिए अंदर चले गए। रात करीब 10:30 बजे वापस लौटने पर उनकी बाइक मौके से गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी वाहन का कोई पता नहीं चला। चोरी गई मोटरसाइकिल की कीमत लगभग 60 हजार रुपये बताई गई है। पीड़ित ने बताया कि 28 जून को उसने सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी बाइक बरामद नहीं हो सकी। इसके बाद उसने एसपी से मामले में हस्तक्षेप कर जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## भंडारे से लौट रहे किशोर पर चाकू से हमला, पीठ पर तीन वार, जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती

**छतरपुर।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर भंडारे से लौट रहे एक 15 वर्षीय किशोर पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल अनिकेत प्रजापति (15) पिता कमलेश प्रजापति, निवासी फूला देवी मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 11, को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घायल के चाचा विनोद ने बताया कि अनिकेत अपने बड़े भाई के साथ दोपहर करीब 1 बजे फूला देवी मंदिर में आयोजित भंडारे में गया था। लौटते समय मंदिर के पास कुछ युवकों से उसकी कहासुनी हो गई, जिसे मौके पर शांत करा दिया गया। इसके बाद अनिकेत अपने भाई के साथ घर लौट रहा था। आरोप है कि तभी बाईपास रोड निवासी मूलु अनुरागी ने पीछे से आकर अनिकेत की पीठ पर चाकू से तीन वार कर दिए। हमले में उसकी पीठ और हाथ के अंगूठे में गंभीर चोटें आईं।

घटना के बाद घायल किसी तरह घर पहुंचा और परिजनों को पूरी जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे निजी वाहन से सिटी कोतवाली थाना लेकर पहुंचे, जहां उसकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर रोशन द्विवेदी ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोटों को देखते हुए अनिकेत को ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## त्योंथर तहसील के खंड लेखक को कारण बताओ नोटिस जारी

**त्योंथर ब्यूरो।** शिकायतकर्ता शिवकुमार साकेत एवं अन्य निवासी ग्राम दाढ़ तहसील त्योंथर जिला रीवा मध्य प्रदेश द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आबादी भूमि के ड्रोन सर्वे की त्रुटि पूर्ण सूची को निरस्त कर पुन: सही ड्रोन सर्वे करने एवं पात्रों के नाम जोड़ने के संबंध में कार्यालय कमिश्नर रीवा के पत्र में 7 मई 2026 को कलेक्टर जिला रीवा को पत्र लिखकर लेख किया है कि शिकायतकर्ता द्वारा आबादी भूमि के ड्रोन सर्वे की त्रुटि पूर्ण सूची को निरस्त कर पुन: सही ड्रोन सर्वे कराने एवं पात्रों के नाम जोड़ने के संबंध में निर्देश दिए गए थे। आवेदन पत्र में उल्लेखित तथ्यों की जांच करवा कर नियम अनुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए संबंधित जन को भी अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। कमिश्नर रीवा संभाग रीवा के उक्त पत्र के परिपालन में कार्यालय कलेक्टर जिला रीवा मध्य प्रदेश के पत्र क्रमांक 215 रीवा 25 मई 2026 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व त्योंथर जिला रीवा मध्य प्रदेश को पत्र प्रेषित करते हुए उक्त आबादी भूमि के ड्रोन सर्वे की त्रुटि पूर्ण सूची को निरस्त कर पुन: ड्रोन सर्वे कराने एवं पात्रों के नाम जोड़ने के संबंध में आयुक्त रीवा के आदेश के परिपालन में पत्र में लेख किया है कि संदर्भित पत्र के माध्यम से शिवकुमार साकेत एवं अन्य निवासी ग्राम दाढ़ तहसील त्योंथर जिला रीवा के द्वारा की गई शिकायत पत्र की संलग्न प्रति प्राप्त हुई है। संदर्भित पत्र के सभी बिंदुओं की शिकायत की जांच करने हेतु लिखा गया है अत: पत्र आपकी और भेज कर आदेशित किया जाता है कि उक्त पत्र में उल्लेखित तथ्यों की जांच कर जांच प्रतिवेदन 15 दिवस में उपलब्ध करावे।


## छात्रों ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली लोगों को दिया नशे से दूर रहने का संदेश

**छतरपुर।** प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को छतरपुर में स्कूली छात्र-छात्राओं ने जनजागरूकता रैली निकालकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। अभियान की शुरुआत ट्रैफिक थाना परिसर से हुई, जहां ट्रैफिक थाना प्रभारी बृहस्पति साकेत ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां और बैनर लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। इस दौरान उन्होंने नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो और नशे से दूरी, जीवन में खुशहाली जैसे नारों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने आमजन से स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की।

इस अवसर पर ट्रैफिक थाना प्रभारी बृहस्पति साकेत ने कहा कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज में जनभागीदारी बढ़ाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि नशामुक्त समाज के लक्ष्य को सफल बनाया जा सके। रैली के दौरान ट्रैफिक पुलिस का पूरा स्टाफ, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। शहरवासियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए नशा मुक्ति अभियान में सहयोग का भरोसा दिलाया।

## आंगनवाड़ी केंद्र पर बरगद का पेड़ गिरा : भवन में बच्चे मौजूद नहीं थे, बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त



**जागरण मंडला।** मंडला जिले के बिछिया जनपद अंतर्गत छिवला टोला गांव स्थित एक आंगनवाड़ी केंद्र पर शनिवार को वर्षों पुराना बरगद का पेड़ अचानक गिर गया। गनीमत रही कि घटना के समय केंद्र के भीतर कोई बच्चा, कार्यकर्ता या अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।जानकारी के अनुसार, यह घटना सुबह उस वक्त हुई जब आंगनवाड़ी सहायिका बच्चों को लेने गांव गई हुई थी। केंद्र में उस समय कोई उपस्थित नहीं था। पेड़ गिरने की तेज आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। शुरुआती आशंका थी कि बच्चे अंदर हो सकते हैं, जिससे गांव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया, लेकिन केंद्र खाली मिलने पर सभी ने राहत की सांस ली।इस घटना में आंगनवाड़ी केंद्र की बाउंड्री वॉल को आंशिक क्षति पहुंची है। हालांकि, भवन के मुख्य ढांचे को फिलहाल कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। एहतियात के तौर पर भवन की तकनीकी जांच कराई जा रही है।महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार, स्थानीय पंचायत की सहायता से गिरे हुए बरगद के पेड़ को हटाकर परिसर को साफ करने का कार्य जारी है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार तक परिसर को पूरी तरह व्यवस्थित कर दिया जाएगा, जिसके बाद केंद्र का संचालन सामान्य रूप से शुरू किया जा सकेगा।

# एसबीआई एमओयू के तहत दिवंगत आरक्षक अयज के परिजनों को मिला 1 करोड़ का बीमा चेक



**जागरण, पन्ना ।** कल दिनांक को मध्य प्रदेश पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक के मध्य संपादित पुलिस सैलरी पैकेज एमओयू के अंतर्गत ड्यूटी के दौरान दिवंगत हुए आरक्षक अजय भास्कर के परिजनों को 1 करोड़ की बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया। मध्य प्रदेश पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक के मध्य हुए इस एमओयू के अनुसार, जिन पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन खाता एसबीआई के पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत संचालित है, उन्हें निर्धारित शर्तों के अनुसार दुर्घटना अथवा ड्यूटी के दौरान मृत्यु जैसी परिस्थितियों में विशेष बीमा एवं अन्य बैंकिंग सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाता है। इसी प्रावधान के तहत दिवंगत आरक्षक अजय भास्कर के परिजनों को ?1 करोड़ की बीमा राशि स्वीकृत की गई। यह बीमा चेक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पन्ना सुश्री वंदना सिंह चौहान एवं भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दिवंगत के परिजनों को सौंपा गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना सिंह चौहान ने दिवंगत आरक्षक अजय भास्कर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। एसबीआई के साथ किया गया पुलिस सैलरी पैकेज एमओयू भी ऐसी ही एक महत्वपूर्ण पहल है, जो कठिन समय में पुलिस परिवारों को आर्थिक सुरक्षा एवं संबल प्रदान करता है। भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों ने बताया कि पुलिस सैलरी पैकेज का उद्देश्य पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों को आकस्मिक परिस्थितियों में वित्तीय सुरक्षा उपलब्ध कराना है तथा यह योजना पुलिस बल के कल्याण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

## झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

**पन्ना ।** विगत एक पखवाड़े से बारिश न होने के चलते जिले के किसानों की फैसले सूख रही थी जिसको लेकर किसान भारी चिंतित थे क्योंकि किसानों द्वारा पहले ही बारिश में उड़द सोयाबीन धान मक्का की फसलें बो दी थी लेकिन बारिश न होने से लगातार गर्मी बढ़ रही थी जिस फसले सूखने लगी थी मौसम बना तथा झमाझम बारिश प्रारंभ हो गई जिससे किसानों ने राहत की सांस ली है क्योंकि उक्त पानी गिर जाने से फसलों के लिए यह अमृत के समान है किसानों द्वारा लगातार फसल उगाने में लागत लगाई जाती है लेकिन उसके बावजूद भी किसानों को अपनी फसल का सही दाम नहीं मिल पाता है सरकार द्वारा भी किसानों की फसल सही समय एवं सही दाम पर नहीं खरीदी जाती है वह भारी परेशान होते हैं फसल का समय निकल जाने के बाद व्यापारी एवं बिचौलियों द्वारा वही फसल चार गुने दाम पर बाजार में विक्रय की जाती है तथा उसका पूरा फायदा व्यापारी उठाते हैं।

# विद्यार्थियों को शॉर्ट फिल्म के माध्यम से किया जागरूक

## स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से निकली जनजागरूकता रैली

**जागरण, पन्ना ।** पुलिस,स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से चलाया जागरूकता अभियान, स्कूलों, कॉलेजों एवं कोचिंग संस्थानों में आयोजित हुए विशेष कार्यक्रम मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में संचालित प्रदेशव्यापी नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान के तीसरे दिवस पन्ना जिले में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त सहयोग से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना सिंह चौहान के मार्गदर्शन में जिलेभर के विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नशामुक्ति के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मियों एवं



आमजन ने सहभागिता निभाई। रैली के माध्यम से आमजन को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित विशेष कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों पर आधारित प्रेरणादायी शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। फिल्म के माध्यम से युवाओं को बताया गया कि किस प्रकार मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार, सामाजिक जीवन तथा भविष्य पर किस प्रकार गंभीर एवं विनाशकारी प्रभाव डालता है। फिल्म प्रदर्शन के उपरांत विशेषज्ञों एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों से संवाद कर उनके प्रश्नों का समाधान भी किया गया। इसके अतिरिक्त पन्ना पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों में जागरूकता व्याख्यान आयोजित किए गए। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, नशे से जुड़े अपराधों के कानूनी प्रावधान, साइबर माध्यमों से होने वाली अवैध मादक पदार्थों की तस्करी तथा नशे से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी दी। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार के प्रलोभन अथवा साथियों के दबाव में आकर नशीले पदार्थों का सेवन न करें तथा अपने मित्रों एवं परिवारजनों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों एवं युवाओं को से नो टू ड्रग का संदेश देते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबार अथवा सेवन की जानकारी तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराने की अपील की गई। पन्ना पुलिस ने कहा कि युवा वर्ग राष्ट्र की अमूल्य शक्ति है। यदि युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, नवाचार एवं रचनात्मक गतिविधियों में अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करेंगे, तो एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं समृद्ध समाज का निर्माण संभव होगा।

# वैष्णव माता विधि महाविद्यालय एलएलबी छठवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित






**जागरण, पन्ना ।** महाराजा छत्रशाल बुंदेलाखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर द्वारा जून-2026 में आयोजित एलएलबी छठवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें वैष्णव माता विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जून 2026 में आयोजित हुई परीक्षा के परिणाम अनुसार महाविद्यालय के छात्रा सुभांषी खरे 600 में से 482 अंक प्रथम स्थान, सायना परवीन 600 में से 466 द्वितीय स्थान व मानसी शर्मा 600 में से 459 के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय संचालक अंकुर त्रिवेदी ने घोषित परीक्षा परिणामों में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को इसी प्रकार मेहनत से निर्धारित किए गए लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही। वहीं विधि संकाय प्राचार्य राजकुमार सेन व सहायक प्राध्यापक अविनाश पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। छात्र-छात्राओं के बेहतर परीक्षा परिणाम पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक बृजकिशोर त्रिपाठी, मनोज गौर, आशीष चौरसिया, राहुल पटेल, पंकज पाण्डेय, अतुल पाण्डेय,गरिमा जैन, श्रद्धा सिंह, रानी यादव, श्रीमती नीतिका डनायक, शिभा सिंह सोलंकी, अमित पाण्डेय, भूपेन्द्र चौबे, मनोज जडिया, महेन्द्र सिंह, नेहा सेन, सविता ने बधाई प्रेषित की है।

# महाविद्यालय द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत मजदूरों से संवाद के साथ व्याख्यान का किया आयोजन



**जागरण, पन्ना ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना के प्राचार्य डॉ. जे.के. वर्मा के संरक्षण एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी.पी. मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग निर्देशानुसार -नशे से दूरी है जरूरी 2.0- अभियान के अंतर्गत व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा शिक्षा के माध्यम से स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश देना था। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. एम.के. शुक्ल ने गुटखा, बीड़ी, तंबाकू, शराब आदि नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों तथा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर.एम. दत्ता ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को अध्ययन के लिए प्रेरित किया। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी.पी. मिश्रा ने कहा कि शिक्षा ही नशामुक्त और सशक्त समाज की आधारशिला है। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम में बच्चों को कॉपी, पुस्तकें एवं पेन वितरित किए गए तथा सभी को नशामुक्त जीवन और बच्चों की शिक्षा का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉ. सुजा सुकुमारन, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री अरविन्द निषाद, श्री जय चौरसिया, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, परिसर में कार्यरत मजदूरों एवं आसपास के नागरिकों की सहभागिता रही।

# नाबालिग छात्रों की टीसी पर चरित्रहीन लिखकर भविष्य पर लगाया दाग

**जागरण, पन्ना ।** शाहनगर विकासखंड अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला भोपार, संकुल मैन्हां में 8वीं पास दो छात्रों की ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) पर लाल पेन से टीसी रित्रहीन लिखे जाने का मामला सामने आया है। इस घटना ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों का कहना है कि फरवरी में ही कलेक्टर को शिकायत देकर बताया गया था कि प्रभारी सत्या सिंह पटेल छात्रों की टीसी में चरित्रहीन लिखने की धमकी दे रही हैं। अब टीसी पर वही टिप्पणी सामने आने के बाद ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई? ट्रांसफर सर्टिफिकेट एक महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेज है, जिसके आधार पर छात्र आगे की पढ़ाई में प्रवेश लेते हैं। ऐसे दस्तावेज पर इस तरह की टिप्पणी दर्ज किए जाने पर अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में पक्ष जानने के लिए प्रधानाध्यापक श्रीमती सत्या सिंह पटेल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके दोनों मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिले। बीआरसी शाहनगर अमित श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर संबंधित स्कूल को नोटिस जारी किया गया था। जवाब मिलने के बाद विवादित टीसी निरस्त कर दोनों छात्रों की नई ट्रांसफर सर्टिफिकेट जारी कर दी गई। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी आकांक्षा रावत ने कहा, मामला मेरी जानकारी में आया था। डीपीसी से चर्चा के बाद दोनों बच्चों की टीसी में सुधार कर नए ट्रांसफर सर्टिफिकेट जारी करा दिए गए हैं। हालांकि सबसे बड़ा सवाल अब भी बाकी है—यदि गलती हुई थी, तो उसके लिए जिम्मेदार कौन है? क्या केवल नई टीसी जारी कर देने से एक नाबालिग छात्र की प्रतिष्ठा और मानसिक पीड़ा की भरपाई हो जाती है? शिक्षा विभाग को यह भी स्पष्ट करना होगा कि सरकारी दस्तावेज पर ऐसी टिप्पणी दर्ज करने वाले जिम्मेदार व्यक्ति के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई या की जाएगी, तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या ठोस व्यवस्था बनाई जाएगी।

# जिला संयोजक ने छात्रावासों का किया औचक निरीक्षण

**जागरण, पन्ना ।** म.प्र. शासन की मंशानुरूप आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में व्यवस्थाओ एवं गुणवत्ता परीक्षण हेतु पन्ना कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार के निर्देशों के बाद आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक जय प्रताप सिंह भदौरिया ने छात्रावासों में अचानक धमक देकर औचक निरीक्षण किया, जिससे अधीक्षकों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जिला संयोजक ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि बच्चों की सुविधाओं और हक में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही सीधे भारी पड़ेगी। प्रशासनिक अमले ने पन्ना के उत्कृष्ट कन्या छात्रावास (आगरा मोहल्ला), सीनियर कन्या छात्रावास पन्ना,और सीनियर छात्रावास देवेंद्र नगर का तूफानी दौरा किया। इस औचक निरीक्षण का मकसद केवल फाइलों को देखना नहीं, बल्कि धरातल पर योजनाओं के क्रियान्वयन को जांचना था। निरीक्षण के दौरान जिला संयोजक ने सीधे छात्राओं के बीच जाकर उन्होंने न सिर्फ छात्राओं से उनकी समस्याओं पर खुलकर बात की, बल्कि व्यवस्थाओं में सुधार के लिए उनके बेबाक विचार भी जाने। जिला संयोजक खुद छात्राओं के साथ बैठे और भोजन की गुणवत्ता को चखा। उन्होंने अधीक्षकों को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि छात्राओं को मिलने वाले भोजन की रोजाना सुबह और शाम की जीपीएस (जीपीएस) टैग वाली तस्वीरें अनिवार्य रूप से भेजी जाएं, ताकि खाने की गुणवत्ता और बेहतर की जा सके। साफ-सफाई में रत्ती भर भी लापरवाही मिलने पर सीधे दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। छात्राओं को दिया सफलता का %महामंत्र पढ़ाया सामाजिक समरसता का पाठ हॉस्टल की अव्यवस्थाओं पर हंटर चलाने के साथ ही जिला संयोजक श्री भदौरिया एक मार्गदर्शक की भूमिका में नजर आए। उन्होंने छात्राओं के साथ बैठकर भोजन करते हुए जाति-पाति के भेदों से ऊपर उठकर सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की और उन्हें एकजुट रहकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# समाजवादी पार्टी गुनौर विधानसभा इकाई की बैठक आज

**पन्ना ।** समाजवादी पार्टी पन्ना जिला की गुनौर विधानसभा इकाई की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार, 19 जुलाई 2026 को आयोजित की जा रही है। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मेलन, विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने, नए सदस्यों को पार्टी में शामिल करने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। जिला अध्यक्ष जयराम यादव की अध्यक्षता में यह बैठक सुबह 11 बजे हनुमान जी मंदिर के पास, वार्ड नंबर 6, गुनौर में आयोजित होगी। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों से बैठक में उपस्थित रहने की अपील की गई है।समाजवादी पार्टी पन्ना जिला की गुनौर विधानसभा इकाई की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार, 19 जुलाई 2026 को आयोजित की जा रही है। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मेलन, विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने, नए सदस्यों को पार्टी में शामिल करने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। जिला अध्यक्ष जयराम यादव की अध्यक्षता में यह बैठक सुबह 11 बजे हनुमान जी मंदिर के पास, वार्ड नंबर 6, गुनौर में आयोजित होगी। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों से बैठक में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

## देवेंद्रनगर क्षेत्र के नागरिक सड़कों की बदहाल स्थिति से परेशान जनप्रतिनिधि उदासीन

**पन्ना ।** जिले का व्यापारिक केंद्र देवेंद्रनगर आवागमन की स्थिति में सड़कों पर गढ्ढों से परेशान है। चार पहिया,दो पहिया वाहन तो दूर आम नागरिक भी सड़क पर चलने में परेशान है पैदल भी चल नहीं सकते। राष्ट्रीय राजमार्ग भी देवेंद्र नगर को जोड़ता है जिस पर 10 चक्का ट्रक तथा भारी वाहन निकलते रहते हैं लेकिन गड्ढे तथा ऊबड़-खाबड़ सड़क परेशानी का कारण है । आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रशासन मौन है स्कूल जाते बच्चे परेशान होते हैं। गलियों में गड्ढे इतने हो गए हैं कि वर्षा काल का पानी भर जाता है। जिससे कीड़े मकोड़े भी अपने अस्तित्व का परिचय करा देते हैं । अपेक्षा प्रशासन गंभीरता से इस ओर ध्यान देगा।

# प्रशिक्षण देने के लिए अतिथि व्याख्याताओं से आवेदन 30 तक

**जागरण, रीवा।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र रीवा में प्रशिक्षण देने के लिए अतिथि व्याखाताओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में संस्था के प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण केन्द्र में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के अभ्यर्थियों को राज्य सिविल सेवा परीक्षा, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी तथा मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण दिया जाना है। इन प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए योग्य एवं अनुभवी व्याख्याताओं से आगामी 30 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। निर्धारित अर्हता रखने वाले इच्छुक आवेदक अपने आवेदन पत्र शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र केन्द्र के ईमेल पीईटीसीआईडब्ल्यूए एट द रेट जीमेल डॉट कॉम अथवा रजिस्टर्ड डाक से भी भेजा जा सकता है। प्राचार्य ने बताया कि आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में अध्यापन किए जाने विषय एवं संबंधित प्रतियोगी परीक्षा का उल्लेख किया जाना आवश्यक है। आवेदक संबंधित विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की हो अथवा किसी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान जहाँ से प्रशिक्षणार्थियों का चयन प्रतियोगी परीक्षाओं में होता रहा हो, में संकाय का सदस्य रहा हो। अतिथि व्याख्याताओं के चयन के लिए गठित समिति द्वारा व्याख्याताओं का पैनल तैयार किया जाएगा। अतिथि व्याख्याताओं को समय-समय पर आयोजित होने प्रशिक्षण में उन्हें व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया जाएगा तथा शासन द्वारा निर्धारित मानदेय का भुगतान किया जाएगा। वर्तमान में प्रतिकालखण्ड के लिए आठ सौ रुपए मानदेय निर्धारित है। एक कालखण्ड कम से कम एक घंटे का होगा।

## देवेंद्र नगर वासी अंधेरे में रहने को मजबूर-बिजली विभाग मौन व्रत पर

**पन्ना ।** देवेंद्र नगर क्षेत्र तहसील तो है ही व्यापारी क्षेत्र के लिए भी मशहूर है देवेंद्र नगर एक प्रसिद्ध मंडी है जहां पर चारों तरफ से कृषक मंडी में आते हैं इस स्थिति में बिजली की आंख में चोली नागरिकों की परेशानी का महत्वपूर्ण कारण बनी हुई है। वर्षा कल चल रहा है व्यापारी छात्र मजदूर बिजली कटौती से परेशान है अनेक बार इस और नागरिकों की ओर से जनप्रतिनिधियों तथा बिजली विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया लेकिन परिणाम निकला -ढाक के तीन पात का लोगों को आंदोलन करने के लिए बाध्य न होना पड़े ।

## ग्रामीण अंचल बृजपुर से निकला हीरा

**पन्ना ।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा 17 जुलाई को इतिहास विभाग में चयनित सहायक प्राध्यापक की सूची घोषित की गई है जिसमें सर्वज्ञ जैन पिता सुधीर जैन ने ग्यारहवां स्थान प्राप्त किया है। सर्वज्ञ जैन ने स्नाकोत्तर इतिहास विषय की पढ़ाई स्वयं नेट के माध्यम से की थी जिसमें परीक्षा में अंकों का प्रतिशत सबसे उत्तम रहा सर्वज्ञ जैन एक होनहार छात्र रहे हैं मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 1/6/25 को आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम 17 जुलाई को घोषित हुआ, काउंसलिंग साक्षात्कार 22/6/26 से 2/7/26 तक था। सर्वज्ञ जैन पन्ना तहसील के बृजपुर ग्राम के निवासी हैं।

# दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पन्ना पुलिस ने सूचना मिलने के 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जागरण, पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह चौहान के मार्गदर्शन में पन्ना पुलिस द्वारा थाना अमानगंज में दर्ज अप.क्र. 427/26 धारा 64(1), 351(3) एवं 332(बी) भारतीय न्याय संहिता (ब्नहस) के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है ।

मामले में पीड़िता द्वारा दिनांक 17/07/26 को रिपोर्ट की गई कि दिनांक 07 जुलाई 2026 को जब वह घर पर अकेली थी तभी गाँव का एक व्यक्ति उसके घर पहुंचा और नहाते समय का कथित वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी देकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया । घटना के बाद भी आरोपी लगातार वीडियो वायरल करने एवं जान से मारने की धमकी देकर उसे भयभीत करता रहा ।पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना अमानगंज में अप.क्र. 427/26 धारा 64(1), 351(3) एवं 332(बी) भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । थाना प्रभारी अमानगंज उनि. रवि सिंह जादौन द्वारा घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया जाकर मामले में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया । मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनु0 अधि0 पुलिस गुनौर राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में एक पुलिस टीम का गठन किया गया । उक्त प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए गए। आरोपी के संभावित ठिकानों एवं उसके निवास स्थान पर दबिश दी गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। प्रभावी सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी को ग्राम झरकुआँ स्थित मस्जिद के पास से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध करना स्वीकार किया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से न्यायालय के आदेशानुसार उसे जिला जेल भेज दिया गया । उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उप निरीक्षक रवि सिंह जादौन, उप निरीक्षक ईश्वर सिंह, उप निरी.सावित्री सिंह राजपूत,उप निरी.रजनी समाधिया, प्रआर. गनेश सिंह, प्रआर.शिवम शर्मा आरक्षक सत्यनारायण अग्निहोत्री, मेहरवान सिंह,विश्वास शुक्ला, महिला आरक्षक रामप्यारी,गीता पटेल का सराहनीय योगदान रहा ।

## सर्पदंश से आठ वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत

**पन्ना ।** जिले के शाहनगर नगर थाना अंतर्गत ग्राम खमतरा में एक 8 वर्ष के बालक को जहरीले सर्प ने काट लिया जिससे उसकी हालत खराब हो गई तत्काल स्वास्थ्य केंद्र शाह नगर ले जाया गया डॉक्टर द्वारा इलाज किया गया लेकिन इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई जानकारी के अनुसार खम तरा निवासी शिवम सिंह पिता यशवंत सिंह घर के सामने खेल रहा था इस दौरान सर्प ने काट लिया उक्त घटना से परिवार में मातम का माहौल कायम है पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। गौरतलब है कि वर्तमान समय में सर्प दंश की सबसे अधिक घटनाएं हो रही हैं।

## अर्टिगा कार ने मारी टक्कर मोटरसाइकिल चालक बुरी तरह घायल

**पन्ना ।** जिले के बृजपुर थाना अंतर्गत बृहस्पति कुंड मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल चालक को सामने से टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया तथा शरीर के अनेक अंगों में गंभीर चोटें आई हैं घटना की सूचना बृजपुर थाना पुलिस को दी गई पुलिस ने 108 एंबुलेंस भेजकर घायल को जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। घायल का नाम देवेंद्र सिंह यादव निवासी गहरा है। कार का चालक वाहन छोड़कर भाग गया। अर्टिगा कार क्रमांक एमपी 35 सी ए 3126 है जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

# पूज्य राजेंद्र दास जी बोले : सब कुछ श्री जुगल किशोर सरकार की कृपा से संभव

## श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्तराज हिम्मतदास जी की भक्ति का हुआ भावपूर्ण वर्णन

**जागरण, पन्ना ।** श्री श्री 1008 श्री जुगल किशोर सरकार मंदिर,सप्तनिधि धाम पन्ना में पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा एवं गुरुपूर्णिमा महोत्सव के तीसरे दिन परम पूज्य अग्रमलूक पीठाधीश्वर पूज्य श्री राजेंद्र दास जी महाराज ने अपने श्रीमुख से भक्तराज हिम्मतदास जी महाराज के जीवन चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में स्थापित भक्तराज हिम्मतदास जी के चित्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री जुगल किशोर सरकार अपने सच्चे भक्तों पर सदैव कृपा बरसाते हैं और भक्तराज हिम्मतदास जी का जीवन इसका अनुपम प्रमाण है। महाराज श्री ने बताया कि उन्नीसवीं शताब्दी में पन्ना राज्य के समीप स्थित बराछ ग्राम में जन्मे भक्तराज हिम्मतदास जी बचपन से ही संत सेवा, हरिनाम संकीर्तन और भगवान की भक्ति में लीन रहते थे। उनका प्रतिदिन का नियम था कि वे झांझ बजाते हुए कीर्तन करते-करते पन्ना स्थित श्री जुगल किशोर सरकार के दर्शन के लिए आते थे। एक बार जंगल में लुटेरों ने उनकी झांझ छीन ली, लेकिन कुछ ही दूर जाते ही सभी की दृष्टि चली गई। भयभीत होकर उन्होंने क्षमा मांगी और झांझ लौटा दी। भक्तराज ने श्री जुगल किशोर सरकार से प्रार्थना की, जिसके बाद लुटेरों की दृष्टि लौट आई। उन्होंने आगे बताया कि एक बार संतों की सेवा के लिए भोजन सामग्री जुटाने में कठिनाई आई तो भक्तराज की धर्मपत्नी ने अपनी एकमात्र नथ गिरवी रख दी। साधुओं की सेवा पूर्ण होने के बाद स्वयं श्री जुगल किशोर सरकार भक्तराज का रूप धारण कर बनिए का पूरा हिसाब चुकाकर नथ वापस ले आए और उनकी पत्नी को अपने हाथों से पहनाई। इस लीला से स्पष्ट होता है कि भगवान अपने भक्तों की लाज स्वयं रखते हैं। बाद में भक्तराज हिम्मतदास जी को श्री जुगल किशोर सरकार के दिव्य दर्शन प्राप्त हुए और उन्हें वृंदावन जाकर भी प्रभु के साक्षात् दर्शन का सौभाग्य मिला। कथा के दौरान पूज्य श्री राजेंद्र दास जी महाराज ने अत्यंत विनम्र भाव से कहा कि इस दास का शरीर किसी बड़े कार्य के योग्य नहीं है। इसकी सारी क्षमताएं शून्य हैं। यदि आज इतना सम्मान, इतनी सेवा और इतना बड़ा जीवन मिला है तो वह केवल और केवल श्री जुगल किशोर सरकार की असीम कृपा का ही परिणाम है। उनके इन वचनों से पूरा कथा पंडाल भक्तिभाव से ओतप्रोत हो गया। पूज्य गुरुदेव महंत श्री किशोर दास जी महाराज की विशेष उपस्थिति में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन निरंतर जारी है। वहीं प्रतिदिन प्रातः 8–30 बजे से श्री जुगल किशोर सरकार मंदिर प्रांगण में भक्तमाल कथा का मूल पाठ भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर भक्तों के दिव्य चरित्रों का रसपान कर रहे हैं। कथा में महंत श्री रामअनुग्रह दास जी महाराज (अजब धाम छोटे सरकार), मध्यप्रदेश शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी तथा मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया और धर्मलाभ प्राप्त किया। सभी अतिथियों का स्वागत आयोजक एवं पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने किया। श्रीमद्भागवत कथा एवं गुरुपूर्णिमा महोत्सव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और श्री जुगल किशोर सरकार की भक्ति, संतों के सत्संग तथा कथा अमृत का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### कलेक्टर की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एक्शन में

# त्रिमुला इण्डस्ट्रीज की उत्पादन प्रक्रिया तत्काल बंद करने का आदेश जारी

**उद्योग का विद्युत प्रदाय तत्काल विच्छेदित किए जाने के आदेश**

**पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी**

जागरण, वैढ़न

सिंगरौली के देवसर तहसील अंतर्गत ग्राम गोंदवाली स्थित मेसर्स त्रिमुला इण्डस्ट्रीज लिमिटेड स्पंज आयरन इकाई द्वारा पर्यावरणीय मानकों के निरंतर उल्लंघन एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण संबंधी प्रावधानों के अनुपालन में गंभीर कमियां पाए जाने पर मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही उद्योग का विद्युत प्रदाय तत्काल विच्छेदित किए जाने के आदेश भी संबंधित विद्युत वितरण कंपनी को दिए गए हैं। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 31 क के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त आदेश जारी किया गया है। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गौरव बैनल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं उद्योग के विरुद्ध उपलब्ध निरीक्षण प्रतिवेदनों के परीक्षण उपरांत की गई है।



उल्लेखनीय है कि बोर्ड द्वारा उद्योग को 15 जून को आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु कारण बताओ सूचना.पत्र जारी किया गया था। उद्योग प्रबंधन द्वारा अनुपालन किए जाने का दावा प्रस्तुत किए जाने के उपरांत क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 9 जुलाई को स्थल निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण में उद्योग द्वारा प्रस्तुत अनुपालन दावा तथ्यों के अनुरूप नहीं पाया गया तथा विभिन्न पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन यथावत पाया गया। निरीक्षण के दौरान स्थापित इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रीसिपिटेटर एवं एयर कंप्रेसर का समुचित संचालन नहीं पाया गयाए जिसके परिणामस्वरूप चिमनी से अत्यधिक धूलयुक्त उत्सर्जन हो रहा था। साथ ही ऑनलाइन कंटीन्यूअस एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम का डेटा असामान्य रूप से स्थिर पाया गया जिससे प्रणाली की विश्वसनीयता एवं वास्तविक समय की निगरानी पर गंभीर प्रश्न उत्पन्न हुए। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि परिसर में स्थापित परिवेशीय वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन में .10 एवं .2.5 का स्तर निर्धारित मानकों से अधिक दर्ज किया गया। पावर प्लांट के समीप स्थापित वायु गुणवत्ता विश्लेषक संचालनरत नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त उद्योग परिसर में पर्यावरण प्रबंधन हेतु आवश्यक तकनीकी विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं थेए तकनीकी कर्मियों द्वारा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का उपयोग नहीं किया जा रहा था फाइन आयरन डस्ट का खुले में भंडारण किया गया था जिससे वर्षा जल के साथ इसके बहाव के प्रमाण मिले। साथ ही ठोस अपशिष्ट एवं खतरनाक अपशिष्ट का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित प्रबंधन भी निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप नहीं पाया गया। उक्त तथ्यों के आधार पर मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से बंद रखने तथा विद्युत आपूर्ति विच्छेदित करने के निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि उद्योग को उत्पादन पुनः प्रारंभ करने की अनुमति तभी प्रदान की जाएगी जब निरीक्षण में चिन्हित सभी कमियों का पूर्ण निराकरण कर पर्यावरणीय मानकों एवं वैधानिक प्रावधानों का संतोषजनक अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गौरव बैनल ने कहा कि जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं जनस्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों के विरुद्ध विधि सम्मत एवं प्रभावी कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने संबंधित विभागों को आदेशों का समयबद्ध एवं प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## नशे के विरुद्ध करीब 1600 विद्यार्थियों ने बनाई अद्भुत मानव श्रृंखला



**पुलिस अधीक्षक शियाज़ केएम ने विद्यार्थियों से किया संवाद**

**उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित**

**जागरण, वैढ़न।** मध्यप्रदेश पुलिस एवं पुलिस महानिदेश कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत आज सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलौंजी में विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शियाज़ के.एम उपस्थित हुए तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के करीब 1600 छात्र.छात्राओं ने अनुशासित एवं रचनात्मक ढंग से खड़े होकर श्नशे से दूरी है जरूरी 2.0 सिंगरौली पुलिस् संदेश को प्रदर्शित करती विशाल मानव श्रृंखला बनाई। इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई यह मानव श्रृंखला अपने आप में अद्भुत आकर्षक एवं प्रेरणादायी दिखाई दे रही थी। पुलिस अधीक्षक स्वयं विद्यार्थियों के साथ मानव श्रृंखला में सम्मिलित हुए और उनके प्रयासों की सराहना की। पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें नशीले पदार्थों से सदैव दूर रहने अच्छे मित्रों का चयन करने जीवन में सकारात्मक लक्ष्य निर्धारित करने तथा खेल शिक्षा एवं रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभावों एवं उससे बचाव से जुड़े प्रश्न पूछे जिनका पुलिस अधीक्षक ने सरल एवं प्रेरक ढंग से उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। अभियान के अंतर्गत विद्यालय में आयोजित चित्रकला रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही मानव श्रृंखला निर्माण में सहभागी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी विद्यार्थियों की रचनात्मकता अनुशासन एवं सामाजिक जागरूकता की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे तथा अपने परिवार मित्रों और समाज को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलौंजी से प्राचार्य अश्वनी कुमार सोनी स्टाफसहित एवं पुलिस स्टाफ से उप निरीक्षक पवन सिंह प्रधान आरक्षक आशीष बागरी नूर आलम अनूप सिंह एवं आरक्षक अरुण वास्कले उपस्थित रहे।

## ओबरी जंगल चौकी में बीट गार्ड 2000 रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**जागरण, वैढ़न।** जिले के ओबरी जंगल चौकी में आज लोकायुक्त की टीम ने कार्रवाई करते हुए बीट गार्ड अखिलेश शुक्ला को 2000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बीट गार्ड पर आरोप है कि वह एक अवैध रेत कारोबारी से कारोबार जारी रखने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की और जंगल चौकी परिसर में ही आरोपी को रिश्वत लेते हुए धर दबोचा। कार्रवाई के बाद लोकायुक्त की टीम आरोपी बीट गार्ड को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए बरगवां स्थित सर्किट हाउस ले गई जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया जारी है। लोकायुक्त की इस कार्रवाई से वन विभाग सहित पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

## इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली ने गौसेवा संस्थान को दिए अत्याधुनिक रेस्क्यू किट बैग

**घायल एवं बीमार बेजुबान पशुओं के त्वरित उपचार और रेस्क्यू कार्य को मिलेगी नई मजबूती**

**जागरण, वैढ़न।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा पशु संरक्षण एवं सेवा के क्षेत्र में कार्यरत गौसेवा संस्थान की रेस्क्यू टीम को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के चेयरमैन एस. डी.सिंह ने गौसेवा संस्थान की रेस्क्यू टीम को 6 प्रोफेशनल रेस्क्यू किट बैग प्रदान किए। दिल्ली से विशेष रूप से मंगवाए गए इन आधुनिक रेस्क्यू बैगों में प्राथमिक उपचार सामग्री आवश्यक चिकित्सा उपकरण एवं अन्य रेस्क्यू संसाधनों को व्यवस्थित रूप से सुरक्षित रखा जा सकेगा। इनका उपयोग दुर्घटनाग्रस्त घायल एवं बीमार बेजुबान पशुओं के रेस्क्यू एवं उपचार के दौरान किया जाएगा जिससे आपातकालीन



परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराना और अधिक आसान होगा। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एस. डी.सिंह ने कहा कि सेवा का वास्तविक उद्देश्य केवल मानव कल्याण तक सीमित नहीं है बल्कि असहाय एवं बेजुबान पशुओं की रक्षा और उपचार भी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन आधुनिक रेस्क्यू किट बैगों से गौसेवा संस्थान की रेस्क्यू टीम की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और पशु सेवा के कार्यों को नई गति मिलेगी। गौसेवा संस्थान के पदाधिकारियों एवं रेस्क्यू टीम ने रेडक्रॉस सोसायटी एवं चेयरमैन एस.डी. सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग घायल एवं बीमार पशुओं तक समय पर चिकित्सा सहायता पहुँचाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी का यह सहयोग न केवल रेस्क्यू टीम का मनोबल बढ़ाएगा बल्कि पशु कल्याण के क्षेत्र में समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी बनेगा। रेडक्रॉस सोसायटी की यह पहल सामाजिक सरोकार मानवीय संवेदनाओं एवं पशु संरक्षण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह सहयोग भविष्य में अनगिनत बेजुबान पशुओं के जीवन की रक्षा एवं उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## डीपीएस के 20 छात्र-छात्राओं ने नीट परीक्षा क्वालीफाई की

**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर. के छात्र.छात्राओं ने उपलब्धियां की कड़ी में एक और उपलब्धि हासिल करते हुए वर्ष 25- 26 की अखिल भारतीय नीट परीक्षा में 20 छात्र-छात्राओं ने क्वालीफाई कर चार चांद लगा दिए। विद्यालय के 30 छात्र-छात्राएं अखिल भारतीय स्तर की इस परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें से 20 छात्र.छात्राओं ने क्वालीफाई कर विद्यालय को गौरवानित किया । जानकारी के मुताबिक अखिल भारतीय स्तर की नीट परीक्षा 25- 26 में विद्यालय के शिवशेखर पांडेय, फेवा विल्सन अभिषेक भारद्वाज, के सलमा मंशा, प्रिंस जायसवाल, सृष्टि सिंह, आदित्य सिंह बघेल, उत्कर्ष चटर्जी, सुशांत सिंह, आकाश शर्मा, पृथ्वीराज सिंह, ऋषि प्रसाद साहू, ऋषभ शर्मा, श्रीजींता दास, परलीना बेहरा अनिष्का सिंह, अमितेश कुमार कार्तिक कुमार राव, सागर वैश्य, अभय कुमार शांह, अनन्या सिंह, अरविंद कुमार त्रिपाठी, एवं अनन्या भुइया शामिल है। विदित हो कि विद्यालय के छात्र शिवशेखर पांडे फेवा विल्सन एवं अभिषेक भारद्वाज पूर्व में ही नीट परीक्षा वर्ष 24 25 में क्वालीफाई कर चुके हैं। विद्यालय के छात्र.छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जनार्दन पांडेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि डीपीएस विंध्यनगर.के छात्र.छात्राओं ने विद्यालय की परंपराओं को कायम रखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय का परचम लहराया उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय के छात्र.छात्राएं भविष्य में भी अखिल भारतीय स्तर की परीक्षाओं में इससे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय की गरिमा बढ़ते रहेंगे।

## डीपीएस विंध्यनगर प्राइमरी विंग में हुआ कॉस्ट्यूम कार्निवल प्रतियोगिता का आयोजन





**प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्मविश्वास रचनात्मकता की गहरी समझ होती है विकसित**

**जागरण, विंध्यनगर।** डीपीएस विंध्यनगर के प्राइमरी विंग में आज कॉस्ट्यूम कार्निवल प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सामाजिक मुद्दों विज्ञान और अन्य रचनात्मक विषयों पर आधारित वेशभूषा में मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी। बच्चों ने अपने-अपने रोल को आत्मविश्वास के साथ निभाया। डिजिटल इंडिया पर्यावरण स्वच्छता वैज्ञानिक खोजों और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को न केवल प्रभावित किया बल्कि एक महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। इस पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन एवं मार्गदर्शन प्राइमरी विंग प्रभारी श्रीमती कुसुम शर्मा के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना तालियाँ बजाकर और प्रोत्साहन भरे शब्दों से उनका हौसला बढ़ाकर किया। श्रीमती शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में आत्मविश्वास रचनात्मकता और विषयों की गहरी समझ विकसित करती हैं। बच्चों का यह प्रदर्शन डीपीएस विंध्यनगर के कुशल और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की झलक प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों की प्रशंसा की गई।

## 22 करोड़ की लागत से हो रहा है रीवा रेलवे स्टेशन का विकास

**जागरण, रीवा।** सांसद जनार्दन मिश्रा ने रीवा रेलवे स्टेशन पहुंच कर अमृत भारत योजना के तहत किए जा रहे आधुनिकीकरण कार्यों का अवलोकन किया। गौरतलब है कि रीवा रेलवे स्टेशन में अमृत भारत योजना के तहत लगभग 22 करोड़ रुपए से विकास कार्य किया जा रहा है। रीवा रेलवे स्टेशन को 2050 तक के लिए व्यवस्थित और सुसज्जित करने का काम हो रहा है। रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने रेलवे स्टेशन मे संबंधित अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन के हर विभाग हर स्थान का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए चरणबद्ध तरीके से तय समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भ्रमण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रीवा शहर महानगर बन रहा है। महानगरों की तर्ज पर रीवा रेलवे स्टेशन में सुविधा उपलब्ध कराई जाएं। रीवा रेलवे स्टेशन विंध्य की पहचान बनेगा। यहां की विरासत और विकास का एक नया स्वरूप रेलवे स्टेशन में दिखे और यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ सुरक्षा और व्यवस्था गुणवत्तापूर्ण मिले,



इसका भी विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। निर्माण कार्य ऐसा हो जिसे भविष्य में हटाने और तोड़ने की जरूरत ना पड़े। इसका भी ध्यान रखें 2050 तक की आवश्यकताओं को इसमें समाहित किया जाए, उन्होंने कहा कि आधुनिक एस्केलेटर लिफ्ट 30 फीट चौड़ा फुट ओवर ब्रिज पांचों प्लेटफार्म में लिफ्ट हो, जिससे रीवा रेलवे स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से पर पूर्ण हो। रीवा सांसद ने भ्रमण के दौरान कोच मेंटेनेंस वर्कशॉप भी गए जहां पर किए जा रहे सुधार कार्यों का भी अवलोकन किया। साफ सफाई व्यवस्था पर उन्होंने संतोष जताया। साथ ही उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रीवा रेलवे स्टेशन में पौधारोपण भी किया। भ्रमण के दौरान वरिष्ठ नेता राजेंद्र त्रिपाठी रेलवे सांसद प्रतिनिधि राजीव खंडेलवाल जिला महामंत्री भाजपा विवेक गौतम महेंद्र प्रताप सिंह सहित रेलवे के सहायक मंडल अभियंता रशीद अहमद खान डिपो अधिकारी राजेश नंदावर स्टेशन प्रबंधक सत्येंद्र सिंह बघेल स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य विवेक झा वंश बहादुरपटेल सुरील पटेल सोहन पटेल अशोक पटेल सुंदर सिंह प्रजापति रमेश प्रसाद प्रजापति दीपक कुमार सहित रेलवे के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पेंशनरों के लिए महंगाई राहत घोषित करने हेतु

## दूसरे राज्य की सहमति प्राप्त करने की अनिवार्यता समाप्त

**वित्त विभाग ने जारी किए आदेश**

**जागरण, वैढ़न।** मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनरों को देय महंगाई राहत में वृद्धि के संबंध में वर्तमान में प्रचलित पारस्परिक सहमति की प्रक्रिया है उक्त प्रक्रिया पर मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विचार किया गया तथा प्रशासनिक सुगमता एवं पेंशनरों के हित को ध्यान में रखते हुए महंगाई राहत घोषित करने हेतु दूसरे राज्य की सहमति प्राप्त करने की अनिवार्यता को समाप्त किए जाने पेंशनरों को देय पेंशन राहत में वृद्धि हेतु विधायक संशोधन के स्थान पर दोनों राज्यों द्वारा सीधे कार्यकारी आदेश जारी करने राज्यों के आदेश में वृद्धि के फ्ल स्वरुप पड़ने वाले वित्तीय भार के संबंध में मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ शासन को सूचना पत्र प्रेषित किए जाने एवं कोई भी राज्य केंद्र सरकार द्वारा घोषित महंगाई राहत की दर से अधिक घोषित नहीं करेगा पर सहमति बनी इस सहमति प्रस्ताव में मनीष रस्तोगी एवं छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के सचिव डॉ रोहित यादव ने हस्ताक्षर किए सरकार के वित्त विभाग द्वारा जारी किसी आदेश के बाद अब पेंशनरों को उनको मिलने वाली पेंशन में देय महंगाई राहत में वृद्धि में राहत मिलेगी शासन के इस आदेश को लेकर मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार दुबे द्वारा कई वर्षों से लड़ाई लड़ी जा रही थी पेंशनरों को राहत देने वाले इस आदेश को लेकर मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव नरेंद्र प्रसाद मिश्र ने मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ सरकार का आभार ज्ञापित किया है और कहा है कि सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के पेंशनर्स को राहत मिलेगी।

## जनसुविधाओं के विस्तार एवं अधोसंरचना विकास कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश

**सिंगरौली विधायक ने नगर निगम के विकास कार्यों की समीक्षा की**

**जागरण, वैढ़न।** सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह ने नगर निगम क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण एवं जनकल्याणकारी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र एवं सुनियोजित विकास के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा आमजन को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता हो।समीक्षा बैठक में विधायक श्री शाह ने पीजी कॉलेज परिसर में युवाओं की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान के निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होने से स्थानीय



खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिलेंगे तथा खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सिविक सेंटर के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने एवं निर्धारित समय-सीमा में उन्हें पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल ने अवगत कराया कि सिविक सेंटर निर्माण का प्रस्ताव महापौर परिषद से अनुमोदित होकर नगर निगम परिषद को भेजा जा चुका है। उन्होंने अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत छोटे.छोटे मोहल्लों तक पेयजल पाइपलाइन का विस्तार प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां भी पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़कें क्षतिग्रस्त हों वहां तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वर्षा ऋतु के मद्देनजर विधायक श्री शाह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर की सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए तथा जलभराव की संभावना वाले क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए नालियों की नियमित साफसफाई एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने डेंगूए मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से फॉगिंग एवं आवश्यकतानुसार कीटनाशकों का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। साथ ही नगर क्षेत्र में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल बदलने तथा सभी प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा।विधायक श्री शाह ने कहा कि नगर निगम द्वारा संचालित सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा जिन कार्यों में अनावश्यक विलंब हो रहा है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें तथा विकास कार्यों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखें। बैठक में महापौर ने बस स्टैंड सहित नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित कराने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं सामुदायिक भवनों के निर्माण कराने तथा नगर क्षेत्र में निराश्रित एवं आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने की नियमित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि नगर के विकास से जुड़े सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा निर्माण एजेंसियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी सिंगरौली सुरेश जाधव तहसीलदार श्रीमती सविता यादव नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर आर.पी.बैस कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय उपायुक्त वित्त अनुपम द्विवेदी पीएम कॉलेज ऑफएक्सीलेंस के प्राचार्य आर के झा सहायक यंत्री प्रवीण गौस्वामी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**फीफा वर्ल्ड कप फाइनल : रविवार रात अर्जेंटीना-स्पेन ट्राफी के लिए होंगी आमने-सामने**

# गेंमचेजर खिलाड़ी जिन्होंने अर्जेंटीना और स्पेन को फाइनल में पहुंचाया

*नई दिल्ली, जेएनएन। फीफा वर्ल्ड कप -2026 में 102 मुकाबले, 31 दिन और 46 टीमों के बीच हुए मुकाबले के बाद वर्ल्ड कप के लिए दो फाइनलिस्ट भिड़ंत के लिये तैयार हैं। डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार खिताबी मुकाबले में पहुंचा है, जबकि स्पेन 16 साल बाद फाइनल खेलेगा। दोनों टीमों के बीच 19 जुलाई की रात 12:30 बजे ट्रॉफी महामुकाबले के लिए आमने-सामने होंगी। फाइनल तक पहुंचने का रास्ता दोनों टीमों के लिए आसान नहीं रहा। कहीं आखिरी मिनट में मैच पलटा, कहीं एक्स्ट्रा टाइम में जीत मिली तो कहीं गोलकीपर ने शानदार बचाव कर टीम को बाहर होने से बचाया। अर्जेंटीना और स्पेन के इस सफर में 10 खिलाड़ी ऐसे रहे, जो जीत की सबसे बड़ी वजह बने।*

## अर्जेंटीना के टॉप-5 प्लेयर्स



**लियोनेल मेसी, कप्तान :** 39 साल के मेसी फिर अर्जेंटीना के सबसे बड़े मैच विनर साबित हुए। ग्रुप स्टेज में अल्जीरिया के खिलाफ हैट्रिक लगाई। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी सात मिनट में मेसी ने दो असिस्ट देकर मैच पलट दिया। उनके नाम पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 8 गोल हैं।



**एंजो फर्नांडीज, मिडफील्डर:** सेमीफाइनल में एंजो ने इंग्लैंड के खिलाफ 25 गज दूर से शानदार शॉट लगाकर बराबरी दिलाई। डिफेंस और अटैक के बीच तालमेल बैठाने, गेंद पर नियंत्रण रखने और खेल की रफ्तार तय करने में उनकी भूमिका बेहद अहम रही।



**लॉटारो मार्टिनेज, स्ट्राइकर:** इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच 1-1 से बराबरी पर था। लॉटारो बतौर सब्स्टिट्यूट खेलने उतरे। इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में उन्होंने हेडर से गोल कर अर्जेंटीना को लगातार दूसरे वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचा दिया।




**क्रिस्टियन रोमेरो, सेंटर बैक:** राउंड ऑफ-16 में मिस्र के खिलाफ अर्जेंटीना 0-2 से पीछे थी। 79वें मिनट में रोमेरो ने गोल कर वापसी की शुरुआत की और अगले 13 मिनट में टीम ने तीन गोल दागकर मैच पलट दिया।



**जूलियन अल्वारेज, स्ट्राइकर:** स्विट्जरलैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल एक्स्ट्रा टाइम तक खिंच गया था। 112वें मिनट में अल्वारेज ने बॉक्स के बाहर से शानदार गोल कर अर्जेंटीना को सेमीफाइनल का टिकट दिलाया।

## स्पेन के 5 गेमचेंजर



**उनाई सिमोन, गोलकीपर:** स्पेन के फाइनल तक पहुंचने की सबसे बड़ी वजह उसका मजबूत डिफेंस रहा और उस डिफेंस की सबसे मजबूत कड़ी गोलकीपर उनाई सिमोन रहे। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ एक गोल खाया। फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में एमबाप्पे के कई शॉट रोके।



**लामिन यमाल, राइट विंगर:** यमाल ने अपनी स्पीड और ड्रिब्लिंग से हर मुकाबले में डिफेंडरों को परेशान किया। फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने बॉक्स के अंदर फाउल हासिल किया, जिस पर मिले पेनल्टी को मिकेल ओयारजाबाल ने गोल में बदला।



**मिकेल ओयारजाबाल, स्ट्राइकर:** स्पेन की फुटबाल टीम के सबसे भरोसेमंद फिनिशर ओयारजाबाल ने सेमीफाइनल में पेनल्टी पर गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने पांच गोल और एक असिस्ट किया।



**पॉ क्यूबार्सी, डिफेंडर:** 19 साल के क्यूबार्सी ग्रुप स्टेज के हर मिनट मैदान पर रहने वाले इकलौते टीनएजर रहे। उन्होंने 295 में से 290 पास पूरे किए। एमबाप्पे और रोनाल्डो जैसे स्टार खिलाड़ियों के खिलाफ उनका प्रदर्शन शानदार रहा।



**पेड्रो पोरो, मिडफील्डर:** पोरो ने मिडफील्ड और अटैक के बीच सबसे मजबूत कड़ी का काम किया। छोटे-छोटे पास और बेहतरीन मूवमेंट से उन्होंने विपक्षी डिफेंस को लगातार तोड़ा। फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में दूसरा गोल कर स्पेन की फाइनल में जगह पक्की कर दी।

# फाइनल में मेस्सी अपने नाम कर सकते हैं बड़े रिकार्ड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लियोनेल मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना की टीम लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची है और अब इस टीम का सामना स्पेन के साथ होगा। अर्जेंटीना के पास अपने खिताब को डिफेंड करने का शानदार मौका है साथ ही लगातार दूसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनने का सुनहरा मौका भी है। मेसी ने अब तक अपनी टीम के लिए इस फुटबॉल वर्ल्ड कप में दमदार प्रदर्शन किया है और टीम को फाइनल तक पहुंचाने में उनका अहम योगदान रहा है। मेसी से फाइनल में अर्जेंटीना को बड़ी उम्मीदें रहेगी और वो इस मुकाबले में 5 बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम कर सकते हैं।




**मेस्सी से अर्जेंटीना को हैं बड़ी उम्मीदें**

- मेसी जो इस टूर्नामेंट में पहले ही आठ गोल कर चुके हैं और अगर स्पेन के खिलाफ वो गोल करते हैं तो वो फीफा वर्ल्ड कप फाइनल के इतिहास में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन सकते हैं।
- मेसी अगर फाइनल में गोल करते हैं तो वह एक ही वर्ल्ड कप में किसी अर्जेंटीना के खिलाड़ी के सबसे ज्यादा गोल करने के गिलर्मो स्टाबिले के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को भी तोड़ देंगे।
- मेसी अगर फाइनल में गोल करते हैं तो टूर्नामेंट में उनके गोल की संख्या 9 हो जाएगी। इसके साथ ही वह वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के किसी खिलाड़ी द्वारा सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे।
- लियोनेल मेसी फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में स्पेन के खिलाफ गोल करते हैं तो वह ऐसे छठे खिलाड़ी बन जाएंगे।

### फाइनल से पहले न्यूयॉर्क के आसमान पर खतरनाक धुआं

**न्यूयार्क, जेएनएन।** फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल से पहले कनाडा में लगी जंगलों की आग का धुआं न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी एरिया तक पहुंच गया है। रविवार को अर्जेंटीना और स्पेन के बीच होने वाले फाइनल मुकाबले पर इसका असर पड़ेगा या नहीं, इसे लेकर अभी भी अनिश्चितता की स्थिति है। लेकिन, प्लेयर्स और फैंस की हेल्थ फीफा की बड़ी चिंता है। हालांकि, मौसम एजेंसियों ने मैच के दिन वायु गुणवत्ता में सुधार की संभावना जताई है। फाइनल देखने के लिए 80 हजार फैंस आएंगे। न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी एरिया की एयर क्वालिटी मॉडरेट से खराब है।

**भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में तीसरा निर्णायक वनडे आज**

# 22 साल के सूखे को खत्म करना चाहेगी मेन इन ब्लू टीम

### दो मैचों में नाकाम रहे 'हिटमैन' खुद को साबित करना चाहेंगे

**लंदन, जेएनएन।** भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक तीसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिये जब रविवार को लॉर्डस पर उतरेगी तो समूचे क्रिकेट जगत की नजरें 'हिटमैन' रोहित शर्मा पर लगी होंगी। तमाम अटकलों के बीच बीसीसीआई ने साफ तौर पर कहा है कि यह रोहित के कैरियर का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं होगा लेकिन पहले दो मैचों में नाकाम रहे भारत के पूर्व कप्तान खुद को साबित जरूर करना चाहेंगे। फ्रंटफुट पर बेहतरीन पूल शॉट खेलने और स्पिनरों को मैदान के चारों ओर खेलने वाले रोहित इस श्रृंखला में उस लय में नहीं दिखे जिससे इन अटकलों को बल मिला कि 39 वर्ष का यह दिग्गज अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाला वनडे विश्व कप नहीं खेल सकेगा। कार्डिफ की कठिन पिच पर रोहित ने नौ डॉट गेंदें खेली जिसके बाद आउट हो गए। 'क्रिकेट का घर' कहे जाने वाले लॉर्डस पर बल्लेबाजों की मददगार पिच पर शायद उन्हें लय हासिल करने में मदद मिले। बतौर कप्तान रोहित ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए हमेशा पावरप्ले में जोखिमभरे शॉट्स खेले हैं । उनके प्रशंसक रविवार को उसी रोहित को देखना चाहते हैं। पहले दस ओवर में उन्हें जोफ्रा आर्चर की तूफानी गेंदों का सामना करना होगा।




### उछलती गेंदों के सामने कमजोर रहे भारतीय बल्लेबाज

कप्तान शुभमन गिल भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे जो सोफिया गार्डंस पर आसानी से आउट हो गए थे। दूसरी ओर विराट कोहली का शानदार फॉर्म बरकरार है। वह बृहस्पतिवार को दूसरे शतक की ओर बढ रहे थे लेकिन आर्चर की गेंद पर आउट हो गए जिसके बाद भारत का मध्यक्रम ढह गया और टीम को पराजय का सामना करना पड़ा। अब भारतीय टीम उससे सबक लेकर उतरेगी। केएल राहुल की जगह उतरे ईशान किशन शॉर्ट गेंद पर विकेट गंवा बैठे। उछलती गेंदों के सामने भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी जाहिर हो गई। श्रेयस अय्यर ने मध्यक्रम में अच्छा खेला और आदिल रशीद के साथ स्पिनरों का बखूबी सामना किया।

**कुलदीप का मिलेगा मौका:** गेंदबाजी में कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है क्योंकि वॉशिंगटन सुंदर चोटिल हैं। रविंद्र जडेजा की गैर मौजूदगी में अक्षर पटेल ने स्पिन हरफनमौला का काम अच्छे से किया है। भारतीय गेंदबाजों को जो रूट के बल्ले पर अंकुश लगाना होगा जो कोहली की तरह रन बनाये जा रहे हैं। रूट के अलावा इंग्लैंड के बाकी बल्लेबाजों ने कुछ खास नहीं किया है।

**लॉडर्स 2004 से वनडे नहीं जीत सका भारत:** कार्डिफ में इंग्लैंड की जबरदस्त वापसी के बाद तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पलटकर देखा जाये तो लॉर्ड्स ने भारत को कुछ सबसे यादगार पल दिये है जैसे 1983 में कपिल देव का वर्ल्ड कप उठाना हो या 2002 में नेटवेस्ट ट्रॉफी जीतने के बाद सौरव गांगुली का शर्ट लहराकर जश्न मनाना। फिर भी, उन यादों के बावजूद, भारत ने 2004 के बाद से इस मैदान पर कोई वनडे मैच नहीं जीता है। इस लिये रविवार को यहां होने वाले मुकाबले का महत्व और बढ़ जाता है।

### पाक टीम की कमान अब मुनीबा अली संभालेंगी

**लाहौर, जेएनएन।** पाकिस्तान की महिला राष्ट्रीय चयन समिति ने शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ 3 वनडे और इतने ही टी20 मुकाबलों की सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीमों की घोषणा की। ये 6 मैच 23 जुलाई से 4 अगस्त तक हंबनटोटा में आयोजित होंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज मुनीबा अली सिद्दीकी को श्रीलंका के आगामी दौरे के लिए पाकिस्तानी महिला टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। नियमित कप्तान फातिमा सना टी20 सीरीज का हिस्सा नहीं हैं, क्योंकि वह इंग्लैंड में 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट खेलेंगी। दोनों देशों के बीच 23 जुलाई, 25 जुलाई और 28 जुलाई को वनडे मैच खेले जाएंगे, जिसके बाद 31 जुलाई, 2 अगस्त और 4 अगस्त को टी20 मुकाबलों का आयोजन होगा।



# शतक के लिए अपने खेलने का अंदाज नहीं बदलूंगी: यास्तिका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया का कहना है कि उन्होंने लॉर्ड्स में अपनी ऐतिहासिक शतकीय पारी के दौरान अपने बल्लेबाजी के अंदाज में कभी बदलाव लाने की कोशिश नहीं की।

भाटिया ने कहा कि भारत के आक्रामक क्रिकेट ब्रांड पर टिके रहना उनके लिए निजी उपलब्धियों से ज्यादा अहम है। बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) द्वारा शनिवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईएएनएस के एक सवाल का जवाब देते हुए भाटिया ने कहा, 'मैंने शतक के बारे में ज्यादा नहीं सोचा था। मेरा मकसद था कि मैं अपने हिसाब से खेलूंगी और आक्रामक क्रिकेट खेलूंगी। बेशक में 80 या 90 रन के आस-पास रहूं, लेकिन गेंद को उसकी मेरिट के हिसाब से खेलूंगी।

मैं सिर्फ शतक बनाने के लिए अपने खेलने का अंदाज नहीं बदलूंगी। ' यास्तिका ने अपने शतक को व्यक्तिगत से ज्यादा टीम की उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन सालों से हम सकारात्मक क्रिकेट खेल रहे हैं।




## खेल एक नजर

**फीफा विश्वकप 2026**

### अमेरिका को लगा 98,000 करोड़ का करारा झटका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** क्या कोई खेल किसी देश की अर्थव्यवस्था को अरबों रुपये का नुकसान पहुंचा सकता है? फीफा वर्ल्ड कप के दौरान अमेरिका में कुछ ऐसा ही देखने को मिला। फीफा वर्ल्ड कप का क्रेज लोगों के सिर ऐसा चढ़ा कि मैच देखने के लिए लाखों की संख्या में कर्मचारियों ने सिक लीव का बहाना बनाकर धड़ाधड़ छुट्टी लेनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं, कई लोग देर से ऑफिस पहुंचे तो कुछ काम खत्म होने से पहले बीच में ही निकल गए। इसका नतीजा यह हुआ कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था को करीब 98,000 करोड़ का झटका लगा। ह्यूमन रिसोर्स सॉफ्टवेयर कंपनी यूकेजी के अनुमान के मुताबिक, फीफा वर्ल्ड कप की वजह से अमेरिकी कंपनियों की प्रोडक्टिविटी में इतनी गिरावट आई कि अर्थव्यवस्था को करीब 11.7 अरब डॉलर यानी करीब 98,000 रुपए करोड़ का नुकसान हुआ। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगर पूरी दुनिया की बात करें तो यह नुकसान 17 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। वर्ल्ड कप के दौरान कई कंपनियों में अटेंडेंस घट गई। कई कर्मचारी छुट्टी पर रहे, कई देर से ऑफिस पहुंचे और कुछ लोग काम खत्म होने से पहले ही निकल गए ताकि वे मैच देख सकें। इसका सीधा असर कंपनियों की रोजमर्रा की कार्यप्रणाली और उत्पादकता पर पड़ा।

### फीफा अध्यक्ष ने किया 57,700 मील का सफर

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने 2026 वर्ल्ड कप के दौरान अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में अब तक करीब 57,700 मील की हवाई यात्रा की है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कतर एयरवेज के संचालित लग्जरी गल्फस्ट्रीम जी६५० ईआर विमान से यात्रा की। टूर्नामेंट खत्म होने तक वे 104 में से लगभग आधे मैचों में मौजूद रहेंगे। 2026 वर्ल्ड कप पहली बार 48 टीमों के साथ खेला जा रहा है, जिसमें रिकॉर्ड 104 मुकाबले हो रहे हैं। इन्फेंटिनो ने तीनों मेजबान देशों में ज्यादातर मैचों में हिस्सा लिया है। उनकी कुल हवाई यात्रा पृथ्वी के भूमध्य रेखा के लगभग ढाई चक्कर लगाने के बराबर है।




# फाइनल की रात दिल्ली में चार बजे तक खुलेंगे कैफे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मुकाबले से पहले पूरी दुनिया की नजरें अर्जेंटीना और उसके कप्तान लियोनेल मेसी पर टिकी हैं. इसी बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने फुटबॉल प्रेमियों के उत्साह को देखते हुए एक विशेष सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया है।

उन्होंने कहा कि इतिहास बनाने वाले मेसी को देखने का यह एक और यादगार मौका है और इस 'फुटबॉल की सबसे बड़ी रात' का आनंद लेने के लिए दिल्ली तैयार है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार के 24×7 बिजनेस फ्रेंडली ऑपरेटिंग फ्रेमवर्क के तहत रेस्तरां, कैफे और अन्य पात्र प्रतिष्ठान इस सप्ताहांत सुबह 4 बजे तक खुले रह सकेंगे, ताकि फुटबॉल प्रशंसक एक साथ फाइनल का आनंद ले सकें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर कहा कि दुनिया ने लियोनेल मेसी को इतिहास रचते हुए देखा है और अब इतिहास एक नई कहानी लिखने को तैयार है। उन्होंने फाइनल मुकाबले को 'ऐसी रात' बताया जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। इसी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार ने राजधानी में रेस्तरां, कैफे और अन्य पात्र व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सप्ताहांत में तड़के 4 बजे तक संचालन की सुविधा देने की बात कही है।



### 48 घंटे बाद मिलीं राइफल शूटर दमयंती

**कोलकाता, जेएनएन।** हावड़ा में लापता हुई राज्य स्तर की राइफल शूटर 15 वर्षीया दमयंती सेन करीब 48 घंटे बाद शनिवार तड़के सकुशल अपने घर लौट आई। रामकृष्णपुर लांच घाट के पास स्थानीय लोगों ने उसे घूमते देखा और इसकी सूचना उसके पिता ध्रुवज्योति सेन को दी। सूचना मिलने पर पिता वहां पहुंचे और बेटी को घर ले आए, हालांकि इन दो दिनों के दौरान दमयंती कहां थी, इस बारे में परिवार ने किसी तरह की जानकारी देने से इनकार कर दिया। पुलिस मामले में दमयंती व उसके स्वजनों से पूछताछ कर सकती है। मालूम हो कि दमयंती गुरुवार सुबह करीब नौ बजे अपने घर से दूध खरीदने निकली थी। उस समय उसने नाइट ड्रेस पहन रखी थी। वह अपना मोबाइल फोन लेकर नहीं निकली थी। रोज की तरह सुबह 10 बजे उसे अपने पिता के साथ शूटिंग अभ्यास के लिए जाना था। घर नहीं लौटने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की।



# कॉमनवेल्थ गेम्स: ओलिंपिक मेडलिस्ट चानू और लवलीना होंगी भारत की ध्वजवाहक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ओलंपिक मेडलिस्ट मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के उद्घाटन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। भारतीय ओलंपिक संघ ने शनिवार को इसकी घोषणा की। इस मल्टी-स्पोर्ट इवेंट का उद्घाटन समारोह 23 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों का यह सम्मान मिलना गर्व की बात है। फिलहाल दोनों खिलाड़ी यूनाइटेड किंगडम में ट्रेनिंग कर रही हैं। बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के उद्घाटन समारोह में भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह भारतीय दल के ध्वजवाहक थे। वहीं समापन समारोह में विश्व चैंपियन मुक्केबाज निखत जरीन और टेबल टेनिस के दिग्गज शरत कमल ने तिरंगा थामकर भारतीय दल की अगुआई की।



### चानू ने टोक्यो ओलिंपिक में सिल्वर जीता था

मीराबाई चानू 8 अगस्त को 32 साल की हो जाएंगी। वे करीब एक दशक से भारत की प्रमुख वेटलिफ्टर हैं। उन्होंने 2021 टोक्यो ओलंपिक में सिल्वर और 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। हालांकि वे 2024 पेरिस ओलंपिक में पदक नहीं जीत सकीं, लेकिन ग्लासगो में वे भारत की बड़ी उम्मीद हैं।



### लवलीना ने टोक्यो में ब्रॉन्ज जीता था

लवलीना बोरगोहेन ने टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इसके बाद उन्होंने 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड और 2023 हांगझू एशियाई खेलों में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। ग्लासगो में होने वाले इन खेलों में लवलीना को भारत की प्रमुख पदक दावेदारों में से एक माना जा रहा है।

**वनडे विश्वकप प्रारूप में बदलाव**

### एसोसिएट देशों और डब्ल्यूसीए ने आईसीसी की आलोचना की

**दुबई, जेएनएन।** अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप के प्रारूप में किए गए बदलावों को लेकर एसोसिएट देशों और विश्व खिलाड़ी संघ (डब्ल्यूसीए) ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह फैसला पहले उपलब्ध कराए गए अवसरों की मूल प्रकृति को ही बदल देता है। आईसीसी ने 2027 वनडे विश्व कप में भाग लेने वाली टीमों की संख्या 14 ही बरकरार रखी है। यह फैसला 2021 में लिया गया था जबकि 2019 और 2023 के विश्व कप में केवल 10-10 टीमें शामिल थीं। हालांकि, अब टूर्नामेंट के प्रारूप में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले 2027 वनडे विश्व कप में अब 12वीं, 13वीं और 14वीं रैंकिंग वाली टीमों के बीच 'सुपर सीरीज' खेली जाएगी।

**क्रिकेटर्स ने सर गैरी सोबर्स को दी श्रद्धांजलि**

# तेंदुलकर ने कहा- हमेशा याद रखेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिग्गज क्रिकेट सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली सहित कई दिग्गज क्रिकेटर्स ने वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर सर गैरी सोबर्स को श्रद्धांजलि दी है। एक दिन पहले वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को सर गैरी सोबर्स के निधन की जानकारी दी थी। 17 जुलाई को सोबर्स का 89 साल की आयु में निधन हो गया था। सोबर्स क्रिकेट के सबसे महान ऑलराउंडर्स में से एक थे। उन्होंने 1954 से 1974 तक वेस्टइंडीज के लिए 93 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 57.78 की औसत से 8,032 रन बनाए और 235 विकेट लिए। सोबर्स ने सबसे पहले एक ओवर की सभी 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाने का पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।



### सचिन तेंदुलकर- वन एंड ओनली

पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने सोबर्स के साथ बिताए यादगार पलों को याद करते हुए कहा कि क्रिकेट ने अपने 'वन एंड ओनली' महानायक को खो दिया है। सचिन ने एक्स पर लिखा कि सर गारफील्ड सोबर्स के निधन की खबर को स्वीकार करना बेहद मुश्किल है। वर्षों में उनके साथ बिताए कई पल आज बार-बार याद आ रहे हैं। सोबर्स वास्तव में 'वन एंड ओनली' थे। उनकी बहुत कमी खलेगी।

- **कपिल देव- मेरे जैसे कई प्लेयर्स को प्रेरित किया:** भारत को 1983 में पहला वर्ल्ड कप जिताने वाले पूर्व कप्तान कपिल देव ने सर गैरी सोबर्स को क्रिकेट इतिहास का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बताया। कपिल ने कहा- 'क्रिकेट को समझने वाला हर व्यक्ति सोबर्स का मुरीद है। वे इस खेल के इतिहास में पैदा हुए सबसे शानदार क्रिकेटर्स में से एक थे।'
- **गावस्कर- क्रिकेट के लिए सबसे दुखद दिनों में एक:** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने क्रिकेट के लिए यह सबसे दुखद दिनों में से एक है। सोबर्स वह खिलाड़ी थे, जैसा बनने का सपना हर बच्चा पहली बार बल्ला या गेंद हाथ में लेते समय देखता है। सोबर्स की यादें हमेशा उनके दिल में जिंदा रहेंगी।
- **विराट कोहली- विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी:** कोहली ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- 'क्रिकेट ने अपने सबसे महान खिलाड़ियों में से एक को खो दिया है।' विराट ने लिखा- 'सर गारफील्ड सोबर्स, आपको श्रद्धांजलि। उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।'

**54वीं सब जूनियर-मिनी ग्रुप राज्य तैराकी**

# 32 पदकों के साथ उपविजेता ट्रॉफी पर भोपाल ने किया कब्जा

**भोपाल, खेप्र।** इंदौर में आयोजित 54वीं सब जूनियर और मिनी ग्रुप राज्य तैराकी प्रतियोगिता में भोपाल 245 अंक लेकर उपविजेता बना। गर्ल्स ग्रुप-4 में तीशा पंथी व्यक्तिगत चैंपियन बनीं, प्रतियोगिता के तीसरे दिन भोपाल की टीम ने 3 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक कुल 7 पदक प्राप्त किए। तीशा पंथी ने अपने ग्रुप मेक 200 व्यक्तिगत मेडले स्पर्धा में स्वर्ण और 100 फ्री स्टाइल में रजत पदक प्राप्त किया, तेजस बाथम ने ग्रुप-3 में 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्ट्रोक में स्वर्ण और अरनब चौधरी ने भी बालक -2 में 100 फ्रीस्टाइल में स्वर्ण जीता, मौली आहुजा ने 200 बेक स्ट्रोक में रजत और 200 व्यक्तिगत मेडले में कांस्य पदक जीता एक अन्य कांस्य पदक अरनब कुशवाह ने 200 बेक स्ट्रोक में प्राप्त किया। इस तरह भोपाल ने तीन दिवसीय स्पर्धा में कुल 8 स्वर्ण, 17 रजत, 7 कांस्य पदक के साथ उपविजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। बीत तीन दिनों में अरनव चौधरी ने 2 गोल्ड, 3 सिल्वर और एक ब्रॉन्ज, तेजस बाथम ने 2 गोल्ड और 3 सिल्वर, त्रिशा पंथी ने 2 गोल्ड और 1 सिल्वर और धवित पाठक ने एक गोल्ड मैडल हासिल किया।



### अरनव चौधरी, तेजस बाथम और त्रिशा पंथी ने जीते 2-2 गोल्ड

### नशीली कैप्सूल तस्कर पवन उर्फचिराग साकेत को 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये का अर्थदण्ड

**सतना।** विशेष न्यायाधीश एन.डी.पी.एस एक्ट सतना पीठासीन अधिकारी शशिकांत वर्मा द्वारा थाना सिटी कोतवाली सतना के आरोपी पवन उर्फचिराग साकेत को दोषी पाते हुए कठोर सजा सुनाई गई है। मामले मे राज्य की ओर से पैरवी करने वाले एजीपी अखिलेश अवधिया ने बताया यह मामला 05.02.2024 का है जब पुलिस थाना सिटी कोतवाली सतना को मुखबिर से सूचना मिली थी कि धवारी तालाब मसान बाबा के पास एक युवक अवैध रूप से नशीली दवाओं की बिक्री करने की फिराक में है।

### लिटिल फ्लावर स्कूल में चलाया गया जन जागरूकता अभियान

**सतना।** नशा मुक्ति जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2. हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक डीपी सिंह चौहान एंव महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्वेता मौर्या एवं महिला थाना स्टाफके द्वारा जिले में नशा मुक्ति एंव जन.जागरूकता अभियान के अंतर्गत 18.07.26 को लिटिल फ्लावर पब्लिक हायर सेकेन्डरी स्कूल, उजाला नशा मुक्ति एंव पुनर्वास केन्द्र एंव महिला थाना परिसर सतना में नशा के प्रति जन जागरूकता संबंधी व्याख्यान एंव झुग्गी झोपडी व चिन्हित स्थान में नशा न करने के प्रति लोगो को एंव उनके परिवारजनो से मिलकर जागरूक किया गया।

# नाबालिग से छेड़छाड़ व मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## ताला पुलिस ने 48 घंटे के अंदर आरोपी को दबोचा, बाइक जप्त



जागरण, सतना

जिला मैहर पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना ताला पुलिस ने 48 घंटे के भीतर नाबालिग पीड़िता से छेड़छाड़ एवं मारपीट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं 01 विधि उल्लंघनकर्ता बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर के निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरपाटन सुश्री ख्याति मिश्रा के नेतृत्व में की गई। थाना प्रभारी ताला निरीक्षक महेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। 15 जुलाई को नाबालिग पीड़िता अपने परिजनों के साथ थाना ताला में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि स्कूल से लौटते समय रास्ते मे 02 अज्ञात लड़कों द्वारा उसके साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ की गई तथा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई।

**48 घंटे के भीतर त्वरित पुलिस कार्यवाही :** घटना की गंभीरता एवं नाबालिग पीड़िता के प्रकरण को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ताला के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपीगण की लगातार पतासाजी की गई। पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के फलस्वरूप घटना के 48 घंटे के भीतर ही आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया एवं घटना में प्रयुक्त नीले रंग की होंडा शाइन मोटरसाइकल क्रमांक एमपी 19 एनएफ 2274 को भी जप्त किया गया है तथा गिरफ्तारशुदा आरोपी एवं विधि उल्लंघनकर्ता बालक को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है तथा प्रकरण में अन्य वैधानिक कार्यवाही जारी है।

### ये आरोपी गिरफ्तार

कमल रावत पिता सुशील कोल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम ताला टिकुरी टोला थाना ताला जिला मैहर,घटना में संलिप्त 01 विधि उल्लंघनकर्ता बालक को अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस ने एक होण्डा साइन बाइक क्रमांक एमपी 19 एनएफ 2274 को जप्त किया है।

## उद्यम सखी बैच का समापन महिलाओं को मिला स्वरोजगार का प्रशिक्षण

**सतना।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) मैहर में शनिवार को उद्यम सखी प्रशिक्षण बैच का समापन समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। सात दिवसीय इस प्रशिक्षण में मैहर जिले के विभिन्न विकासखंडों से स्वसहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया। समापन कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक समीर सुनील दत्त टोप्पो ने महिलाओं को स्वरोजगार की संभावनाओं की जानकारी देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में फैकल्टी मनीष नामदेव, फैकल्टी शुभांगी ताम्रकार, सहायक हिमांशु त्रिपाठी, अतुल नामदेव उपस्थित रहे। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत संचालित इंडियन बैंक आरसेटी मैहर में यह प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक, लगातार सात दिनों तक चला। कुशल प्रशिक्षकों द्वारा महिलाओं को उद्यम से जुड़ी बारीकियों, स्वरोजगार शुरू करने की प्रक्रिया, तथा ग्राहकों व व्यापारियों के साथ प्रभावी संवाद कौशल की जानकारी दी गई, ताकि वे स्वावलंबी उद्यमी बनकर आत्मनिर्भर हो सकें। समापन समारोह में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली सभी महिलाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। गौरतलब है कि यह केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा है, जिसके तहत देशभर में महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार के प्रति सक्षम बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मैहर में भी उद्यम सखी बैच का आयोजन कर महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया, जिसका समापन हुआ।

# चाकू की नोक पर लूट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

## कोलगवां पुलिस ने कार्यवाही कर दबोचा



**जागरण, सतना।** चाकू की नोक पर लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश एएसपी गौरव पाण्डेय और सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां पुलिस द्वारा की गई है।

**ये है विवरण :** 17 जुलाई को फरियादी नीरज गुप्ता पिता रामभान गुप्ता उम्र 37 वर्ष निवासी घूरडांग थाना कोलगवां जिला सतना ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 16 जुलाई को घूरडांग से रेल्वे स्टेशन सायकल से पेपर लेने के लिए जा रहा था । जैसे ही वह सरस्वती चौराहा चंचल वस्त्रालय के सामने कृष्णनगर पहुचाँ तो मेरे पीछे से सेमरिया चौराहा तरफ से एक मोटर सायकल मे तीन लोग आये मेरे को रोककर पैसा माँगे मै पैसा देने से मना किया तो मोटर सायकल मे पीछे बैठा व्यक्ति मुझे चाकू दिखाकर डराने लगा तथा बीच मे बैठा व्यक्ति मोटर सायकल से उतरकर आया और मेरे जेब से 5000 रूपये निकाल लिया । पैसा वापस मांगने पर वो लोग चाकू दिखाकर बोलने लगे कि चुप रहना नही तो चाकू मार दूंगा । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोलगवां में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। कई सीसीटीवी कैमरे भी पुलिस ने खंगाले मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर तीन लोगों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। जिनके द्वारा घटना घटित करना स्वीकार किए। पुलिस द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए तीनों के कब्जे से लूटा गया मशरुका जप्त किया जाकर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### ये आरोपी गिरफ्तार

प्रविन्दर सिह पिता भजन सिह उम्र 32 वर्ष निवासी कृष्ण नगर वार्ड न 22 सतना, विकास गुप्ता पिता अशोक गुप्ता उम्र 20 वर्ष निवासी नई वस्ती वार्ड न 14 सतना थाना कोलगवा जिला सतना एवं एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटर साइकल, 5 हजार रूपये नगद और चाकू जप्त किया है।












## तेंदुए के हमले से तीन भेड़ों की मौत

**सतना।** कोठी क्षेत्र में तेंदुए की दहशत लगातार बढ़ती जा रही है। शुक्रवार की देर रात मौहार गांव में एक जंगली जानवर ने घर के सामने खेत में बने बाड़े में घुसकर भेड़.बकरियों पर हमला कर दिया। हमले में तीन भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं। तीन अन्य भेड़ें अभी भी लापता हैं। घटना के बाद पूरे गांव में डर का माहौल बना हुआ है।

**रात में बाड़े में घुसकर किया हमला :** जानकारी के अनुसारए मौहार गांव निवासी पशुपालक दीपेंद्र पाल ने अपने घर के सामने खेत में बाड़ा बना रखा था जहां भेड़.बकरियां बंधी हुई थीं। शुक्रवार रात करीब 12 बजे अचानक भेड़ों के तेज आवाज में मिमियाने की आवाज सुनाई दी। दीपेंद्र पाल ने जब बाहर देखा तो उन्हें तेंदुए जैसे जंगली जानवर को भेड़ों के झुंड पर हमला करते हुए दिखाई दिया। डर के कारण परिवार का कोई भी सदस्य उस समय बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सका।

**वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर की जांच :** घटना की सूचना मिलने के बाद ट्रेनी रेंजर पराग जैन वन अमले के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने आसपास के क्षेत्र में जांच की और तलाशी अभियान चलाया। जांच के दौरान गीली मिट्टी में मिले पगमार्क प्रथम दृष्टया तेंदु के पाए गए हैं। वन विभाग अब पूरे मामले की जांच कर रहा है। वन विभाग के पशु चिकित्सक ने मौके पर पहुंचकर घायल भेड़ों का इलाज किया। विभाग की ओर से घटना का पंचनामा तैयार कर लिया गया है।

# प्रभारी मंत्री ने मैहर में किया जिला प्रशासन के नवाचार रूपांतरण मैहर का शुभारंभ

## प्रथम चरण में सीएसआर मद से सुसज्जित नवीनीकृत 6 आंगनवाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण

**जागरण, सतना।** मैहर जिले में विकास के रंग-जनसभागिता के संग के सूत्र वाक्य पर जिला प्रशासन द्वारा रूपांतरण मैहर का नवाचार प्रारंभ किया गया है। नवाचार के प्रथम चरण में सीएसआर मद से नवीनकृत सुसज्जित 6 आंगनवाडी केन्द्रों का लोकापर्ण शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला परिसर पटेहरा वार्ड क्रमांक-4 मैहर में जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने की। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत सदस्य तारा विजय पटेल, कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, एसडीएम दिव्या पटेल, सीएसपी महेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र बांगरे, संतोष सोनी, विकास तिवारी सहित सीएसआर पार्टनर उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया गया नवाचार नवगठित मैहर जिले को खूबसूरत और बहुआयामी स्वरूप देने में मददगार होगा। उन्होंने कलेक्टर मैहर के नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि मैहर जिला तेजी के साथ प्रगति की राह पर अग्रसर है। कलेक्ट्रेट भवन, जिला पंचायत भवन का कार्य तीव्र गति से हो रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों से जुडकर लाखों महिलायें आत्मनिर्भर हुई है। रूपांतरण मैहर के मैहर डाल्स से जुडकर समूह की दीदीयां और भी आर्थिक रूप से सशक्त होगी। प्रभारी मंत्री ने अल्ट्राटेक सीमेंट मैहर, अल्ट्राटेक सीमेंट बंधवार, आरसीसीपीएल भरौली के सीएसआर मद से नवीनीकृत सुसज्जित 6 आंगनवाडी केन्द्रों गोलामठ, किला रोड, उदयपुर, पटेहरा, उत्तर दरवाजा और मानपुर 2 का एक साथ लोकार्पण किया।

# सतना में स्वच्छता का महा अभियान सुबह-सुबह चमके 23.6 किमी मुख्य मार्ग

## लापरवाही पर 2 दिन के वेतन कटौती का आदेश जारी



**जागरण, सतना।** शहर को पूर्णतः स्वच्छ सुंदर और रोगमुक्त बनाने के संकल्प के साथ नगर पालिक निगम सतना ने एक ऐतिहासिक महा.सफाई अभियान को अंजाम दिया है। महापौर योगेश ताम्रकार और निगमायुक्त शेर सिंह मीना के सख्त निर्देशों पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन सफाई कार्य युद्धस्तर पर जारी है। स्वास्थ्य अधिकारी ए पी सिंह के कुशल मार्गदर्शन मेंए आज सुबह चले इस विशेष अभियान के तहत शहर के मुख्य मार्गों और डिवाइडरों की सफाई का लगभग 23७6 किलोमीटर का बड़ा लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया गया है।

**इन प्रमुख मार्गों की बदली तस्वीर :** सुबह चले इस महा.अभियान के तहत शहर के कई प्रमुख रास्तों को पूरी तरह से साफ किया गया है। सिमरिया चौराहा से माधवगढ़ गेट तक 7.2 किलोमीटर, सिटी कोतवाली से धवारी चौराहा होते हुए सिविल लाइन तक 6.4 किलोमीटर, सर्किट हाउस से येलो चिल्ली तक 5.5 किलोमीटर, कोलगवां से संतोषी माता मंदिर तक 2.1 किलोमीटर, सिमरिया चौराहा से सर्किट हाउस चौराहा तक 1.4 किलोमीटर, सर्किट हाउस से रेलवे स्टेशन तक 1.0 किलोमीटर, इस शानदार लक्ष्य को हासिल करने पर स्वास्थ्य विभाग ने सभी सफाई मित्रों, सिपाहियों, दरोगाओं, इंस्पेक्टरों एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी की अथक मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें विशेष बधाई दी है।

### 2 दिन के वेतन कटौती का आदेश जारी

एक ओर जहां यह अभियान सफलता के झंडे गाड़ रहा हैए वहीं कुछ वार्डों से लापरवाही की तस्वीरें भी सामने आई हैं। स्वास्थ्य अधिकारी महोदय जी ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सख्त आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि कुछ क्षेत्रों में गंभीरता से सफाई नहीं कराई गई है और वहां अभी भी कचरे व मिट्टी के ढेर लगे हुए हैं। इसे देखते हुए प्रशासन ने कड़े कदम उठाते हुए निम्नलिखित स्पष्ट आदेश जारी किए हैं। सघन निरीक्षण सोमवार और मंगलवार को स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा स्वयं वार्ड नंबर 1 से 45 तक के मुख्य मार्गों एवं चौराहों का बारीकी से निरीक्षण किया जाएगा। यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी क्षेत्र में कार्य अपूर्ण पाया गया या गंदगी मिली तो उस वार्ड के संबंधित सिपाहीए दरोगा और इंस्पेक्टर का 2 दिन का वेतन काटा जाएगा। इसकी पूरी जवाबदेही संबंधित कर्मचारियों की ही होगी। अधिकारियों ने कार्य में सुधार के लिए संबंधित कर्मचारियों को 1 दिन का अतिरिक्त समय दिया है।

# ग्राम उसरार में पीसीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का राज्यमंत्री ने किया भूमिपूजन



**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शनिवार को रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उसरार में निर्मित होने वाले पीसीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि यह निर्माण कार्य ग्रामवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। इससे न केवल बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी, बल्कि जल निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित होने से स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर और सुविधायुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।



















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com